सुप्रभात
रांची, मंगलवार
25.02.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 224



12 महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन

### न्यूज डायरी

### दिव्यांग मां के सामने ही बेटे ने की खुदकुशी

**खूंटी।** जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गारी बडका टोली के कुनुल तोपनो (36) वर्ष ने अपनी विकंलाग मां के सामने गले में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि कुनुल की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह हमेशा डिप्रेशन में रहता था। कुनुल की मां की आवाज सुनकर जब तक आसपास के लोग वहां पहुंचे, तब तक कुनुल की मौत हो चुकी थी। जरियागढ पुलिस रविवार शाम में शव का पंचनामा कर उसे थाना ले गये। सोमवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिवार में विकलांग मां, पत्नी और सात वर्ष की एक बेटी है।

### दिवंगत आत्माओं को सदन में दी शब्द्धांजलि

**रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन शोक प्रकाश के दौरान प्रमुख दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, सीएम हेमंत सोरेन, भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत अन्य दल के प्रमुख सदस्यों ने दिवंगतों को याद किया। वहीं प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ की वजह से जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के मौत की घटना को पीड़ादायक बताते हुए शोक व्यक्त किया गया।

### विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मार्च से

**रांची।** झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जायेगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे। संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे। संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकि सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे।

### महाकुंभ पर जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि दिखी : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सपा सदस्यों पर जमखर निशाना साधा। कुंभ के बारे में दुष्प्रचार पर सपा को आड़े हाथों लिया। सीएम योगी ने कहा, कि कुम्भ के बारे में जैसी आपकी दृष्टि थी, वैसी सृष्टि नजर आयी। हम लोग कुम्भ के संदेश को एकता के संदेश के रूप में देखते हैं। सीएम योगी ने कहा कि महाकंभ में कुछ लोगों को सबकुछ गलत ही नजर आता है।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 80200 रु./10 ग्राम
चांदी : 100000 रु./प्रति किलो




## बजट सत्र शुरू, अभिभाषण में राज्यपाल ने गिनायी सरकार की उपलब्धियां, कहा

# हमारी सरकार जनता के दिलों में बसती है

खबर मन्त्र ब्यूरो





**रांची।** षष्ठम झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं का खाका रखा। करीब एक घंटा के संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार जनता के दिलों में बसती है। सरकार ने सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के मूल मंत्र को लक्ष्य बनाया है। झारखंड को हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया है। आने वाले दिनों में यह दिखेगा। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास और मंईयां सम्मान जैसी योजनाओं के लाभार्थी अपने जीवन में आये बदलाव की कहानी सुना रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का जिक्र करते हुए कहा कि दिसंबर 2024 तक 56.61 लाख महिलाओं के खाते में 3252 करोड़ से अधिक ट्रांसफर की जा चुकी है। दिसंबर माह से लाभुकों को 2500 रुपये दिये जा रहे हैं।

**झूठ का पुलिंदा : विपक्ष :** इस बीच विपक्षी सदस्यों ने टोका-टोकी की। भाजपा के सीपी सिंह व डॉ नीरा यादव ने अभिभाषण को झूठ का पुलिंदा करार दिया। इसपर भाजपा विधायकों ने सरकार के खिलाफ हूटिंग और इसे झूठ का पुलिंदा बताया।

**रोजगार सृजन प्राथमिकता :** अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि राज्य में रोजगार सृजन सरकार की प्राथमिकता है। बेरोजगार युवाओं को निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार के अवसर के उद्देश्य से 81 भर्ती कैंप और 63 रोजगार मेला का आयोजन हो चुका है। 8499 युवाओं को रोजगार के लिए चुना गया है। स्किल कॉनक्लेव में 21861 प्रशिक्षणार्थियों को जॉब ऑफर दिया गया है।

**उद्योंगों का बढ़ावा :** राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार ने औद्योगिक विकास को बढ़ाने के कई कदम उठाये हैं। एमएसएमई प्रोत्साहन नीति 2023 और झारखंड निर्यात प्रोत्साहन नीति 2023 अधिसूचित की गयी है। राज्य में फूड और फीड प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए झारखंड खाद्य एवं फीड प्रसंस्करण उद्योग नीति 2024 का सूत्रण किया गया है। एक जिला एक उत्पाद पहल के तहत करीब 163 करोड़ की लागत से राजधानी में यूनिटी मॉल स्थापित किया जा रहा है। राज्य में 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा दी जा रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### भ्रष्टाचार, अपराध पर अंकुश

राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष भ्रष्टाचार के आरोपों में कुल 59 केस दर्ज किये गये हैं। इनमें से 42 केस का निष्पादन हो चुका है। भ्रष्टाचार मामले में 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। 09 नक्सली मुठभेड़ में मारे गये हैं। साथ ही 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर अपराध में 898 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 66 करोड़ से ज्यादा की राशि को फ्रीज करते हुये पीड़ितों को 3 करोड़ से ज्यादा राशि उपलब्ध करायी गयी है।

### सरकार को किसानों की चिंता

राज्यपाल ने अपने कहा कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1.82 लाख किसानों का 403 करोड़ का ऋण माफ किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2 लाख रुपये तक के स्टैंडर्ड ऋणी कृषकों के लिये ऋण माफी योजना शुरू की गयी है। अब तक 1.7 लाख किसानों का 366 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया जा चुका है। सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर की दर से कुल 47 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा चुकी है।

## एनडीए की सरकारें ही कृषि हित को प्रतिबद्ध : पीएम मोदी

# पूर्वी क्षेत्र ही भारत के विकास का इंजन

### जो चारा तक खा गये उनसे कोई उम्मीद नहीं

खबर मन्त्र ब्यूरो



बिहार के बाद असम पहुंचे पीएम मोदी के समक्ष वहां चाय बागान क्षेत्रों के 8600 कलाकारों ने गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में एक साथ *झुमोइर बिनंदिनी* नृत्य पेश कर इतिहास रच डाला। असम सरकार ने असम चाय उद्योग के 200 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम आयोजित किया था। पीएम मोदी के अलावा 60 देशों के राजदूतों ने झुमुर नृत्य का आनंद उठाया।

**भागलपुर।** पीएम मोदी ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी क्षेत्र विकास का इंजन बनेगा और इसमें बिहार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। वह भागलपुर में किसान निधि सम्मान योजना की 19 वीं किस्त जारी करने के बाद किसानों की रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्वी क्षेत्र विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रोथ इंजन बनने की काफी संभावनाएं हैं। इसमें बिहार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पूर्वी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के बिना भारत एक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। उन्होंने महाकुंभ पर सवाल उठाने वाले लोगों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अयोध्या के राम मंदिर से चिढ़ने वाले अब महाकुंभ को भी कोस रहे हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# प्रश्नपत्र लीक मामला विपक्ष की साजिश : मंत्री सुदिव्य

### जल्द करेंगे खुलासा, सरकार की प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पहले ही दिन हेमंत सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जैक की मैट्रिक परीक्षा में विज्ञान और हिंदी के पेपर लीक के पीछे विपक्षी दलों की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने जानबूझ कर प्रश्नपत्र लीक कराया, ताकि सरकार की प्रतिष्ठा धूमिल की जा सके। मंत्री ने साफ कर दिया है कि सदन के अंदर सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को उसी के अंदाज में जवाब देने को तैयार हैं। विधानसभा के सभावेश्म में प्रवेश करने से पहले मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हेमंत सरकार पर इसी तरह के अनर्गल आरोपों की वजह से जनता ने विपक्ष को विधानसभा चुनाव में झटका दिया है। मंत्री ने कहा कि अगर विपक्ष का यही रवैया जारी रहा तो भाजपा की गति भविष्य में और खराब होगी।

### डीजीपी ने लीक मामले की समीक्षा की

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले के संबंध में की समीक्षा बैठक की। बैठक के क्रम में डीजीपी ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की वर्तमान स्थिति, जांच में हुई प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखने पर बल दिया। उन्होंने इस मामले की जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान में डिजिटल तकनीकी का उपयोग कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करें। भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इस पर विशेष ध्यान रखें। बैठक में डीजीपी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रश्न पत्र केन्द्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया समझें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेपर लीक कहां से हुआ। इस पूरे प्रकरण के मुख्य अभियुक्त/साजिशकर्ता को चिन्हित करें। बैठक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक में पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, गढ़वा समेत कई जिलों के वरिष्ठ पुलिस अफसर जुड़े थे।

## अवैध निकासी का खुलासा : कोल्हान विवि घोटाले में महिला समेत तीन गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** कोल्हान विश्व विद्यालय के टाटा कॉलेज के बैंक से 1.58 करोड़ राशि फजीर्वाड़ा के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से कुल 14 लाख 80 हजार रुपए नगद भी बरामद किया गया। कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के कुलसचिव ने मुफस्सिल थाना चाईबासा में एक आवेदन दिया था।

आवेदन में कोल्हान विवि चाईबासा के बैंक एकाउंट से अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा 1 करोड़ 58 लाख 96 हजार 800 रुपए की अवैध निकासी करने का उल्लेख किया गया था। घटना को गंभीरता से देखते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की गयी।

इस दौरान घटना में संलिप्त अभियुक्तों की पहचान के लिए पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर द्वारा एसआईटी का गठन किया गया था। कांड के उद्भेदन के लिए विशेष छापेमारी दल का गठन कर ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, रामगढ़, रांची और बोकारो जिला में भेजा गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में तीन 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए कुल 14 लाख 80 हजार रूपए नगद, 5 मोबाइल फोन, 1 एटीएम और 73 पीस बैंक चेक बरामद किया गया। चाईबासा पुलिस के द्वारा अनुसंधान करते हुए राज्य और राज्य के बाहर विभिन्न बैंक से संपर्क कर इस कांड में अवैध रूप से निकासी किए गए 1 करोड़ 58 लाख 96 हजार 800 रूपए में से लगभग 93 लाख रूपए को डेबिड फ्रीज करवाया गया। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चाइबासा पुलिस टीम के द्वारा लगातार छापेमारी जारी है।

## पाक में चैंपियंस ट्रॉफी पर आतंकी खतरे का साया

**पाक खुफिया एजेंसी ने जारी की चेतावनी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चल रही आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का इस्लामिक स्टेट के आतंकी संगठन का साया मंडराने लगा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने संभावित खतरे के बारे में चेतावनी जारी की है। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) पाकिस्तान में मैच देखने आये विदेशी नागरिकों का अपहरण करने या उनसे मोटी रकम ऐंठने की योजना बना रहे है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ने इस बारे में भी चेतावनी दी है। 1996 के करीब तीन दशक बाद पाकिस्तान किसी बड़े टूनार्मेंट की मेजबानी कर रहा है। सिर्फ भारत अपना मैच दुबई में खेल रहा है, क्योंकि उन्होंने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया था। टूनार्मेंट शुरू होने के बाद से मेजबान पाकिस्तान पहले ही कई विवादों में फंस चुका है। भारत का झंडा न लगाने से लेकर, इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया मैच के दौरान गलती से भारतीय राष्ट्रगान

# आदिवासी स्कूल हॉस्टल में आग, छात्रावास राख

### बालबाल बचे बच्चे, सभी क्लास में पढ़ाई कर रहे थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** छिपादोहर प्रखंड में संचालित अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में सोमवार को अचानक आग लग गयी। आग इतनी भीषण थी कि कक्षा 5 का हॉस्टल पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि जिस समय आग लगी थी, उस समय बच्चे क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे। इस कारण बच्चों को कोई क्षति नहीं हुई। हालांकि आग कैसे लगी इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। दरअसल अनुसूचित जनजाति बालक आवासीय विद्यालय छिपादोहर में सोमवार को स्कूल की कक्षा चल रही थी। इसी दौरान हॉस्टल के एक कमरे से धुंआ निकलता देखकर स्कूल में हड़कंप मच गया। जब लोगों ने हॉस्टल में जाकर देखा तो हॉस्टल के एक कमरे में भयानक आग लगी हुई थी। कमरे में रखे बेड, टेबल, कुर्सी और अन्य सामान जल रहे थे। स्कूल के कर्मियों तथा अन्य लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, पर आग इतनी भीषण थी कि काबू पाना काफी मुश्किल हो गया। हालांकि बाल्टी में पानी भर-भर कर कमरे में लाई गयीं और आग बुझाने का प्रयास किया गया, परंतु जब तक आग बुझ पाती तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया था।

## देवघर शिवबारात को लेकर पर्यटन विभाग की तैयारी जोरों पर

# बाबा के पंचशूल छूने भक्तों की उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता



**देवघर।** महाशिवरात्रि को लेकर देवघर और बासुकीनाथधाम में तैयारी जोरों पर है। इसी को देखते हुए बाबाधाम में सोमवार को मंदिर में लगे सभी पंचशूलों को उतारा गया। विधिवत पूजा के साथ शिवरात्रि के दिन सभी पंचशूलों को पुनः मंदिर के गुंबदों पर लगाया जायेगा। इसको लेकर सोमवार को बैजू परिवार के लोगों ने मंदिर के ऊपर लगे पंचशूलों को खोलने का काम किया। देवघर का शिव बारात काफी चर्चा में रहता है। शिवरात्रि से पहले ही पूरे राज्य के लोगों में देवघर की शिव बारात को लेकर उत्साह बना रहता है। इस वर्ष शिव बारात के मेले को लेकर देवघर वासी भी उत्सुक हैं, क्योंकि पहली बार शिव बारात को राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शिवरात्रि के दिन निकलने वाली शिव बारात को लेकर जिला प्रशासन और राज्य सरकार खुद अपनी निगरानी बनाकर रखी है।

**पंचशूल सुरक्षित रखा गया :** सरदार पंडा की मौजूदगी में पंचशूल को खोलकर जब नीचे लाया गया तो विधि-विधान के साथ उसे मंदिर के सुरक्षित स्थान पर रखा गया। शिवरात्रि तक पंचशील की विधिवत पूजा की जायेगी। पंचशूल के नीचे उतरते ही मंदिर में जुटी भीड़ एक बार उसे छूने के लिए पंचशूल की तरफ टूट पड़ी। लोगों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मंदिर में मौजूद प्रशासन को भीड़ पर नियंत्रण करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**पर्यटन विभाग की तैयारी जोरों पर :** देवघर का शिव बारात काफी चर्चा में रहता है। देवघर की शिव बारात को लेकर उत्साह बना रहता है। इस वर्ष पहली बार शिव बारात को राज्य सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

### शिरात्रि के दिन फिर लगेगा पंचशूल

परंपरा के अनुसार हर वर्ष शिवरात्रि से पहले देवघर के बैद्यनाथ धाम स्थित शिव मंदिर और माता पार्वती मंदिर के गुंबद में लगे पंचशूल को नीचे उतारा जाता है। विधिवत पूजा के बाद शिवरात्रि के दिन दोबारा मंदिर के गुंबद पर पंचशूल को लगाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यह माना जाता है कि दोनों मंदिर के पंचशूल को एक साथ रखने से पूरे देश और दुनिया में प्रेम का भाव बढ़ता है।

# टनल में फंसे श्रमिकों पर सरकार की नजर: सीएम

### मजदूरों के एक-एक परिजन तेलंगाना भेजे गये

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में फंसे झारखंड के श्रमिकों को जल्द ही लाया जायेगा। झारखंड सरकार इस मामले में लगातार तेलंगाना सरकार से संपर्क में है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संबंध में विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राज्य के आला अधिकारी लगातार तेलंगाना के मुख्य सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों के संपर्क में हैं। इस संबंध में जल्द ही स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। घटना की सूचना मिलने के बाद से राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के द्वारा तेलंगाना सरकार से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

**मजदूरों के एक-एक परिजन वहां भेजे गये :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुमला जिला प्रशासन ने वहां फंसे मजदूरों के एक-एक परिजन को भेजा है। श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में झारखंड, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर और पंजाब के मजदूर फंसे हुए हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# राज्य के राशन कार्ड धारक अब 31 मार्च तक करा सकते हैं ई-केवाईसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राशन कार्ड धारकों के लिए एक अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराने की तिथि 31 मार्च तक बढ़ा दी है। बता दें कि राज्य में 61,03,667 परिवार राशन कार्डधारी हैं। सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पीएच, एएवाई के अलावा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आनेवाले हरे राशन कार्ड और अन्य सभी कार्डधारी परिवारों के सभी सदस्यों की ई-केवाईसी को अनिवार्य किया है। इसका मकसद है कि वास्तविक लाभुकों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले।

**ई-केवाईसी प्रक्रिया :** सरकार ने पहले ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 28 फरवरी तक की तिथि तय की थी लेकिन अब इस तिथि को बढ़ा दिया गया है। राज्य में 61,03,667 परिवार के 2,63,86,726 सदस्यों का ई-केवाईसी कराना है।

## बजट सत्र में सभी आपूर्ति पदाधिकारी तैनात रहें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी

# पीडीएस दुकानों में 2जी नहीं चलेगा तुरंत 4जी तकनीक लागू करें : मंत्री

- हेमंत सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी
- धान की पर्याप्त फसल हुई तो खरीद भी 100% होनी चाहिये



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक सोमवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में मंत्री डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में हुई। मंत्री ने कहा कि पीडीएस दुकानों में 2जी नहीं चलेगा, तुरंत 4जी तकनीक लागू करें। बैठक में विभागीय सचिव उमा शंकर सिंह सहित रांची, जमशेदपुर और धनबाद के एडीएम स्पलाई और झारखंड के सभी जिलों से आये जिला आपूर्ति पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान विभाग से जुड़े कई अहम बिंदुओं पर चर्चा हुई और जनहित से जुड़े निर्णय लिये गये। बैठक में मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने सभी जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बजट सत्र के दौरान वे अपने-अपने जिलों में तैनात रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विभाग आम जनता और विशेष रूप से गरीबों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है, इसलिए पदाधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में दक्षता और तत्परता दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मामले आएंगे। इसके लिए सभी को पूरी तरह तैयार रहना होगा।

**पुरानी व्यवस्था को तत्काल बदलें, 4जी लायें:** मंत्री ने पीडीएस दुकानों में संचालित पॉस मशीनों में पुरानी 2जी तकनीक को अविलंब हटाकर 4जी तकनीक लागू करने को कहा, ताकि लाभुकों को राशन लेने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि गरीब जनता को राशन लेने के लिए घंटों कतार में खड़े रहना पड़े, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में डॉ अंसारी ने धान अधिप्राप्ति पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब इस वर्ष पर्याप्त खेती हुई है, तो किसानों से समुचित मात्रा में धान की खरीदारी भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को उनके उत्पादों की उचित कीमत मिले।

मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को साड़ी और धोती देने की योजना का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाया जा रहा है। मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की सेवा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
24/02/2025
TENDER CANCELLATION NOTICE
NIT No: - JUIDCO/NIT/Chatt-Hari/UWSS/638
Tender ID: - 2024_UDD_96049_1
PR No:- 340383

Project Title: **Chhatarpur & Hariharganj Integrated Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.
Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi
PR 347114 Urban Development and Housing(24-25)D

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752
24/02/2024
TENDER CANCELLATION NOTICE
NIT No: - JUIDCO/NIT/Bansi_nagar/WSS/637
Tender ID: - 2024_UDD_96047_1
PR No:- 340391
Project Title: **Shri Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance**
The tender having details as mentioned above is cancelled due to unavoidable reasons. All bidders are therefore requested to wait for future correspondence regarding fresh tender.
Sd/-
Project Director (Tech.)
JUIDCO Ltd., Ranchi
PR 347122 Urban Development and Housing (24-25)D


### बेटियों को सुरक्षा देने में हेमन्त सरकार नाकाम: राफिया नाज

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा है कि बेटियों को सुरक्षा देने में हेमंत सरकार नाकाम है। उन्होंने कहा कि खूंटी में हुये सामूहिक दुष्कर्म मामले ने इंसानियत को शर्मसार किया है। उन्होंने कहा कि 18 लड़कों ने जिस तरह पांच नाबालिग आदिवासी बच्चियों के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म किया, वह हर किसी के दिल को दहला देती है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से पता चलता है कि अपराधियों के दिलों से प्रशासन और कानून का खौफ नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ते दुष्कर्म के मामलों ने महिला सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कभी मेडिकल संस्थानों में दुष्कर्म होता है तो कभी स्कूल और कॉलेज के पास बेटियों के साथ छेड़छाड़ की घटनायें सामने आती हैं। हेमंत सरकार में अपराधियों की हिम्मत बढ़ी है। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की है कि वे इस संकट पर तुरंत कार्रवाई करें और महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चत करें।

## राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को दी जानकारी

# नेता प्रतिपक्ष नहीं होने से लोकायुक्त व अन्य पदों पर नहीं हो पा रही है नियुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, मुख्य सूचना आयुक्त, सूचना आयुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं होने के कारण उक्त नियुक्तियां नहीं हो पा रही हैं। इसके बाद अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए मार्च माह के अंतिम सप्ताह की तिथि निर्धारित की है। दरअसल राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त सहित कई संवैधानिक संस्थाओं के पद कुछ वर्षों से रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने को लेकर हाईकोर्ट काफी गंभीर है और कोर्ट ने सरकार को उक्त पदों पर जल्द नियुक्ति का निर्देश भी दिया है। लेकिन नेता प्रतिपक्ष के नाम की घोषणा नहीं होने के कारण नियुक्तियों पर पेंच फंसा हुआ है। कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से कहा था कि कइ पदों और कई संवैधानिक संस्थाओं के पद 3 से 5 साल से खाली पड़े हैं, लेकिन इन्हें अब तक इसे नहीं भरा जा सका है, इसे जल्द भर जाए।

# ट्रेनिंग देने के लिए 59 पुलिस अधिकारियों का होगा इंटरव्यू

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के छह प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग देने के लिए इच्छुक 59 पुलिस पदाधिकारियों का इंटरव्यू होगा। पुलिस मुख्यालय में आयोजित इंटरव्यू में चयनित अधिकारियों को एक टॉपिक पर पांच मिनट ले^ र देना होगा। जिससे उनकी प्रस्तुति और ट्रेनिंग कौशल का मूल्यांकन किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस के प्रशिक्षण निदेशालय ने सभी जिलों के एसपी, एसएसपी, कमांडेंट और इकाई के प्रमुखों को पत्र लिखा था। इसके जरिये छह प्रशिक्षण संस्थानों में ट्रेनिंग देने के लिए पुलिस अधिकारियों की स्वेच्छा लिंक/ क्यूआर कोड के माध्यम से मांगी थी। इसके बाद मुख्यालय को 59 अधिकारियों की स्वेच्छा मनोनयन उपलब्ध करायी गयी थी।


JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

e-Procurement Notice
Tender Notice
NIT No:. JUIDCO/NIT/Chhattarpur & Hariharganj Integrated/UWSS/651
Date: 24/02/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Chhatarpur & Hariharganj Integrated Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering – http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 201,27,04,895.00 (Two Hundred One Crore Twenty Seven Lakh Four Thousand Eight Hundred Ninety Five Only/-) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs 25000/- Bid Security – Rs 2,01,27,100/- |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 25/02/2025; 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 04/03/2025; 13:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 04/03/2025; 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 18/03/2025; 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 19/03/2025; 17:30 hours |
| 10. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin – 834001. |
| 11. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

Note Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in
Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi
PR 347110 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)


# राज्यपाल का अभिभाषण दिशाहीन नहीं कोई उत्साह : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल संतोष गंगवार के अभिभाषण को दिशाहीन करार दिया है। उन्होंने कहा कि अभिभाषण में झूठ ज्यादा था। राज्यपाल को दिशाहीन बजट पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि अभिभाषण के दौरान सत्ताधारी दलों के विधायकों में कोई उत्साह नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी अभिभाषण के दौरान उत्साहित नहीं दिखे। वहीं, भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि राज्यपाल से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजनाओं के बारे में भी बताने को कहा गया। इसका उदाहरण यह है कि राज्यपाल से हर घर नल जल योजना का जिक्र करने को कहा गया। जबकि पश्चिम बंगाल के बाद झारखंड में यह सबसे ज्यादा फ्लॉप रही है।

### दो मिनट का मौन रख कर दी श्रद्धांजलि

**रांची।** सदन में बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके पहले स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह, पूर्व विदेश मंत्री एसएम कृष्णा, कुवंर नटवर सिंह, लोक गायिका शारदा सिन्हा, फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल, पत्रकार प्रीतिश नंदी, पूर्व विधायक सधनु भगत, छत्रु राम महतो आदि की असामयिक निधन हो गया। इसके बाद सदन नेता हेमंत सोरेन, भाजपा के बाबूलाल मरांडी, कांग्रेस के प्रदीप यादव, राजद के सुरेश पासवान, जदयू के सरयू राय, लोजपा के जनार्दन पासवान, जेकेएलएम के जयराम महतो, भाकपा माले के अरूण चटर्जी ने भी शोक प्रकाश पढ़ा।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का भाजपा ने किया स्वागत

मोदी सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को पीएम किसान सम्मान निधि के 19वीं किस्त के जारी किये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने झारखंड के लाखों किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया है। उन्होंने पीएम किसान सम्मान योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर देश के सभी किसान भाई-बहनों को हार्दिक शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से कृषि क्षेत्र ने तेजी से प्रगति की है। छोटे किसानों को दी जा रही आर्थिक सहायता से उनकी बाजार तक पहुंच बढ़ी है। खेती की लागत घटी है और उनकी आय में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अब तक किसानों के खातों में लगभग साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये सीधे पहुंच चुके हैं। यह प्रयास अन्नदाताओं को सम्मान, समृद्धि और नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

## खबर एक नजर में

### इरफान अंसारी के खिलाफ राफिया नाज की शिकायतवाद पर कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की मुश्किलें अब थोड़ी बढ़ सकती हैं। रांची एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने राफिया नाज की शिकायत वाद पर संज्ञान ले लिया है। यह जानकारी राफिया नाज के अधिवक्ता जितेंद्र कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इरफान अंसारी ने एक निजी न्यूज चैनल पर उनके पहनावे पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी और उक्त टिप्पणी से उनकी छवि धूमिल हुई है। इससे वह काफी आहत हुई हैं। मालूम हो कि 19 अगस्त 2020 को डोरंडा की योग शिक्षिका राफिया नाज ने मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ स्त्री लज्जा भंग करने, भीड़ को हिंसा के लिए उकसाने, उसके वस्त्र पर टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुये शिकायतवाद दर्ज कराया था।

### सुरेंद्र बंगाली के प्रीमेच्योर रिलीज मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई जारी

**रांची।** सुरेंद्र सिंह रौतेला उर्फ सुरेंद्र सिंह बंगाली द्वारा राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड से वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में उनके प्रीमेच्योर रिलीज के आग्रह को राज्य सरकार द्वारा खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी सुरेंद्र बंगाली और राज्य सरकार की ओर से बहस की गई, बहस जारी रही। अगली सुनवाई 3 मार्च को होगी। प्रार्थी की ओर से कहा गया कि राज्य सजा पुनरीक्षण बोर्ड से वर्ष 2023 एवं वर्ष 2024 में भी सुरेंद्र बंगाली के प्रीमेच्योर रिलीज के मामले को खारिज कर दिया गया है। सुरेंद्र बंगाली ने प्रीमेच्योर रिलीज का आग्रह किया है। कहा गया है कि सजा सुनाए जाने के बाद वह 25 साल 4 माह से अधिक का समय जेल में बिता चुके हैं। वहीं रिमिशन के साथ वे 31 साल से अधिक जेल में सजा भुगत चुके हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत उन्हें जेल से रिहा किया जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से सुरेंद्र बंगाली को रिहा किए जाने का विरोध किया गया।

### हाईकोर्ट ने स्विटजरलैंड निवासी के खिलाफ जारी समन किया रद्द

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने आपराधिक मामले में स्विस निवासी नागरिक को जारी किया गया समन खारिज कर दिया है। अदालत ने मामले के तथ्यों को देखते हुए कहा कि समन जारी करने के लिए सीधे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत का दरवाजा खटखटाया गया, जिसे कानून के अनुसार सही नहीं माना जा सकता। अदालत ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि पारस्परिक कानूनी सहायता संधि के तहत, जब जांच एजेंसी किसी देश से किसी व्यक्ति की उपस्थिति मांगती है, तो उसे गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा विभाग को अपना मसौदा अनुरोध भेजना जरूरी है।

दरअसल आयरलैंड के नागरिक और स्विटजरलैंड के स्थायी निवासी मार्क रीडी के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) की कोर्ट ने समन जारी किया था। इसके बाद मार्क रीडी ने अपने खिलाफ जारी गैर-जमानती वारंट रद्द करने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।


झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (2nd Call)
ई-निविदा प्रसंग सं० :- RCD/HAZARIBAG/194./2024-25
दिनांक : 24-02.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | वित्तीय वर्ष 2023-24 में पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत 'बरकट्ठा-तैतरोन पथ के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 32.10 (कुल लम्बाई-32.10 कि.मी.) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of Riding Quality) कार्य' |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू. 21,19,00,800.00 (एक्कीस करोड़ उन्नीस लाख आठ सौ रूपये) मात्र |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 6 (छ:) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 03.03.2025 10:30 A.M |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 17.03.2025 12:00 Noon |
| 6. | निविदा खोलने तिथि एवं समय | 17.03.2025 12:30 PM |
| 7. | Pre-Bid बैठक | 10.03.2025 12:00 Noon |
| 8. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 9. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 8709320541 |
| 10. | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651-2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :- http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eeredhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818
कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,हजारीबाग
PR 347118 Road(24-25).D


## साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग मामला

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से गुमशुदा दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई की अपडेट रिपोर्ट मांगी, केंद्र से भी मांगा जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपी कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनो बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में सरकार के आवेदन पर यूआईडीएआई ने एक रिपोर्ट तैयार की है जिसे सीलबंद रूप में अनुसंधानकर्ता को सौपा जाएगा। वही राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी। कोर्ट ने दोनों गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। वही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि उसने सीलबंद रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को सौंपी है या नहीं। अगली सुनवाई मार्च माह में होगी। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने यूआईडीएआई को दोनों बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित मांगे गए बायोमेट्रिक उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के आवेदन की आलोक में जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया था।

**क्या है मामला :** दरअसल, कुलदेव साह व वीरेन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर मामला दर्ज कराया था। उनका बच्चा 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ बी हंसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
ई-निविदा संख्या- 16/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक- 24.02.2025
कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/83/ 2024-25 | हंटरगंज | करमा | मदनपुर | मदनपुर बाजार से मदन गंझु के घर तक PCC पथ निर्माण | 48,83,400.00 | अड़तालीस लाख तेरासी हजार चार सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 27.02.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 06.03.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 08.03.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई-निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :- 06541-296208
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।
PR.NO.347078 Rural Work Department(24-25):D


# कांग्रेस के मंत्री-विधायक कार्यकर्त्ताओं को दें सम्मान : के. राजू

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के. राजू अपने पांच दिवसीय झारखंड प्रवास के दौरान सोमवार को उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के हजारीबाग में रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकर्ताओं ने स्पष्टता के साथ अपनी भावनाओं से प्रभारी को अवगत कराने का काम किया, जिसमें 20सूत्री कार्यक्रम की बैठक के साथ विस्थापित लोगों की मुआवजा एवं प्रखंडों में संगठन की स्थिति, सरकार और संगठन में समान्जस जैसे विषयों पर भी बात रखी गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, योगेंद्र साव, शहजादा अनवर, अभिलाष साहु, सतीश पौल मुजनी, शांतनु मिश्रा, रियाज अंसारी, भीम कुमार, मंजूर अंसारी, केदार पासवान, मुन्ना सिंह, अरुण साहू, डॉ आर सी प्रसाद, विनोद कुशवाहा, अवधेश सिंह, विजय यादव, नरसिंह प्रजापति, सुजीत नगवाल आदि शामिल थे।

प्रदेश प्रभारी के. राजू ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का सम्मान ही पार्टी का सम्मान है और सभी विधायक और मंत्री कार्यकर्ताओं को सम्मान दें क्योंकि अगर कार्यकर्ता है तो आप विधायक और मंत्री है। संगठन के लिए दिन-रात पसीना बहाने वाले कार्यकर्ता ही संगठन की मजबूती का प्रमाण है। उन्होंने सभी मंत्रियों को महीने में एक बार जिला भ्रमण का टास्क दिया गया है। उन्होंने कहा कि समीक्षा सभी की होगी, तो कार्यकर्ताओं की होगी। महिला युवा और एससी एसटी लीडरशिप को डेवलप करना यह प्राथमिकता है। जब लीडरशिप डेवलप होगा तो संगठन मजबूत होगा। संगठन की बातें नीचे पायदान तक जायेगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि विस्थापन एक बड़ी समस्या है और जो विस्थापित हुए हैं उनको मुआवजा के भुगतान के लिए पार्टी पूरी मजबूती के साथ आवाज बुलंद करेंगी। मुआवजे की राशि केन्द्र सरकार हडप करना चाहती है लेकिन हम विस्थापितों का पैसा और उनका हक लेकर रहेंगे। सभा को जे पी पटेल, अम्बा प्रसाद, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, रामगढ़ जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, कोडरमा जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान, चतरा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे ने भी संबोधित किया।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर के बिष्टुपुर-आदित्यपुर गोलचक्कर पर भारत के प्रथम गृहमंत्री बल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा सांसद विद्युतबरण महतो ने लगवायी है। अपको बता दें कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल अपने जीवनकाल में दो बार जमशेदपुर आये थे। पहली बार स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 13 दिसंबर 1945 और दूसरी बार आजादी के बाद 15 दिसंबर 1950 को लौहनगरी की यात्रा की थी। 1945 में देश में स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था। इस दौरान सरदार पटेल टाटा स्टील वर्क्स के मजदूरों से मिलने पहुंचे थे और बिष्टुपुर एल टाउन मैदान में कर्मचारियों को संबोधित किया था। इसके बाद 15 दिसंबर 1950 में सरदार पटेल फिर जमशेदपुर आये। अपने दूसरे दौरे में उन्होंने बिष्टुपुर स्थित नरभेराम गुजराती स्कूल का उद्घाटन किया था। यह स्कूल आज भी संचालित हो रहा है। शहर के प्रख्यात उद्यमी और व्यवसायी नरभेराम कमानी के बुलावे पर वह इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

# आपने हाथी पांव से बचाव की दवाई खायी क्या...

- 10 मार्च तक फाइलेरिया रोधी दवा का किया जायेगा वितरण
- फाइलेरिया रोधी दवा जरूर खायें ताकि इसे जड़ से समाप्त किया जा सके : उपायुक्त
- कुल 18 लाख 27 हजार 932 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहारणालय सभागार में आयोजित बैठक में पूर्वी सिंहभूम जिले में 10 फरवरी से 25 फरवरी तक संचालित फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की समीक्षा डीसी अनन्य मित्तल द्वारा की गयी। उप विकास आयुक्त श्री अनिकेत सचान, सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक में उपस्थित थे। गौरतलब है कि चार प्रखंड क्रमशः बोड़ाम, पटमदा, पोटका, गोलमुरी एवं जुगसलाई तथा पूरे शहरी क्षेत्र मिलाकर कुल 18 लाख 27 हजार 932 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं इस अभियान से जुड़े पांच (5) एनजीओ की टीम 11 फरवरी से लोगों के घर-घर जाकर तथा कार्यस्थल में भी अल्बेंडाडोल एवं डीईसी की दवा उपलब्ध कराते हुए लोगों से सेवन सुनिश्चित करा रही है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा मॉप तिथि अब 10 मार्च तक बढ़ा दी गई है ऐसे में जितने भी पात्र लोग अबतक अल्बेंडाजोल व डीईसी की दवा का सेवन नहीं कर पायें है वे घर-घर वितरण के दौरान जरूर लें और सेवन करें।

डीसी ने अभियान की समीक्षा करते हुए इसे और व्यापक बनाने के सुझाव दिए। उन्होने कहा कि कई लोग दवा का सेवन करने से इन्कार करेंगें, उन्हें दवा का सेवन नहीं करने के दुष्परिणाम और हाथी पांव की समस्या से अवगत करायें, आवासीय सोसायटी में वहां के पदाधिकारीगण से बात करें तथा जागरूकता लाते हुए लोगों को दवा खिलायें। ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट भट्ठा, खेती-किसानी या अन्य कार्यस्थल में व्यस्त लोगों के लिए भी उनकी दवा घर में वितरित करने के निर्देश दिए। साथ ही मॉनिटरिंग टीम को सक्रिय करते हुए घरों के औचक निरीक्षण का निर्देश दिया गया ताकि इसकी पड़ताल की जा सके कि टीम ने दवा का वितरण किया है या नहीं। डीसी ने कहा कि अभियान की सफलता जनभागीदारी में ही निहित है।



समीक्षा बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल।

### क्या आप जानते हैं फाइलेरिया कितनी खतरनाक है

फाइलेरिया को आमतौर पर हांथी पाँव के नाम से जाना जाता है। यह बीमारी मच्छर के काटने से होता है। फाइलेरिया दूसरी सबसे ज्यादा विकलांग एवं कुरूपता कराने वाली बीमारी है। यह शरीर के और भी अंगो को प्रभावित करता है (हाँथ, पैर, स्तन और हाइड्रोसील)। इसका संक्रमण अधिकतर बचपन में ही हो जाता है और बीमारी का पता चलने में 5 से 15 साल लग जाता है। हाइड्रोसील का इलाज ससमय संभव है, लेकिन शरीर के अन्य अंगों में (पैर, हाथ, स्तन) आया हुआ सूजन आम तौर पर लाइलाज होता है। पीडित व्यक्तियों को सहायता और करूणा की आवश्यकता होती है। समुदाय द्वारा तिरस्कृत नही किया जाना चाहिए । झारखंड में रहने वाले सभी 4 करोड़ लोगों को इस बीमारी का होने का खतरा है।

### साल में सिर्फ एक बार फाइलेरियारोधी दवा का सेवन

- दो साल के छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को यह दवा नही देना है।
- यह दवा खाली पेट नही खानी है।
- कृपया दवा का सेवन एक बार में ही करें।
- कुछ लोगों पर दवा खाने से मामूली प्रतिकुल प्रभाव हो सकता है ।
- जैसे सरदर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार, दस्त इत्यादि । जिससे घबराने की नही बल्कि खुश होने की जरूरत है, क्योकि आपके शरीर के अंदर के कीड़े फाइलेरियारोधी दवा खाने से मर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ स्वर्ण सिंह का निधन



**जमशेदपुर।** आइएमए जमशेदपुर के वरिष्ठ आजीवन सदस्य डा स्वर्ण सिंह का निधन हो गया है। उन्होंने इलाज के दौरान ब्रम्हानंद नारायण हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली। डा स्वर्ण सिंह एक सरकारी चिकित्सक थे और वे एसीएमओ पद से सेवानिवृत हुए थे। आइएमए के अध्यक्ष डा जीसी माझी और सचिव डॉ सौरव चौधरी ने डा स्वर्ण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### राजस्थान दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन की जिला-शाखा की बैठक तुलसी भवन बिस्टुपुर के प्रयाग कक्ष में आयोजित की गई जिसमें जिला एवं प्रांत के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष-सचिव ने भाग लिया। मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष मुकेश मित्तल ने सदस्यों का स्वागत गुलाब के फूल के साथ किया और पूरी सभा ने मारवाड़ी समाज के लिये करतल ध्वनि से तालियां बजाई। मुकेश मित्तल ने जिला-शाखा के समन्वय पर बल देते हुए बताया कि हमें आपसी तालमेल बैठाकर काम करने की आवश्यकता है ताकि एक मजबूत एवं उज्ज्वल समाज के निर्माण में हम एक ईंट जोड़ सकें। उन्होंने प्रत्येक शाखा से साल में चार कार्यकम करने का आव्हान किया (गर्मी में शर्बत वितरण, ठंडा में कंबल वितरण, मारवाड़ी भाषा पर आधारित कार्यक्रम, प्रतिभा सम्मान एवं प्रेरणादायिक कार्यशाला) और इस बात पर बल दिया कि कार्यक्रम भले ही छोटे हों किंतु ऐसे होने चाहिए जिससे समाज को प्रेरणा और लाभ मिल सके। सभा को मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश रिंगसिया, मारवाड़ी सम्मेलन के संरक्षक धर्म चंद्र पोद्दार एवं श्रवण कुमार देबुका, सम्मानित सदस्य मयूर संघी एवं विभिन्न शाखाओं के अध्यक्ष और सचिव ने भी संबोधित किया।

### सदर अस्पताल की डायलीसिस यूनिट में युवती से अश्लील हरकत

**जमशेदपुर।** शहर के खासमहल स्थित सदर अस्पताल में डायलिसिस यूनिट में काम करने वाली एक युवती के साथ अश्लील हरकत करने और मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजने का मामला सामने आया है। मामला जेएलकेएम तक पहुंचने पर अस्पताल परिसर में खूब हंगामा किया गया। इस बीच सिविल सर्जन से मिलकर आरोपी अमरेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई ऐसा नहीं होने पर जेएलकेएम की ओर से जोरदार आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई है। मामले में जेएलकेएम अनुसूचित जाति मोर्चा कोल्हान प्रमंडल के अध्यक्ष राजा कालिंदी ने बताया कि युवती को इमोशनल टार्चर किया जा रहा है। जाति सूचक गालियां दी जा रही है। मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजे जा रहे हैं। ऐसी हरकत से युवती काफी डरी-सहमी सी है। ऐसे में वह किसी तरह का कदम उठा सकती है। राजा कालिंदी ने कहा कि आरोपी अमरेश पर कार्रवाई नहीं होने पर जेएलकेएम आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।

# मैट्रिक के 25,380 और इंटर के 22,256 छात्र दे रहे परीक्षा

- एसडीओ, धालभूम शताब्दी मजुमदार ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण
- विधि व्यवस्था संधारण का जायजा लेते हुए दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा पहली पाली में प्रातः 9:45 बजे से 1:00 बजे तक वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) द्वितीय पाली में अपराह्न 2.00 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित की जा रही । मैट्रिक परीक्षा को लेकर घाटशिला अनुमंडल में 26 तथा धालभूम अनुमंडल में 45, कुल 71 परीक्षा केन्द्र तथा इंटर की परीक्षा घाटशिला अनुमंडल के 12 और धालभूम अनुमंडल के 23, कुल 35 परीक्षा केन्द्र में हो रही हैं। इस वर्ष 10वीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 25380 परीक्षार्थी तथा इंटर के कला संकाय में 13595, विज्ञान में 4697, वाणिज्य में 3964, कुल 22256 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं।

जैक द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त संचालन को लेकर डीसी अनन्य मित्तल द्वारा पदाधिकारियों को भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण एवं परीक्षा के सफल संचालन का निर्देश दिया गया है । इसी क्रम में धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने दूसरी पाली में इंटर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ग्रेजुएट कॉलेज में कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार करते पाए जाते हैं तो सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसडीओ घाटशिला श्री सुनिल चंद्र, एलआरडीसी घाटशिला श्रीनीत निखिल सुरीन, एलआरडीसी धालभूम श्री गौतम कुमार, सभी बीडीओ और सीओ द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा। परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी को भी कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।



ग्रेजुएट कॉलेज में परीक्षा का मुआजना करती एसडीओ शताब्दी मजुमदार।

## ऑपरेशन के बाद नेत्र रोगियों को भाउका परिवार ने दी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से आयोजित 760वां नेत्र शिविर आज सोमवार को नेत्र रोगियों की विदाई के साथ सम्पन्न हो गया, इससे पूर्व टाटा मुख्य अस्पताल की नेत्र चिकित्सक डॉ. राशि वर्मा एवं उ?के सहयोगी चिकित्सीय टीम ने बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित नेत्र शिविर के तीसरे व अंतिम दिन नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की, जिसके पश्चात शिविर संयोजक सत्यनारायण भाउका, ललित भाउका, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह तथा रेड क्रॉस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चश्मा पहनाया।

## एनआईटीजेएए छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह आज

- एनआइटी जमशेदपुर के पूर्ववर्ती छात्र भी रहेंगे उपस्थित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** एनआईटी जेएए छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह 2025 की पूर्व संध्या पर, उद्योग एवं पूर्व छात्र संबंध प्रभाग, एनआईटी जमशेदपुर ने 24 फरवरी 2025 को एक विशेष बैठक का आयोजन किया। यह समारोह 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे से संस्थान सभागार में आयोजित किया जायेगा जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि रहेंगे। तैयारी बैठक का उद्देश्य पूर्व छात्रों की सहभागिता को मजबूत करना और संस्थान के विकास में उनके योगदान पर चर्चा करना था। इस महत्वपूर्ण बैठक में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधर, श्री जितेंद्र कुमार (अध्यक्ष, एनआईटीजेएए), श्री आर.के. बेहरा (विशिष्ठ पूर्व छात्र), श्री सी. सहाय (विशिष्ठ पूर्व छात्र), प्रो. के.बी. यादव (डीन, उद्योग एवं पूर्व छात्र संबंध, एनआईटी जमशेदपुर) तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इसके अलावा, बैठक में उप निदेशक, रजिस्ट्रार, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष एवं सभी डीन भी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने बहुमूल्य विचार साझा किये। प्रो गौतम सूत्रधर ने शोध सहयोग, तकनीकी उन्नति एवं नवाचार-प्रेरित परियोजनाओं में पूर्व छात्रों की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व छात्रों की विशेषज्ञता संस्थान के भविष्य को आकार देने में सहायक हो सकती है। प्रो. के.बी. यादव ने पूर्व छात्रों और उनके संस्थान के बीच घनिष्ठ संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया।



तैयारी बैठक करते निदेशक डा गौतम सूत्रधार।

## रोटरी क्लब के सेमिनार में टीबीमुक्त भारत के संकल्प की दिशा पर चर्चा

- रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट का इंडिया सेंस टीबी सेमिनार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने जिला 3250 स्तरीय टीबी जागरूकता एवं रोकथाम सेमिनार इंडिया सेंस टीबी का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में रोटरी जिला गवर्नर (3250) रोटेरियन बिपिन चाचान और फर्स्ट लेडी रोटेरियन शिल्पी चाचान मुख्य अतिथि रहे। बिश्टुपुर स्थित होटल अल्कोर में आयोजित इस सेमिनार में 20 रोटरी क्लबों के 120 से अधिक सदस्यों, चिकित्सा विशेषज्ञों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं ने भाग लिया। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट के अध्यक्ष रोटेरियन शुभ्रजीत बसु ने स्वागत भाषण दिया। जिला सह अध्यक्ष (टीबी जागरूकता) डॉ. तमाल देब ने सेमिनार के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मुंबई से आये पीपीजी डॉ. बालकृष्ण इनामदार ने रोटरी की टीबी उन्मूलन में भूमिका पर चर्चा की।

## बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पांच दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर में इंडो डेनिश टूल रूम द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) पर दो अलग-अलग 5 दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) की शुरूआत की गई। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कॉलेज के फैकल्टी मेंबर्स और छात्र दोनों सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी कौशल और इंडस्ट्री में हो रहे बदलावों से परिचित कराना है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस. के. रॉय ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए बेहतर करियर निर्माण और तकनीकी दक्षता बढ़ाने में मददगार साबित होंगे।

## भय प्रकट कृपाला, दीनदयाला... महाआरती से गुंजायमान हुआ सूर्यधाम

- भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ : आचार्य राजेंद्र जी
- सूर्यमंदिर परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव के प्रसंग से मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



कथा सुनाते आचार्य राजेंद्र जी महाराज और कथा सुनते श्रद्धालु।

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के तीसरे दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्रीधाम वृंदावन से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज का श्रद्धापूर्वक स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने श्रीराम कथा के तीसरे दिन भगवान श्री राम के जन्म की कथा का सुंदर वर्णन किया। राम के जन्म होते ही पूरे कथा पांडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों की जयघोष रही। इस दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मुख्यरूप से मौजूद रहे।

कथा में आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने बताया कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। श्री राम की कथा सुन भक्त भावविभोर हो गए। उन्होंने बताया भये प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। भगवान राम का जन्म होते ही लोगों ने मीठी-मीठी तालियां बजाकर भगवान का सुमिरन किया। कथा वाचक ने बताया कि जन्म होते ही अयोध्या में अयोध्या वासी हर्षित हो गए। राजा दशरथ के यहां पुत्रों के जन्म होते ही नगरी मे खुशी की लहर दौड़ गई।

आचार्य राजेंद्र जी ने बताया कि किस तरह से महाराज दशरथ के यहां महारानी कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को पुत्र योग का संयोग बना। भगवान राम के जन्म के बाद अयोध्या में हर तरफ खुशियां मनाई गई हैं। भगवान श्रीराम के जन्म पर राजा दशरथ संपूर्ण नगर में बधाइयों का वितरण कर मिठाई बंटवाते हैं। नगर में हर घर में बधाई गीत का गायन किया गया। इस अवसर पर पूरा पंडाल भय प्रकट कृपाला, दीनदयालाल के महाआरती से गुंजायमान रहा।

## एक नजर में

### जदयू के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष बने सुबोध



**जमशेदपुर।** जनता दल यूनाइटेड के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने जमशेदपुर के सुबोध श्रीवास्तव को संगठन का पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। सुबोध इसके पूर्व भारतीय जनतांत्रिक मोर्चा के जिलाध्यक्ष थे। सरयू राय द्वारा गठित इस पार्टी का जद यू में विलय के पश्चात अब धीरे-धीरे सरयू राय समर्थकों को संगठन में स्थान मिलने लगा है। नया मनोनयन इसका प्रमाण है। दूसरी ओर, सुबोध श्रीवास्तव के जदयू, पूर्वी सिंहभूम, जिलाध्यक्ष बनाये जाने के पश्चात विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर स्थित आवास पर विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

### जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज ने शर्मा परिवार को दी 20 हजार रुपये की मदद



**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा और महामंत्री सुजित शर्मा जी ने जेम्को सड़क दुघर्टना में मृत कृष्णा शर्मा और उनकी बेटी अंजलि शर्मा जी के श्राद्ध कर्म में शामिल होकर बारिगोडा निवास पर उनके परिजनों को 20000 रुपये की सहयोग राशि सौंपी कर श्रद्धांजलि सभा में पुष्प अर्पित किये। सहयोग राशि श्राद्ध कर्म के लिए दिए। उनके आवास पर अध्यक्ष राम विलास शर्मा, महामंत्री सुजित शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, प्रभुदयाल शर्मा, प्रदीप शर्मा इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रेडक्रॉस-यूसील के शिविर में 62 ग्रामीणों की जांच

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन नान्दुप क्लब में आयोजित हुआ। जहां 62 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गयी, जिसमें 53 ग्रामीणों को साधारण स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें जरूरत के अनुसार दवा प्रदान किया गया, वहीं 9 ग्रामीणों को आंखों की जांच के अनुसार चश्मा प्रदान किया गया तथा 6 ग्रामीणों को चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया, जिन्हें राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में ऑपरेशन के लिए निर्देशित किया गया। शिविर में चिकित्सक डॉ जया मोइत्रा ने पारा मेडिकल सहयोगियों के साथ अपनी सेवा प्रदान की। संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के वरीय सदस्य चंद्रमोहन सिंह, ने किया। शिविर में रेड क्रॉस कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, तरन्नुम, राजेश मोहन प्रसाद ने अपनी सेवा दी। रेड क्रॉस का यूसील के साथ अगला स्वास्थ्य शिवर 28 को हाड़तोपा पंचायत में आयोजित होगा।

### सिंह दिशोम माघ मूडी का वार्षिक सम्मेलन संपन्न



**गम्हरिया।** सिंह दिशोम माघ मूडी कार्यक्रम की वार्षिक सम्मेलन आसनबनी गांव में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में सिंह दिशोम के लगभग 190 माझी बाबा शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक धार्मिक गीत प्रस्तुत कर की गई। तत्पश्चात हिंदीबिली माझी बाबा ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर साल भर की व्यवस्थागत कार्यों की जानकारी दी गई तथा आगामी कार्यों और कार्यक्रमो को बताया गया। कार्यक्रम का संचालन बबलु मुर्मू दुगनी पीड़ परानिक और विक्रम टुडू ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन अशोंबनी माझी बाबा ने किया। इस मौके पर दुबराज टुडू देश कारजी, मुकेश टुडू देश गोडेत, लास्कर टुडू ,राजेश कुमार हांसदा, सुरेंद्र टुडू लगुबुरु गोडेत, सोमाय मार्डी, भागवत बास्के समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### कांड्रा में बन रही सड़क का जिप अध्यक्ष और सदस्य ने किया शिलान्यास



**गम्हरिया।** सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड के कांड्रा पंचायत अंतर्गत मुख्य पथ से रौनक गुप्ता के घर तक तथा हरिश्चन्द्र विद्या मंदिर से स्टेशन तक करीब दस लाख प्राक्कलित राशि से बनने वाली पीसीसी सड़क का सोमवार को शिलान्यास किया गया। मौके पर जिप अध्यक्ष सोनाराम बोदरा तथा जिप सदस्य पिंकी मंडल ने शिलापट्ट अनावरण कर दोनों पथों का शिलान्यास किया। बतायाै कि 15वीं वित्त योजना के तहत कुल 540 फीट इस सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिप अध्यक्ष ने कहा कि इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी आसानी होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विगत कई वर्षों से इस सड़क के निर्माण की मांग किया जा रहा था। इस सड़क के बन जाने से कांड्रा व आसपास के 48 गांव के लोगों को सहूलियत होगी। मौके पर भाजपा नेता राम हांसदा, मुखिया शंकरी सिंह, उप मुखिया रीना मुखर्जी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने बल्लू




**हरिहरगंज पलामू।** रामनवमी पूजा मनाने के लिए मेन रोड स्थित संकट हरण हनुमान मंदिर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता विमलेश पाठक ने की। सर्वसम्मति से नये पदाधिकारी का चयन किया गया। इनमें अध्यक्ष बल्लू बलराम, सचिव सोनू जायसवाल, कोषाध्यक्ष करण राजवीर, अखाड़ा मंत्री रामजी सिंह, पूजा मंत्री सौरभ पाठक, भंडारा प्रभारी पुरुषोत्तम जायसवाल, सतीश गुप्ता, उपाध्यक्ष दिलीप रजक, राजेश शौंडिक, उपसचिव उत्कर्ष जायसवाल, मिठू गुप्ता, पवन कुमार तथा उप कोषाध्यक्ष अमित आर्य को बनाया गया है।

### सुकून देता है समृद्धि की रोटी अभियान



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने रोटी सब्जी और खिचड़ी बांटी। शहर के अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच निरंतर भोजन बांटा जाता है। साथ ही जरुरतमंद राहगीरों, रिक्शा चालकों, दिव्यांगों के बीच भी भोजन वितरण किया गया। मिशन समृद्धि की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें भोजन खाते देख बहुत खुशी मिलती है। भोजन का पैकेट या कपड़ा लेने में ये बहुत ही संयम में रहते हैं। इसमें अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता, शिल्पी गोस्वामी, ममता कुमारी का योगदान है।

### टंडवा में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शुरू



**पाटन पलामू।** ग्राम पंचायत सगुना के टंडवा में शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा जल यात्रा की गयी। मौके पर सगुना मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह भी थे। उन्होंने भगवान शिव से आशीर्वाद लिया और मंदिर निर्माण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कहा कि टंडवा के ब्रजेश पांडेय के सौजन्य से इस शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किया जाना सराहनीय है। कहा कि भगवान शिव की कृपा आप पर हमेशा बनी रहे। मौके पर गोविंदा नंदाचार्य, यमुना सिंह, मनोज राम, भरत राम, अनुज सिंह, विकेश सिंह, सहदूल अंसारी, चंचल कुमार, राजा बाबू आदि उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड के लिए रवाना हुए पर्यावरणविद डॉ कौशल



**मेदिनीनगर।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल सोमवार को उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरा पर रवाना हुए। डॉ कौशल उत्तराखंड के देहरादून, मसूरी में पर्यावरण संरक्षण व जलवायु परिवर्तन पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा है कि उक्त सम्मेलन में तमिलनाडु समेत देश के कई राज्यों के पर्यावरणविद भाग लेंगे। उस दिन सुंदरलाल बहुगुणा की धर्मपत्नी विमला बहुगुणा की 13वीं श्राद्धकर्म में शामिल होंगे।

### राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक को अर्थदंड से मुक्त किया जाये

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य राजस्व उप निरीक्षक संघ शाखा जिला पलामू के अध्यक्ष धर्मराज मिश्रा ने उपायुक्त शशि रंजन को पत्र भेज नीलांबर पीतांबरपुर अंचल के राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक रितेश रंजन तिवारी पर लगाये गये अर्थदंड से मुक्त करने की मांग की है। श्री मिश्रा ने कहा कि रितेश पर एसओपी के तहत निर्धारित समय सीमा के अंदर नामांतरण वादों का निष्पादन नहीं हो सका। भविष्य में सभी राजस्व उप निरीक्षक के द्वारा निर्धारित समय सीमा का अनुपालन किया जायेगा। उन्होंने रितेश पर लगाये गये अर्थदंड की राशि माफ करने का आग्रह उपायुक्त से की है।

### चेतमा मेला टांड़ में मनी शबरी जयंती



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड के चेतमा मेला टांड़ में प्रखंड स्तरीय माता शबरी जयंती समारोह सोमवार को मनाया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सीताराम भुइयां ने की। इस दौरान माता शबरी, बाबा दशरथ मांझी तथा तुलसीवीर की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुइयां ने कहा कि माता शबरी भगवान की सच्ची भक्त थीं, जिस कारण भगवान श्रीराम को उनकी कुटिया में आना पड़ा। मौके पर सीताराम भुइयां, शंभू उरांव, लाल बहादुर भुइयां, इंद्रदेव भुइयां, सिकंदर भुइयां, रामेश्वर भुइयां, दिलीप भुइयां थे।

### किसानों के चेहरे पर खुशहाली आयेगी तभी देश का सर्वांगीण विकास: बीडीओ



**पड़वा पलामू।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त पीएम द्वारा रिलिज किये जाने पर पड़वा प्रखंड कार्यालय सभागार में किसान सम्मान समारोह किया गया। जिंसमें 19वां किस्त पाने वाले 10 किसानों को प्रमुख गीता मेहता व बीडीओ सह सीओ अमित झा ने सम्मानित किया। बीडीओ ने बताया कि किसान अन्नदाता हैं। जब तक किसानों के चेहरे पर खुशहाली नहीं आयेगी तब तक राज्य व देश का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। मौके पर बीटीएम अमित कुमार, प्रधान सहायक अभिषेक सिंह, कृषक मित्र बाबूलाल मेहता, अजय मेहता, अनील मेहता व कई लोग मौजूद थे।

### होली पर नेकी के दीवार से बंटी साड़ियां



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर एवं पलामू पुलिस के सहयोग से थाना कैंपस में चल रहे नेकी की दीवार से जरूरतमंदों के बीच होली को देख सैकड़ों साड़ी बांटी गयी। मौके पर परियोजना अध्यक्ष प्रियंका आनंद साहू ने बताया कि नेकी की दीवार करीब डेढ़ माह पूर्व 14 जनवरी को शुरू हुई थी, जो लगातार सेवा दे रहा है। हर क्षेत्र से लोगों का सहयोग मिल रहा है। अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि 2 मार्च को क्लब होली मिलन समारोह गुरुकुलम संध्या 5 बजे से करेगा।

---

शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा : अरुणा शंकर

## भील की राजकुमारी माता शबरी के त्याग को भुलाया नहीं जा सकता है

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में प्रथम महापौर को सम्मानित करते लोग और उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** माता शबरी जयंती सह भुइयां परिवार मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल होते हुए मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने माता शबरी के बारे बतायी। कहा कि माता शबरी भील समाज की राजकुमारी थी उनका वास्तविक नाम श्रमना था। वे भगवान राम की परम भक्त थी। उन्होंने सालों तक भगवान राम और माता सीता की प्रतीक्षा की थी। माता शबरी को पशु पक्षियों से बहुत लगाव था। माता शबरी ने विवाह नहीं की और ऋषि मतंग के शिष्य बन गयी। माता शबरी ने भगवान राम को झूठे बैर खिलाए थे। भारत देश में शबरी धाम दक्षिण पश्चिम गुजरात के डांग जिले के आहवा से 33 किमी और सापुतारा से लगभग 60 किमी की दूरी पर सुबीर गांव के पास स्थित है जहां हजारों लोग जाकर दर्शन करते हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि भुइयां समाज के लोग जो इतनी संख्या में आज उपस्थित है मैं उनसे कहना चाहूंगी कि आप भी अपने बच्चों को खास कर लड़कियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा दिलाएं तभी समाज का उत्थान होगा। मौके पर सुनील भुइयां, विश्वनाथ भुइयां, राजू भुइया, रविंद्र, पारस नाथ भुइयां थे।

## लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में नि:शुल्क मोतियाबिंद चिकित्सा शिविर आज से

नेत्र मरीज सुनहरा अवसर का लाभ उठायें : डॉ ईश्वर सागर

खबर मन्त्र संवाददाता



पत्रकारों को जानकारी देते डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व अन्य।

**विश्रामपुर पलामू।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज ऐंड हॉस्पिटल में 27 फरवरी से दो दिन का निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। इस शिविर में नेत्र जांच सहित मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन फेंको मशीन के द्वारा किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए मेडिकल कालेज के डायरेक्टर डॉ ईश्वर सागर चंद्रबंशी ने पत्रकारों को बताया कि 27 फरवरी को नेत्र जांच किया जायेगाऔर 28 को मोतियाबिंद मरीजों का लेंस प्रत्यारोपित किया जायेगा एवं सभी अटेंडेंट और मरीजों को रहना, खाना भी फ्री है, इसके अलावे सभी जांच और दवा निशुल्क है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नेत्र के मरीजों के लिए यह सुनहरा अवसर है। नेत्र मरीज इस शिविर में आकर मोतियाबिंद आंखों का इलाज कराकर इसका लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि यह शिविर गरीब नेत्र मरीजों के लिए वरदान व मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर, सुनील चौधरी, दामोदर यादव, उपेंद्र तिवारी, इशारार हवारी मौजूद थे।

---

जिला स्तरीय **रोजगार सृजन मेला में 363 को मिला ऑफर लेटर**, उपायुक्त बोले

## इन्फॉर्मेशन, एनालिसिस व एप्लीकेशन से ही सफलता

- कोई काम करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि व अन्य।

**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन जरूरी है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की जरूरत होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। कोई काम करने के लिए नींव को मजबूत करना जरूरी है। नींव मजबूत करने के लिए मेहनत बहुत जरूरी है। उपायुक्त चौथे जनजातीय गौरव दिवस पर स्थानीय टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला-2025 के तहत आयोजित कार्यक्रम युवक-युवतियों को मार्गदर्शन कर रहे थे। मेला का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने हेतु दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित था।

**मुख्य बातें :** रोजगार के क्षेत्र में लक्ष्य के विरुद्ध बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रूप में सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने अनुशासन पूर्वक सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए जीवन शैली को बेहतर बनाने की सीख दी। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के लिए चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। साथ ही रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु ऑफर लेटर प्रदान किये गये। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया।

## माता शबरी मंदिर का प्रथम वर्षगांठ पर कई संस्कृति कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप के वार्ड 16 में सोमवार को माता शबरी मंदिर का प्रथम वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर को फूलों व डिजिटल लाइट से सजाया गया था। वर्षगांठ पर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना हुआ। जिसमे काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, गांधी विचार मंच के संस्थाप अध्यक्ष रवींद्रनाथ उपाध्याय, जिला योजना समिति सदस्य संजय बैठा, निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि व भाजपा नेत्री किरण देवी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सामाजिक नेत्री सोना देवी व संचालन सुरेंद्र भारती ने किया। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। भोजपुरी दुगोला कार्यक्रम में गढ़वा के प्रसिद्ध गायक उदय हलचल व पलामू के पिंटू ब्यास ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी भक्ति व होली गीत गाकर लोगो को झूमने पर मजबूर कर दिया। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी, मणि राम, धनंजय पांडेय, सुदामा यादव, दामोदर यादव, विजय बवाली, सामाजिक कार्यकर्ता मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजय महतो, बबन बैठा, चंदन राम, देवांश राम, यदुनि राम व कई लोग मौजूद थे।

## आश्रयगृह को बहुत जल्द शुरू किया जायेगा : सहायक नगर आयुक्त

- नगर निगम द्वारा निर्मित आश्रयगृह आश्रय लेनेवालों का जोह रहा बाट
- 84 लाख से निर्मित आश्रयगृह पर असामाजिक तत्व का हुआ कब्जा निगम प्रशासन बेखबर

गजेंद्र कुमार



**मेदिनीनगर।** राज्य सरकार निगम क्षेत्र में असहाय व निर्धन लोगों को आश्रय देने के लिए आश्रयगृह का निर्माण कराया है ताकि इस आश्रयगृह में निःशुल्क लोग आश्रय ले सकें। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के पलामू क्लब, स्टेशन रोड, बस स्टैंड एवं पोखराहा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज के पास आश्रयगृह का निर्माण कराया गया है। पोखराहा मेडिकल कॉलेज के समीप वर्ष 2023-24 में लगभग 84 लाख रूपये की लागत से आश्रयगृह का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया गया है जो पूरी तरह से बनकर तैयार हो चुका है। इसके संवेदक द्वारा नगर निगम को नवनिर्मित आश्रयगृह को हैंड ओवर दिसंबर 2024 को ही करा दिया गया है। जो अभी तक नगर निगम द्वारा इसे चालू नहीं कराया गया है जिस कारण आश्रयगृह में आश्रय लेनेवाले लोग हलकान हैं।

## सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के बीच हिंडाल्को ने बांटा सोलर स्टडी लैंप

खबर मन्त्र संवाददाता



**पंडवा पलामू।** हिन्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की कठौतिया ओपन कास्ट कोल माइंस प्रबंधन द्वारा अपने खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले आठ मध्य विद्यालय के सातवीं और आठवीं कक्षा के लगभग 500 विद्यार्थियों के बीच सोलर स्टडी लैंप का वितरण किया। माइंस मैनेजर निशीकांत कुमार ने कहा कि संसाधन के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो इसे ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को यह लैंप दिया जा रहा है। गांव में अभी पर्याप्त बिजली का अभाव है ऐसे में यह लैंप विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में काफी सुविधा होगी। निशीकांत कुमार ने कहा कि हिन्डालको कंपनी केवल व्यवसाय नहीं करती है बल्कि जिस इलाके में काम करती है उस इलाके के लोगों के जीवन स्तर बढ़ाने में सक्रियता के साथ काम करतीं हैं। सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती ने बताया कि खनन क्षेत्र के परिधि में आने वाले आठ मध्य विद्यालय के सातवीं और आठवीं के करीब 500 विद्यार्थियों को यह लैंप दिया गया है।

### कैमरे की निगरानी में आया मोहम्मदगंज का चौराहा



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मुकेश सिंह ने बताया कि मुख्य बाजार के तीन मुहाने और चौक-चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नजर रखा शुरू कर दिया है। इसे थाना से कंट्रोल किया जा रहा है। जहां से बैंक, रेलवे स्टेशन और अन्य संवेदनशील जगहों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने आम-आवाम से भी क्षेत्र के आपराधिक कृत्यों में संलिप्त असामाजिक तत्वों की सूचना देने की अपील कर सहयोग करने व सुरक्षा की गारंटी देने की बात कही है।

### टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर अंचलाधिकारी ने की बैठक



**सतबरवा पलामू।** प्रखंड मुख्यालय के सतबरवा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी मुद्दे को लेकर सोमवार को सीओ कक्ष में बैठक हुई। जिसमें सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की, टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य रणधीर कुजूर, सीआई अनीश सिंह, राजस्व उप निरीक्षक विकास मिंज उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्राचार्य ने बताया कि करीब 25 एकड़ भूमि टीचर ट्रेनिंग कॉलेज का है, जिस पर जलमीनार, थाना भवन, ब्लॉक और अंचल कार्यालय भवन के साथ कस्तूरबा विद्यालय और बीआरसी भवन बना दिया गया है। साथ ही साप्ताहिक हाट / बाजार लगता है। करीब 10 एकड़ भूमि पर भवन बना है जिसे प्राचार्य ने कब्जा हटाने तथा कॉलेज के नाम पर नामांतरण करने का आग्रह सीओ से किया।

## दवा दुकानदारों को मिला सशक्त पलामू ड्रगिस्ट एंड केमिस्ट फेडरेशन का साथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**मोहम्मदगंज पलामू।** आये दिन विभिन्न समस्याओं को लेकर आए विषम परिस्थिति से जूझने वाले जिले के दवा दुकानदारों को आखिरकार एक सशक्त पलामू केमिस्ट एंड ड्रगिस्टस फेडरेशन का साथ मिला है। फेडरेशन की टीम ने 19 जनवरी को मेदिनीनगर में वार्षिक आम सभा आयोजित कर केमिस्ट की हर ज्वलंत मुद्दे को उठाकर एक नई लकीर खींची है। केमिस्ट से जुड़े विभिन्न मांगो को लेकर वित्त मंत्री को अवगत कराना जिसमें ड्रग लाइसेंस की अवधि 10 वर्ष करने की मांग की।

**ये हैं बधाई के पात्र :** मौके पर मृत्युंजय शर्मा, रमेश शुक्ला, अमिताभ मिश्रा, गौरीशंकर मिश्रा, सतीश कुमार, हनी कुमार, प्रिंस कुमार, दिनेश अग्रवाल, सतीश तिवारी, पुरूषोतम अग्रवाल, राजीव रंजन,जितेंद्र कुमार, संजय कुमार पप्पू, राजहंस अग्रवाल, संजय अग्रवाल समेत अन्य सक्रिय पदाधिकारियों को बधाई के पात्र बताया है।

### राजहरा झरना शिव मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि को मेला आयोजित

**मेदिनीनगर।** राजहरा झरना मंदिर मेला समिति ने महाशिवरात्रि को झरना शिव मंदिर राजहरा प्रांगण में पूजा महोत्सव सह भव्य मेला कार्यक्रम आयोजित करेगा। उक्त जानकारी समिति के दिलीप पांडेय ने दी। बताया कि मेले में आसपास कई गांवों के लोग भाग लेते हैं। साथ ही शिव मंदिर में पूजा अर्चना आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

### धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में आती है समृद्धि और शांति: संग्राम सिंह

**पाटन पलामू।** प्रखंड के टंडवा शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आचार्य गोविंदाचार्य जी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा निकली। भोले बाबा के जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय और गुंजायमान हो गया। टंडवा महुलिया तिलकुडीह के साथ आसपास के हजारों भक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा में पाटन पश्चिमी जिप संग्राम सिंह भी थे।

## पूर्व अध्यक्ष सह भावी मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह ने वार्ड 10 व 13 में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की पूर्व अध्यक्ष एवं भावी मेयर प्रत्याशी पूनम सिंह ने वार्ड संख्या 10 एवं 13 में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। जनसंपर्क अभियान के दौरान पूनम ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर क्षेत्र के विकास, जल निकासी, साफ-सफाई, सड़क निर्माण, जल आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि उनके नेतृत्व में नगर निगम क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता होगी और जनता की भागीदारी से शहर को एक स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित नगर बनाने का संकल्प लिया जायेगा। जनता के उत्साह और समर्थन को देखते हुए पूनम सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर की जनता का प्यार और आशीर्वाद हमें लगातार मिल रहा है।

### युवा क्रिकेट क्लब ने करायी क्रिकेट प्रतियोगिता



**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल के नौडीहा/ खजुरी मैदान में युवा क्रिकेट क्लब ने भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस मैच का उद्घाटन लालबिहारी यादव, नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी सह पत्रकार अरविंद गुप्ता उर्फ चुनमुन, पत्रकार धर्मेंद्र कुमार उर्फ रिंकू, छतरपुर राजद प्रखंड अध्यक्ष लवलेश यादव, नौडीहा के पूर्व मुखिया शंभू यादव, जगरनाथ सिंह, युवा क्लब के अध्यक्ष प्रवेश यादव ने फीता काटकर किया। मैच की शुरुआत भरवाडीह बनाम बारा के बीच हुआ। टॉस जीत कर भरवाडीह ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बारा की टीम 12 ओवर में तीन विकेट पर 236 रन बनायी। जवाबी पारी में समाचार लिखे जाने तक भरवाडीह की टीम ने 10 ओवर में छह विकेट खोकर 88 रन ही बना सकी थी। अध्यक्ष ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 16 टीमें भाग ली हैं।

---

सुआ कौड़िया में महाशिवरात्रि पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## भोजपुरी के सुपर स्टार कलाकार करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम : मुख्य संरक्षक

- कोलकाता के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जायेंगी कई तरह की झांकियां

खबर मन्त्र संवाददाता



भोजपुरी कलाकारा शिल्पी राज, माही मनीषा करेंगे कार्यक्रम प्रस्तुत।

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया के झरिवा आहर में सार्वजनिक शिव मंदिर समिति द्वारा महाशिवरात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी समिति के मुख्य संरक्षक मुकेश कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी में समिति के लोग जुट गये हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकार शिरकत करेंगे। भोजपुरी कलाकारा शिल्पी राज, माही मनीषा की जोड़ी गीत व नृत्य, सुर संग्राम के उप विजेता सह भोजपुरी कलाकार मंटु निराला द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावे कोलकाता के कलाकार गणेश उत्पति झांकी, समुद्र मंथन झांकी, शिव पार्वती विवाह झांकी, सती वियोग झांकी, शंकर-भष्मासुर झांकी समेत कई झांकी प्रस्तुत करेगा।

**मुख्य बातें :** साथ ही शिव बारात समेत कई कार्यक्रम किये जायेंगे। इसके अलावा 25 फरवरी को सुबह भजन सम्राट गायक कुमार आर्जुन द्वारा भजन व अखंड किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुटेगी। लोगों को बैठने की भी व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम को लेकर समिति के लोग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष नंदू सिंह, सचिव देवेंद्र ठाकुर, उप सचिव अजीत सिंह, महामंत्री टाईगर कुमार, सह संरक्षक दिनेश गुप्ता आदि थे।

## हंसगाडा महाशिवरात्रि मेला समिति के मेले की तैयारी अंतिम चरण में



मेला के बारे में विस्तृत जानकारी देते आयोजन समिति के पदधारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के कंकारी पंचायत में हंसगाडा शिव मंदिर बसरिया कला, कंकारी में लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी कर ली गयी। कार्यक्रम के अध्यक्ष शिव कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष धिरेंद्र चौधरी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर भोजपुरी मुकाबला का कार्यक्रम किय जायेगा। जिसमें मुख्य कलाकार लखन लहरी, औरंगाबाद बिहार और दूसरे कलाकार संदीप सागर, बिहार के बीच शानदार मुकाबला होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आलोक कुमार चौरसिया होंगे। वहीं मिडिया प्रभारी तनय कुमार प्रिय ने आग्रह किया कि सभी भोजपुरी के श्रोता आकर इस कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारों के गीत संगीत का आनंद उठायें। इस अवसर पर कुणाल सिंह, सुनिल सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

# एनपीएस गुरुकुलम के दूसरे वर्षगांठ में शामिल हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के सिरहे में स्थित एनपीएस गुरुकुलम में विद्यालय का दूसरा वर्षगांठ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर एवं विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह शामिल हुए। एनपीएस गुरुकुलम के दूसरे एनुअल फंक्शन की शुरूआत मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर की। इससे पूर्व विद्यालय के बच्चों ने पूर्व मंत्री एवं विधायक को पुष्प देकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ एनपीएस गुरुकुलम के प्रिंसिपल गेराल्ड पैट्रिक ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। एनुअल फंक्शन के दौरान विद्यालय के नर्सरी से सातवीं क्लास तक के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कलाकारी प्रस्तुत की गई। विद्यालय के बच्चों ने भक्ति, देश भक्ति, गुजराती, मराठी, मलयालम एवं हिंदी भाषी गानों पर बेहतरीन तरीके से अपनी कला का प्रदर्शन किया। एनुअल फंक्शन के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि एवं उपस्थित सम्मानित गण और अभिभावकों ने खूब सराहना किया और तालियां बजाकर नन्हे मुन्ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की धरती पर एनपीएस गुरुकुलम की जितनी सराहना की जाए उतना ही कम है, क्योंकि इतने लंबी चौड़े कैंपस के साथ पूरी तरह की विधि व्यवस्था शायद ही किसी विद्यालय में है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर बच्चों को उच्च शिक्षा दी जा रही है तो बहुत ही अच्छी बात है। ताकि यहां से बच्चे निकल कर अपने जिला और विद्यालय का नाम रौशन करें। साथ ही उन्होंने कहा कि यहां के डायरेक्टर डॉ प्रत्यूष रंजन सिंह एवं प्रिंसिपल गेराल्ड पैट्रिक के द्वारा डिसिप्लिन के साथ जो बच्चों को शिक्षा दी जा रही है यह बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मैं किसी विद्यालय को गलत नहीं कह रहा हूं लेकिन एनपीएस गुरुकुलम में जो शिक्षा दी जा रही है वह बहुत ही सराहनीय है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि पहले जिला के बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के जिले से बाहर जाना पड़ता था मगर अब नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि गढ़वा में स्थित एनपीएस गुरुकुलम उच्च शिक्षा देकर यहां के बच्चों के भविष्य को बनाने का काम कर रही है। डायरेक्टर प्रत्यूष रंजन सिंह ने कहा कि इस विद्यालय का एक ही लक्ष्य है की बच्चों को डिसिप्लिन के साथ अच्छी और उच्च शिक्षा देकर बच्चों का भविष्य उज्जवल किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी यह विद्यालय सातवीं क्लास तक है और आगे आठवीं क्लास तक किया जाएगा। कहा की इस विद्यालय में एडमिशन जारी है और यह मार्च तक जारी रहेगा। प्रिंसिपल गेराल्ड पैट्रिक ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं और अपने विद्यालय में हम अपने शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को डिसिप्लिन के साथ बेहतर से बेहतर शिक्षा देने का काम कर रहे हैं। मौके पर शिक्षिका सबीना, नूरी, अमृता, आकांक्षा, सोनाली, तन्नु पूजा, तानिया, सोनालिका, रंजना, साक्षी, खुशी, निवानी, सृष्टि, शिक्षक कुलदीप, श्याम देव, शरण, श्रीराम, श्रीकांत, कौशिक, एवं कृष्णा आदि मौजूद थे।



उद्घाटन करते पूर्व मंत्री व विधायक

# आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधा से बच्चे व गर्भवती महिलाएं वंचित



आंगनबाड़ी केंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखंड के टंडवा पंचायत अंतर्गत नावाडीह टोला में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र बने हुए 14 वर्ष हो गया। लेकिन इसमें आंगनबाड़ी संचालित नहीं होता, जिससे उक्त टोला के सैकड़ो बच्चे आंगनबाड़ी से मिलने वाली सुविधा से वंचित है। आंगनबाड़ी में छह माह से छह वर्ष के बच्चों एवं धात्री एवं गर्भवती महिलाओ के स्वास्थ्य के देखभाल एवं उनके स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण पौष्टिक आहार इत्यादि सुविधा प्राप्त होती है। ताकि कोई बच्चा या महिला बीमारी या कुपोषित न हो। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए हर गांव मुहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र शुरू किया गया है। लेकिन इस केंद्र को एक अव्यवस्थित, अस्वच्छ एवं जर्जर भवन में संचालित किया जा रहा है, जिसके सामने ही पालतू मवेशियो को बांध कर रखा जाता है, जहां मवेशियो के गोबर बिखरा रहता है और जिस भवन में यह केंद्र संचालित हो रहा है उसी में मवेशियो के लिए चारा भी रखा रहता है। आंगनबाड़ी केंद्र के लिए लाखो रुपए खर्च कर बनाया गया उस भवन में केंद्र संचालित नहीं हो रहा है और जर्जर और अस्वच्छ भवन में केंद्र संचालित हो रहा है। इस सम्बन्ध में ग्रामीण शमीर्ला देवी ने बताया कि भवन हमलोगो के घर के पास है लेकिन हमलोगो के नवनिहाल को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। इस केंद्र में आंगनबाड़ी संचालित नहीं होता है और सेविका अपने घर के पास चलाती है जो हमलोगो के घर से बहुत दूर है। इस सम्बन्ध में सेविका रेशमा देवी ने बताया कि मेरा वेतन आठ माह से नहीं मिला है और कुछ कागजी प्रक्रिया हो जाएगी तब मैं उस भवन में चलाऊंगी।

# धुरकी निवासी महाकुंभ स्नान के क्रम में लापता

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी पंचायत के कदवा गांव निवासी 61 वर्षीय मवल साह महाकुंभ स्नान के क्रम में लापता हो गए।

परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व महाकुंभ स्नान के लिए गए थे। जहां वह लापता हो गए। परिजनों ने यह भी बताया कि महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में गुम हो गए हैं। इस मामले को लेकर परिजनों ने रविवार को थाना सहित अन्य लोगों से उनको ढूंढने की अपील की है।

बताया कि पिछले सप्ताह महाकुंभ में स्नान के लिए प्रयागराज गए हुए थे। वहां अपने परिजनों से बिछड़ गए। इसके बाद से लेकर अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। उनके परिजनों ने पता लगाने पर सूचना देने की अपील की है।

# रोजगार सृजन मेला आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिले से बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए गढ़वा जिला प्रशासन सदैव प्रयासरत दिख रहा है। इसी क्रम में 25 फरवरी को नीलाम्बर पीताम्बर बहुउदेशीय सांस्कृतिक भवन (टाऊन हॉल) गढ़वा में दोपहर 12 बजे से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन किया गया है।

# डीएवी के बच्चों व शिक्षकों ने किया हवन यज्ञ



हवन करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** कांडी बाजार स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप के द्वारा बच्चों में भारतीय संस्कृति के ज्ञानवर्धन एवं नए सत्र में विद्यालय प्रवेश के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस हवन यज्ञ में भाजपा नेता विनोद दुबे, अजीत सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, राजू सोनी, रविंद्र कमलापुरी सहित अन्य कई प्रबुद्ध अभिभावक सपरिवार सम्मिलित हुए। हवन के साथ-साथ पांच बच्चों का नए सत्र में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन भी किया गया। हवन के शुभारंभ में संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी ने छात्र मयंक और आयुष के साथ मिलकर गणपति वंदना एवं विभिन्न भजनों को प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संस्कृत शिक्षक आचार्य प्रवीण पांडेय ने डीएवी विद्यालय के शिक्षण उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ वैदिक शिक्षा पर भी हम बल देते हैं, ताकि हमारे सुनहरे भविष्य के अंदर अपने वैदिक संस्कृति यज्ञ यागादि का ज्ञान बना रहे। शिक्षा के साथ आध्यात्मिक ज्ञान से बच्चों में सुसंस्कार एवं सच्चरित्रता की वृद्धि होती है। यज्ञ संपन्न होने पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने कहा कि हम शिक्षा के साथ-साथ संस्कार मुफ्त में देते हैं। शिक्षा के लिए तो आपको शुल्क देना पड़ता है, लेकिन संस्कार हम मुफ्त में भरते हैं और यही कारण है कि डीएवी से पढ़े बच्चे अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान करते हुए देश के एक सभ्य नागरिक बनते हैं। अभिभावक विनोद दुबे ने कहा कि मैं पिछले 20 सालों से डीएवी विद्यालय को जान रहा हूं। इससे पढ़कर हमारे तीन-तीन बच्चे आज उन्नति के शिखर को चूम रहे हैं इसलिए मैं डीएवी का ऋणी हूं। मौके पर छात्र अध्ययन कुमार, आराध्या प्रकाश, कुमारी वैष्णवी सिंह, दीक्षा, प्रज्ञा, रश्मि, कुणाल, कौटिल्य, अभिजीत, कुशाग्र, कौशल आदि उपस्थित थे। मौके पर शिक्षक शौकत अली, अजीत सोनी, विभूतिभूषण शाहू, प्रमोद कुमार, संजय राय भट्ट आदि उपस्थित थे।

# कलश यात्रा के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू



कलश यात्रा में उपस्थित श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत के खजूरी गांव के शिव मंदिर परिसर में 27 फरवरी तक चलने वाले नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा का नेतृत्व राधाकृष्ण मंदिर के महंत बाल ब्रह्मचारी साधु बाबा केशव नारायण दास, गायत्री परिवार के जिला संयोजक बिनोद पाठक एवं निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी ने किया। शोभा यात्रा 1151 कलशों के साथ यज्ञशाला से निकलकर हजारों श्रद्धालु महिला पुरुष बैंड बाजे के साथ खजूरी गांव का भ्रमण करते हुए पाल टोला, मुख्य पथ आमर होते हुए कोयल नदी के सूर्य मंदिर घाट पर पहुंचा। जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पवित्र कलशों में जल भरा गया और गायत्री महामंत्र के जयघोष करते एवं भजन गाते श्रद्धालु यज्ञ मंडप में पहुंचे, जहां पर कलश स्थापना करते हुए माता गायत्री, गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के चित्र के समक्ष आरती कर पूजा अर्चना की गई।

# महापूणार्हुति व महाभंडारा के साथ मानस महायज्ञ की रजत जयंती संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ में 25वां मानस महायज्ञ सह महायज्ञ का रजत जयंती समारोह संपन्न हो गया। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों के द्वारा आयोजित 25वें मानस महायज्ञ की महापूणार्हुति हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न हो गई। इस दौरान यज्ञाचार्य पं. श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली ने यज्ञ मंडप में 33 कोटि के आवाहित देव शक्तियों की पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ किया। यज्ञ कुंड से उठ रहे सुवासित धुएं से पूरा वातावरण यज्ञमय हो रहा था। वहीं पुरोहितों के समवेत स्वर में गूंज रहे वैदिक मंत्रोच्चार से इलाके का वातावरण भक्तिमय हो रहा था। जबकि प्रवचन पंडाल में विद्या कुंड श्रीराम धाम अयोध्या के महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री महंत प्रेमशंकर दास जी महाराज ने वसंत एवं फाग के राग में भक्ति गीत प्रस्तुत किया। जिस पर दो ढाई घंटे तक श्रद्धालु महिला पुरुष झूमते रहे। इस दौरान हजारो की संख्या में उपस्थित महिला पुरुषों को अबीर गुलाल लगाकर रंगों के मौसम वसंत की शुभकामना दी गई। यह परंपरा सतबहिनी के मेरूदंड के रूप में विख्यात भोजपुरी भजन सम्राट स्वर्गीय विनोद पाठक के द्वारा शुरू की गई थी।

इस मौके पर हजारों लोगों के बीच महा भंडारा के दौरान महाप्रसाद के रूप में भोजन का वितरण किया गया। इसके साथ ही कलश यात्रा के दौरान शामिल सभी श्रद्धालु महिला पुरुषों के बीच पवित्र कलशो का वितरण किया गया। इसके संबंध में महामंडलेश्वर जी महाराज ने कहा कि कलश में जो यज्ञ के दौरान अभिमंत्रित जल शेष है उसे अपने घर में ले जाकर चारों तरफ छिड़क दें। इससे आपके घर से नकारात्मक शक्तियां दूर होंगी। इसके साथ ही इस मंगल कलश में प्रत्येक घर में धर्म घट की स्थापना करें। प्रतिदिन भोजन बनाने के समय इस धर्मघट में नापी जोखी हुई खर्ची में से एक मुट्ठी चावल डाल दें। इससे आपकी रसोई अन्नपूर्णा महारानी की रसोई हो जाएगी। महा पूणार्हुति के मौके पर बड़े पैमाने पर उमड़ी हुई भीड़ को देखकर महामंडलेश्वर जी महाराज ने कहा कि आज के इस पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पिछले 25 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। मौके पर मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के अध्यक्ष सह स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र, सतबहिनी के संत हरिदास जी महाराज, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे, सुदर्शन तिवारी, नवल किशोर तिवारी, अवधेश प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह, बैद्यनाथ पांडेय, मुखिया पांडेय, निरंजन सिंह, अखिलेश प्रसाद, अखिलेश सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



उपस्थित लोग


## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची

(आम सूचना)

सचिव, क्षितीश मूक बधिर मध्य विद्यालय निवारणपुर, डोरण्डा, राँची–2 के पत्रांक 05/2025 दिनांक 17.02.2025 के द्वारा उक्त विद्यालय में सहायक आचार्यो की नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन को शासकीय पोर्टल पर अपलोड करने का अनुरोध किया गया है।

इस कार्यालय पत्रांक 616 दिनांक 24.02.2025 के आलोक में उक्त विज्ञापन को जिले के अधिकारिक बेबसाईट www.ranchi.nic.in पर अपलोड किया गया है।

ह०/–

जिला शिक्षा अधीक्षक,राँची

PR 347074 Human Resource Developement(24-25).D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

आम सूचना

राष्ट्रीय लोक अदालत

दिनांकः–08 मार्च, 2025 (शनिवार) स्थान–व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा।

निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), लोहरदगा के प्रांगण में दिनांक 08.03.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निष्पादन किया जायेगाः–

(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद (2) N.I. Act. u/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस) (3) मोटर–दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद (4) पारिवारिक/वैवाहिक वाद (5) श्रम विवाद (6) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (7) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद (8) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद (9) राजस्व वाद (10) मनरेगा (11) बिजली बिल और पानी बिल से संबंधित वाद (12) बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद (13) सेवा से संबंधित वाद (14) वन विभाग से संबंधित वाद (15) उत्पाद से संबंधित वाद (16) सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद (17) नीलाम वाद (18) दाखिल खारिज मामले (19) अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से 04:30 बजे तक लोहरदगा व्यवहार न्यायालय (कचहरी) में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा के कार्यालय में आकर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा (मोबाइल नंबर 9431318932) से संपर्क कर सकते हैं।

हरीश बिन जमां
आरक्षी अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

राजकमल मिश्रा
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

जनहित में जारी
द्वाराः–जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा

PR.NO.347140 Lohardaga(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

Email ID: eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com

आम सूचना

वर्ष 2025 के आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जनहित में पेयजल से उत्पन्न समस्या से त्वरित निराकरण हेतु पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया अंतर्गत जिलास्तरीय जिला नियंत्रण कक्ष का गठन निम्न प्रकार किया जाता है।

जिला नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मी निम्नवत है :–

(1) श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता मो० – 7541920901
(2) श्री विशाल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो० – 7269057933
(3) श्री अनिल कुमार, निम्न वर्गीय लिपिक मो० – 6299093017

नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री दीपक कुमार, कनीय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया होगे। प्रभारी सुबह/शाम नोडल पदाधिकारी (सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया) को प्रतिवेदित करेंगे। निर्देश है कि प्रमंडल स्तर पर शिकायत पंजी का संधारण/निराकरण कराया जायेगा। प्राप्त शिकायत को अवर प्रमंडल कार्यालय को तत्काल दूरभाष पर सूचित कर दर्ज कराया जायेगा।

अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर सहायक अभियंता/कनीय अभियंता शिकायत पंजी का संधारण/निराकरण हेतु जिम्मेवार होगे। इस आलोक में प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है जो निम्नवत है :–

| क्र० सं० | प्रखंड का नाम | सहायक अभियंता | प्रतिनियुक्त पदाधिकारी का नाम/पदनाम | दूरभाष नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, कोडरमा मो० नं० 9263952920 | श्री विकास कुमार दास, कनीय अभियंता | 9471329527 |
| 2 | डोमचॉच | | श्री अभिजीत कुमार, कनीय अभियंता | 8789932957 |
| 3 | सतगावॉ | | श्री अमित कुमार, कनीय अभियंता | 7250105348 |
| 4 | जयनगर | सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, झुमरीतिलैया मो० नं० 9263952920 | श्री ओम प्रकाश कनीय अभियंता | 7033773207 |
| 5 | मरकच्चो | | श्री जहेन्द्र भगत, कनीय अभियंता | 8084416065 |
| 6 | चंदवारा | | श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, कनीय अभियंता | 8969448444 |

(ई० अनुज कुमार सिन्हा) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल झुमरीतिलैया।

PR.NO.347108 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा
## (जिला आपूर्ति शाखा)

(e-Mail id:-dso.chatra@jharkhandmail.gov.in)

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत वितरित किए जा रहे खाद्यान्न/सामग्री की जानकारी :–

| योजना का नाम | पात्र राशन कार्ड का प्रकार | निर्धारित मात्रा प्रतिमाह | दर |
|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम | अंत्योदय अन्न योजना (पीला कार्ड) | 35 किलोग्राम प्रति कार्ड | मुफ्त |
| | प्राप्त गृहस्थ योजना (गुलाबी कार्ड) | 05 किलोग्राम प्रति सदस्य | मुफ्त |
| झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना | हराकार्ड | 05 किलोग्राम प्रति सदस्य | मुफ्त |
| मुख्यमंत्री नमक वितरण योजना | पीला, गुलाबी एवं हराकार्ड | 01 किलोग्राम प्रति कार्ड | मुफ्त |
| मुख्यमंत्री दाल वितरण योजना | पीला, गुलाबी एवं हरा कार्ड | 01 किलोग्राम प्रति कार्ड | मुफ्त |
| सोना–सोबरन धोती–साड़ी वितरण योजना | पीला, गुलाबी एवं हरा कार्ड | 01 साड़ी एवं 01 धोती/लुंगी(प्रति छः माह में) | प्रतिवस्त्र 10/– रूपया |
| चीनी वितरण योजना | पीला कार्ड | 01 किलोग्राम प्रतिमाह | निर्धारित अनुदानित मूल्य पर |

नोटः–

- लाभुक यह सुनिश्चित करें कि खाद्यान्न प्राप्त करने के समय खाद्यान्न वेईंग मशीन पर रखा हुआ हो एवं ई–पॉस मशीन में अंगूठा लगाने के उपरांत Beep का आवाज आने के बाद तथा पर्ची प्राप्त करने के उपरांत ही अपना खाद्यान्न/सामग्री प्राप्त करें।
- दुकान दार द्वारा उपर्युक्त वस्तुओं का वितरण निर्धारित मात्रा एवं दर पर नहीं किये जाने पर लाभुक Toll Free No- 18002125512 एवं 1967 पर शिकायत कर सकते है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
चतरा।

PR.NO.347045 Food Public Distribution and Consumer Affairs(24-25):D

## कार्यालय राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –NREP/HAZARIBAG/18/2024-25

दिनांक 21.02.2025

मद का नाम – जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

1. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.03.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 03.03.2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से 12.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – एन०आर०ई०पी० कार्यालय, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 15.03.2025 को अपराह्न 11:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०–7321025542 ई–मेल – nrephazaribag@gmail.com
निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बन्द कर दिया जाता है कि उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

| क्र० सं० | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि | कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | चुरचू | ग्राम चरही श्यामपट्टी में आर्यानगर सोसाईटी अन्तर्गत बबीता देवी के बाउण्ड्री से लालजी महतो के चाहरदिवारी तक गार्डवाल, नाला सहित पथ का निर्माण। | 1183700.00 | 2500.00 | 23700.00 | छः माह | प्रथम |
| 2 | चौपारण | ग्राम जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय पिपरा में चाहरदिवारी निर्माण। | 2348200.00 | 5000.00 | 47000.00 | छः माह | प्रथम |
| 3 | पदमा | ग्राम पंचायत सुर्यपुरा में अवस्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तिलैयडीह का उन्नयन कार्य। | 1999800.00 | 5000.00 | 40000.00 | छः माह | प्रथम |
| 4 | ईचाक | ग्राम कुरहा में मध्य विद्यालय कुरहा का उन्नयन कार्य। | 4189800.00 | 5000.00 | 83800.00 | छः माह | प्रथम |
| 5 | ईचाक | ग्राम कुरहा में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कुरहा का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2615500.00 | 5000.00 | 52400.00 | छः माह | प्रथम |
| 6 | दारू | ग्राम रामदेवखरिका में प्राथमिक विद्यालय, रामदेवखरिका का उन्नयन कार्य। | 4213600.00 | 5000.00 | 84300.00 | छः माह | प्रथम |

8. पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प सं०–2146(s) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्युन निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।
9. इस निविदा में क्रमांक 01–06 पर अंकित योजनाओं के लिए भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट :–
केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www-jharkhand tenders.gov.in/ कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,
हजारीबाग।

PR 347069 Rural Development (24-25)D

## हेल्थ सेक्टर पर पूरा जोर

केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी। गत गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। हालांकि, फ्रंटलाइन स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर-घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 फीसदी है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का मकसद है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे। दरअसल,भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है।

### कार्टून वर्ल्ड



### आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

## निवेश के सूत्र समझते हैं डॉ. मोहन यादव

डॉ. मयंक चतुर्वेदी निवेश का महत्व अर्थ की महत्ता के साथ सदियों से रहता आया है, किंतु यह निवेश तभी संभव है जब परस्पर के संवाद में गहराई हो, आत?मीयता के साथ ही आर्थि?क लाभ का पक्ष भी दोनों ओर से बराबर जुड़ा हो। यह सूत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अच्छे से समझते हैं। एक व्यापारी, उद्योजक और निवेशक अपनी पूंजी के प्रवाह को किसी स्थान पर लगा देने के पूर्व वह यह आश्वस्ती अवश्य चाहता है कि जहां वह अपना अर्थ व्यय कर रहा है या भविष्य की दृष्टि से अपने रुपयों का निवेश कर रहा है, वह हर हाल में न केवल सुरक्षित हो, ब्लकि सर्व सुविधा सम्पन्न भी हो, ताकि आगे किसी भी प्रकार की कोई बड़ी परेशानी का सामना न करना पड़े। वैसे संवाद से निरुक्त के आचार्य यास्क भी याद आते हैं। वास्वत में ऋषि यास्क निरुक्त के वे लेखक हैं, जो शब्द व्युत्पत्ति, शब्द वर्गीकरण एवं शब्दार्थ विज्ञान पर एक तकनीकी प्रबन्ध प्रस्तुत करते हैं। जिसमें कि उनके द्वारा सबसे अधिक परस्पर के संवाद पर जोर दिया गया है। मध्य प्रदेश में भी इन दिनों एक संवाद होता देखा जा रहा है। यह संवाद राज्य में रहनेवाले प्रत्येक नागरिक के लिए पर्याप्?त रोजगार हो और वह सुख से अपना जीवन निर्वाह करे, इसके लिए किया जा रहा है। जिसके कि वाहक बने हैं, राज्य के प्रमुख होने के नाते डॉ. मोहन यादव । एक मुख्यमंत्री के तौर पर नितरोज नवाचार करना एवं आर्थकि समृद्धि के लिए प्रयास करते हुए उन्हें देखा जा रहा है। इस दिशा में मध्यप्रदेश के भोपाल में हो रही इन्वेस्ट मध्यप्रदेश - ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 ने निवेशकों, व्यवसायियों और उद्योगों के लिए 'अनंत संभावनाओं' की एक दिशा तय कर दी है। इस आयोजन की सफलता इससे भी समझी जा सकती है कि देश के किसी प्रधानमंत्री ने इसके महत्व को समझते हुए यहीं रात्रि विश्राम करने के लिए अपना कार्यक्रम बनाया ताकि अधिकतम लोगों से मिलकर मध्?य प्रदेश की समृद्धि से देश के विकास के लिए जरूरी विमर्श किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले कौन प्रधानमंत्री भोपाल में रुका है, यह याद नहीं आता, बहुत पहले इतिहास में किसी ने स्वाधीनता के पश्चात यहां अपनी रात ०?यतीत की होंगी। ि मोहन सरकार की सफलता ही है कि मप्र के विकास की अपार संभावनाओं में वे हर अवसर का भरपूर उपयोग कर लेना चाहते हैं। वस्तुतः इस




आयोजन के पूर्व समय पर दृष्टि डालें तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए इतने अधिक संकल्पि?त दिखाई दे रहे हैं कि देश के महानगरों में उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्शन, प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और जर्मनी-यूके में निवेश की अपार सफलता के बाद वे विदेशी उद्योजक से संवाद करने के लिए जापान जा पहुंचे थे। वहां उन्होंने जापान के टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से म.प्र. में निवेश के संबंध में संवाद करने के साथ ही उनसे यह भी वादा ले लिया था कि आगामी माह में होने जा रही 24 और 25 फरवरी 2025 को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट वे मप्र आ रहे हैं और यहां अपने उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा निवेश भी करेंगे। जहां जिस भी देश में मुख्यमंत्री गए और वहां के उद्योगपतियों से संवाद किया, वहां कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी-आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित बातचीत इतनी सफल रही है कि यूके, जर्मनी, जापान समेत अनेक देशों से मध्य प्रदेश आनेवाले उद्योगपतियों की एक बड़ी संख?या है जो यहां आकर अब निवेश के लिए अपने क्षेत्र का निर्धारण करते हुए उद्योग स्थापित करेंगे। आज जापान, मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत-जापान व्यापार सूएसडी 22.85 बिलियन तक पहुंचा, जिसमें मध्यप्रदेश ने एल्यूमिनियम, केमिकल्स, फार्मास्यूटिकल्स, और वस्त्र जैसे उत्पादों का निर्यात किया। राज्य में ब्रिजस्टोन, पैनासोनिक, सनोह, एनएचके, और कोमात्सू जैसी प्रमुख जापानी कंपनियां सफलतापूर्वक काम कर रही हैं।जापान इन्वेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में 'पार्टनर कंट्री' के रूप में भाग ले रहा है। इसी तरह से जर्मनी पार्टनर कंट्री केरूप में शामिल हुआ है।



- डॉ मयंक

> जिस भी देश में मुख्यमंत्री गए और वहां के उद्योगपतियों से संवाद किया, वहां कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी-आईटीईएस और रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस और रक्षा, सहित पर्यटन जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित बातचीत इतनी सफल रही है कि यूके, जर्मनी, जापान समेत अनेक देशों से मध्य प्रदेश आनेवाले हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जर्मनी के म्यूनिख दौरे के दौरान सीआईआई और जर्मन इंडियन इनोवेशन कॉरिडोर - सेंट्रल इंडिया के समन्वय से जर्मन निवेशकों को मध्यप्रदेश में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया था। समिट में 60 देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी होगी, जिसमें डिपार्टमेंटल समिट, पार्टनर कंट्री सेशन, प्री-बिड सत्र, थीम आधारित सेशन और उद्योगपति एवं निवेशकों के साथ बैठकें शामिल हैं। इसमें भी मोहन सरकार ने एक नवाचार यहां यह किया है कि उसने देश भर के अधिक से अधिक आंत्रप्रेन्योर से सीधा संवाद किया है और अपने इस भव्य, दिव्य आयोजन में 10,000 से ज्यादा आंत्रप्रेन्योर और लीडर्स को एक साथ आमंत्रित किया। ताकि वे अपने लिए मध्य प्रदेश में संवाभनाएं तलाश सके। वैसे डॉ. मोहन यादव आर्थिक विकास के लिए एक बड़ा कार्य इंडस्ट्रियल सेक्टर पीथमपुर, इंदौर, देवास, उज्जैन और धार को मिलाकर एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने का है, जोकि उनकी एक बड़ी परियोजना है। यह एरिया इतना ०?यापक है कि इसमें मोहन सरकार करीब 10000 किलोमीटर में नई इंडस्ट्रीज लगाने जा रही है। अर्थात रोजगार के इतने अवसर वह राज्य में पैदा कर देना चाहती है कि न सिर्फ मध्य प्रदेश के बलकि दूसरे कई राज्यों को मप्र भविष्य में पर्याप्त रोजगार उपलब्ध कराने वाले राज्य में रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। कहना होगा कि मप्र में जो यह ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट हो रही है, इसके माध्यम से दुनिया भर के निवेशक मध्य प्रदेश की क्षमता को देख और समझ रहे हैं। इससे राज्य में विकास को तो हर क्षेत्र में गति मिलेगी ही साथ ही पर्याप्?त लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलने जा रहे हैं। आज मुख?यमंत्री जिस तरह से सीधे सभी से संवाद कर रहे हैं, उसे देखकर यह अवश?य लगने लगा है कि मध्य प्रदेश आनेवाले समय में इतनी अधिक गति पकड़ेगा कि देश का कोई अन्य राज्य उसकी गति को शायद ही पकड़ पाए। ऐसे में मध्य प्रदेश बहुत तेजी से विकसित राज्य की श्रेणी में अपने को लाने में अवश्य सफल होता दिखाई देता है। निश्चित ही इसके पीछे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के किए जा रहे अपार संवाद की बड़ी भूमिका स्पष्ट नजर आती है। (लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

### लेटर टू एडिटर

#### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

#### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

### ट्वीट

महाकुंभ समागम हिंदू धर्म के अध्यात्म और संस्कृति का भव्य एवम प्राचीन आयोजन है । यह अलौकिक दृष्टान्त को देखने और अनुभव करने की प्रबल इच्छा मुझे यहाँ खींच लाई । देश विदेश के लाखों लोग कौतूहल आँखों से इसे देखने आए थे । नई पीढ़ी बड़े प्यार से अपने बुजुर्ग दादा दादियों को सहारा देकर संगम की और ले जा रही थी, परम्पराएँ और रिश्ते पुनर्जीवित हो उठीं थीं । पूरा अनुभव आपको माँ भारती की विविधता और अनूठेपन का दर्शन कराती है । विद्या , विधि , विषय और विधान भले थोड़े भिन्न हों परंतु आत्मा एक हैं - यह भारतीय प्राचीन इतिहास का जिवित धरोहर है ! जरूर जाइये !कुंभ आकर धन्य हुई। जय भोलेनाथ हर हर गंगे। **- निशा उरांव, निदेशक पंचायती राज, झारखंड**

## औद्योगिक नीति को नया स्वरूप



**निधि सिंह**

सामयिक

नई औद्योगिक नीति केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त उपक्रम होनी चाहिए। एक ऐसी नीति जो कारोबारियों के अनुकूल होने के बजाय बाजार के अनुकूल हो।

वैश्विक अर्थव्यवस्था में इन दिनों सक्रिय औद्योगिक नीतियों के विस्तार का दौर है जिनके बारे में संदेह है कि वे कंपनी मालिकों को समृद्ध बनाने के अलावा शायद ही कुछ कर रही हैं। उदाहरण के लिए चिप निर्माण को मौजूदा व्यापक सब्सिडी आधारित सरकारी समर्थन जो भूराजनीतिक चिंताओं से संचालित है वह विश्व स्तर पर क्षमता अधिशेष की स्थिति बना सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत कम हो सकती है और यह संरक्षणवादी उपायों को प्रेरित कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप राज्यों में चिप इस्तेमाल करने वाली विनिर्माण गतिविधियों की लागत बढ़ सकती है।

बीते कुछ वर्षों में विश्व स्तर पर औद्योगिक नीतियों में विश्वस्तर पर विसंगति आई है और 2017 में जहां कुछ सौ नीतियां थीं, वहीं 2023 में उनकी संख्या 2,000 हो गई। अकेले भारत में 100 नीतियां हैं। भारत में ऐसी औद्योगिक नीतियों की एक परंपरा रही है। 10 वर्ष पहले 2014 में ह्यमेक इन इंडियाह्ल पहल के रूप में इसका एक उदाहरण सामने आया था। तब से कई क्षेत्रों के लिए अलग-अलग उपाय घोषित किए गए।

कंपनियों को सब्सिडी समर्थन का प्राथमिक स्वरूप राजस्व का नुकसान है जो 2022-23 में 1.09 लाख करोड़ रुपये था। यह राशि कुल संग्रहित कॉर्पोरेशन कर की 13 फीसदी थी। हाल ही में चिप निर्माण तथा कई अन्य उद्योगों के लिए उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत और अधिक प्रत्यक्ष सब्सिडी की घोषणा की गई। परंतु मेक इन इंडिया कार्यक्रम की अवधि (2014-15 से 2023-24) के दौरान विनिर्माण वृद्धि सकल मूल्यवर्धन में विनिर्माण की हिस्सेदारी पहले पांच सालों के 16-17 फीसदी से घटकर अंतिम पांच सालों में 14-15 फीसदी रह गई। चुनिंदा क्षेत्रों और कंपनियों पर केंद्रित सक्रिय औद्योगिक नीति की वजह से औद्योगिक वृद्धि में गति नहीं आई। सरकार की औद्योगिक नीति बाजार के अनुकूल होनी चाहिए, न कि कारोबार के। क्योंकि बाजार के अनुकूल होना सांठगांठ वाले पूंजीवाद की ओर ले जाता है। 1991 के बाद सबसे उल्लेखनीय परिवर्तन था औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त करना और अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था में चरणबद्ध बदलाव करते हुए मात्रात्मक व्यापारिक नियंत्रणों का अंत, विनिमय दर सुधार और टैरिफ में कमी करना।दोनों ही महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि इन्होंने निजी निवेश पर असर डाला और वैश्विक वित्तीय तथा व्यापार अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति मजबूत की। हालांकि मेरी नजर में सबसे महत्त्वपूर्ण बदलाव वित्तीय बाजारों की संस्थागत व्यवस्था में नजर आया जिसने बचत-निवेश प्रवाह को प्रभावित किया। इसे अधिक प्रतिस्पर्धी बनाया और निजी निवेश को गति देने का काम किया।

ऐसे उल्लेखनीय बदलाव किए गए जिन्होंने वित्तीय बाजार को बदल दिया। सबसे प्रभावी बदलाव था बैंकों और म्युचुअल फंड क्षेत्रों को निजी उपक्रमों के लिए खोलना। इससे इन सेवाओं की गुणवत्ता में काफी बदलाव आया। शेयर कारोबार को डीमैट की मदद से सहज बनाया गया और इससे लोगों की रुचि इसमें जागी। नियामकीय प्राधिकार के भी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड यानी सेबी के हाथ में जाना भी एक अहम बदलाव रहा।

सरकार की वित्तीय नीतियों में ऐसे तमाम बदलाव भी बीते चार दशक में देश की औसतन छह फीसदी की वृद्धि दर के पीछे अहम कारण रहे। वित्तीय बाजारों को उदार बनाने में भी निजी कॉर्पोरेट वृद्धि में मदद की। इससे निजी कंपनियों की नई पूंजी बढ़ी और म्युचुअल फंड में इजाफा हुआ। डिजिटल अधोसंरचना का तेज विकास भी वित्तीय व्यवस्था के व्यापक उदारीकरण के लिए अहम रहा है। इन बातों की वजह से निजी कॉर्पोरेट निवेश, सरकारी क्षेत्र की तुलना में तेजी से बढ़ा। दोनों के बीच का अनुपात 1990-91 के 0.37 से बढ़कर 2022-23 में 1.63 हो गया।2022-23 में विनिर्माण के निवेश की बात करें तो निजी क्षेत्र 71 फीसदी, घरेलू क्षेत्र के छोटे उपक्रम 22 फीसदी और सरकारी क्षेत्र केवल 7 फीसदी के लिए जिम्मेदार रहा। वित्तीय क्षेत्र सुधार के कारण आए बदलाव का एक मानक सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी की तुलना में बाजार मूल्यांकन की प्रतिशत के रूप में बढ़ती हिस्सेदारी है।

1991-92 से 2004-05 के बीच के 37 फीसदी से बढ़कर 2005-06 से 2023-24 के बीच यह औसतन 85 फीसदी हो गया। क्षेत्र और तकनीक के बारे निर्णय निवेश करने वाली कंपनियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

## तमिलनाडु में हिन्दी विरोध के मायने

**डॉ. आरबी चौधरी**

समस्या

> सबसे बड़ा हिन्दी विरोधी आंदोलन 1948-1950 के बीच हुआ। इस दौरानहड़तालें हुईं। वर्ष 1965 में मदुरै में हिन्दी विरोधी दंगे भड़क उठे जिसके परिणामस्वरूप लगभग 70 लोग मारे गए।आज भी तमिलनाडु में हिंदी विरोध विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। द्रमुक और अन्य दल गैर-हिन्दी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का विरोध कर रहे हैं। जबकि भारत सरकार हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के प्रयास में लगी हुई है। वर्तमान विरोध ने यह स्वीकार करना आरंभ कर दिया है कि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भी आधिकारिक भाषा बनी रहे।

तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित पोलाची में तमिल समर्थकों ने 23 फरवरी को रेलवे स्टेशन के बोर्ड पर हिन्दी में लिखे नाम पर कालिख पोतकर भाषा विवाद को और गरमा दिया। रेलवे सुरक्षा बल ने इन लोगों की पहचान कर मामला दर्ज किया है। सच पूछिए तो यह घटना एक बड़े विवाद का हिस्सा है, जिसमें तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के माध्यम से हिन्दी थोपने का आरोप लगाया है। द्रमुक इस आरोप से इनकार करते हुए भाजपा के साथ वाक युद्ध में लगी हुई है।

तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की जड़ें 20वीं सदी की शुरूआत से हैं। विरोध प्रदर्शन तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा की इच्छा से प्रेरित है। अधिकांश तमिल आज भी हिन्दी को अपनी पहचान के लिए खतरा मानते हैं।इतिहास के पन्ने को पलटने पर ज्ञात होता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1937 में स्कूलों में अनिवार्य हिन्दी शिक्षण की शुरूआत की। तमिलनाडु में इसका व्यापक विरोध हआ। विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व पेरियार ई.वी. रामासामी और जस्टिस पार्टी ने किया। 1937-1940 के आंदोलन के दौरान 1,198 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया और 1,179 को दोषी ठहराया गया। सबसे बड़ा हिन्दी विरोधी आंदोलन 1948-1950 के बीच हुआ। इस दौरानहड़तालें हुईं। वर्ष 1965 में मदुरै में हिन्दी विरोधी दंगे भड़क उठे जिसके परिणामस्वरूप लगभग 70 लोग मारे गए।आज भी तमिलनाडु में हिंदी विरोध विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। द्रमुक और अन्य दल गैर-हिन्दी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का विरोध कर रहे हैं। जबकि भारत सरकार हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के प्रयास में लगी हुई है। वर्तमान विरोध ने यह स्वीकार करना आरंभ कर दिया है कि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भी आधिकारिक भाषा बनी रहे। वर्तमान विरोध सिर्फ राजनीतिक क्रियाकलाप है। वैसे, तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की वास्तविकता जटिल है। इसमें राजनीतिक और सांस्कृतिक दोनों कारक शामिल हैं। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वर्तमान विरोध तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा करने की वास्तविक इच्छा से प्रेरित है। बुद्धिजीवी और आम आदमी इसे राजनीतिक दलों द्वारा लाभ प्राप्त करने के साधन के रूप में देखता है।सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-25 आयु वर्ग के 71 प्रतिशत लोगो ने बिना समझे-बूझे हिन्दी थोपने का विरोध किया। यूगऊ के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-24 वर्ष की आयु के तमिलनाडु के 63 प्रतिशत निवासियों का मानना था कि स्कूलों में हिन्दी को जरूर पढ़ाया जाए लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए।

कुछ लोग तर्क देते हैं कि हिन्दी जानने से नौकरी के अवसर बढ़ सकते हैं और व्यापार और व्यापार संबंधों को सुविधाजनक बनाया जा सकता है। तमिलनाडु में भी मनोरंजन की दुनिया का लुफ्त उठाने के लिए हिन्दी भाषा को व्यावसायिक भाषा माना जाता है। लेकिन राजनीतिक के संवर्ग के लोग इसे तमिल संस्कृति और भाषा के लिए खतरा मानते हैं।नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की 60 फीसदी आबादी हिन्दी बोलती है। भाषा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य में तमिलनाडु की 40 फीसद आबादी को हिन्दी का कुछ ज्ञान है और धीरे-धीरे लोग हिन्दी को सीख रहे हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में हिन्दी पढ़ने की गति तेज हुई है। लोग प्रदेश से बाहर जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहते हैं और देशभर में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा हिन्दी का लाभ उठाना चाहते हैं। इस कार्य में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का बहुमूल्य योगदान है। सन् 1964 में सभा को संसद ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की संस्था' घोषित किया था।देखा जाए तो डुओलिंगो, इटालकी और प्रीप्ली जैसे कई ऐप और ऑनलाइन प्लेटफार्म हिन्दी भाषा के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और तमिलनाडु सहित भारत के तमाम हिस्सों में इन्हें काफी डाउनलोड और उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त, लिंग और ड्रॉप्स जैसे कुछ ऐप हिन्दी सीखनें के लिए इंटरैक्टिव और गेमीफाइड पाठ प्रदान करते हैं, जो तमिलनाडु की युवा आबादी को आकर्षित कर सकते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, दक्षिण भारत में लगभग 30 फीसद लोग हिन्दी गाने सुनते हैं।

एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि तमिलनाडु में लगभग 70 फीसद छात्र हिन्दी की अज्ञानता के कारण केंद्रीय नौकरी में नहीं जा पाते हैं। इन बातों को स्वीकार करते हुए तमिलनाडु सरकार ने 1968 में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया था। अंततः, तमिलनाडु पर हिन्दी थोपने या न थोपने का निर्णय एक जटिल मुद्दा है। इसमें कई कारक शामिल हैं। एक बात बहुत स्पष्ट है कि तमिलनाडु के लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी भाषा की राजनीति में रुचि नहीं रखती। वह हिन्दी सीखने के लिए उत्सुक हैं।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

स्पीड न्यूज

## सिकंदर मेहता बने बजरंग दल के जिला संयोजक



सिकंदर मेहता बने बजरंग दल के जिला संयोजक, गोविंद यादव बने जिला सहसंयोजक

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बजरंग दल के संगठन विस्तार के तहत पदमा प्रखंड के बड़गांव निवासी सिकंदर मेहता को जिला संयोजक और गोविंद यादव को जिला सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। इस घोषणा के बाद संगठन से जुड़े कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत करने की उम्मीद जताई। रामगढ़ स्थित मरवाड़ी धर्मशाला में तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई, जिसमें हजारीबाग जिले में बजरंग दल के संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक में केंद्रीय विशेष संपर्क प्रमुख अंबरीष सिंह, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, संगठन मंत्री देवी सिंह सहित कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। इन्हीं के हाथों सिकंदर मेहता और गोविंद यादव को पदभार सौंपा गया।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों की प्रतिबद्धता :** नियुक्ति के बाद सिकंदर मेहता ने कहा, 'संगठन ने जो भरोसा जताया है, उसे कायम रखने के लिए मैं पूरी निष्ठा से कार्य करूंगा।' वहीं, गोविंद यादव ने अपने दायित्व को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का संकल्प लिया और संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सोशल मीडिया और फोन कॉल के माध्यम से बधाइयां मिलने लगीं। जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर के कार्यकताओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं। संगठन से जुड़े वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग जिले में बजरंग दल और अधिक संगठित और प्रभावी होगा, जिससे हिंदू हित के कार्यों को नई दिशा मिलेगी।

## महाकुंभ जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त, 30 श्रद्धालु घायल, 2 की हालत गंभीर



घायलों का किया जा रहा इलाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** महाकुंभ प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस एनएच-19 पर चौपारण थाना क्षेत्र के सियरकोनी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा तब हुआ जब बस ने एक खड़े ट्रक के पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 30 यात्री घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एनएचएआई की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और चिकित्सक मिंटू गुप्ता के नेतृत्व में घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद सभी घायलों को चौपारण सरकारी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है।

**घायलों की सूची :** दुर्घटना में घायल श्रद्धालुओं में उत्तम उरांव (48), रुद्र कुमार (11), पार्वती मिस्त्री (48), टपो सिन्हा (42), गीता (38), अनीता (16), अमल पाल (40), उमर मुंडल (52), शुक्ला हंडाल (42), हरिपद मंडल (50), रेनुका डकुवा (48) सहित अन्य यात्री शामिल हैं। बस कोलकाता से महाकुंभ प्रयागराज जा रही थी, तभी यह हादसा हुआ। प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है और घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

## स्थानीय पत्रकारों के लिए आध्यात्मिक यात्रा आयोजन



पत्रकार बंधू अपने परिवार के साथ

**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने स्थानीय पत्रकारों और उनके परिवारों के लिए चार दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा का आयोजन कर उनके साथ अपने संबंधों को और मजबूत किया। इस यात्रा में पत्रकारों को धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के दर्शन कराए गए, जिससे उनके चेहरे पर नई ऊर्जा और उत्साह नजर आया। यात्रा की शुरूआत कुंभनगरी प्रयागराज से हुई, जहां पत्रकारों और उनके परिवारजनों ने पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद सभी माँ विंध्यवासिनी की नगरी विंध्याचल पहुंचे, जहां माता के दर्शन कर उन्होंने सुख-समृद्धि की कामना की। तीसरे दिन यात्रा का कारवां सांस्कृतिक और आध्यात्मिक नगरी काशी (वाराणसी) पहुंचा। यहां सभी ने ऐतिहासिक मंदिरों का दर्शन किया और बनारस के प्रसिद्ध अस्सी घाट से मणिकर्णिका घाट तक भ्रमण किया। मणिकर्णिका घाट पर सभी ने जीवन के अंतिम सत्य को करीब से देखा और इस अनुभव को अविस्मरणीय बताया। वाराणसी प्रवास के बाद टीम अपने घरों के लिए रवाना हुई। रास्ते में माँ भद्रकाली मंदिर में दर्शन-पूजन कर इस आध्यात्मिक यात्रा का समापन हुआ। इस यात्रा ने पत्रकारों के मन में सकारात्मक ऊर्जा और अध्यात्म का संचार किया। सभी पत्रकारों ने पकरी बरवाडीह प्रबंधन का आभार जताते हुए कहा कि यह यात्रा हमारे लिए यादगार रही, जिसने हमें नई यादें और सुखद अनुभव दिए, जो हमें हमेशा प्रेरित करेंगे।

## केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति की देवरिया पंचायत भवन में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरहुल पूजा को लेकर सोमवार को देवरिया पंचायत भवन में पूजा समिति की बैठक हुइ। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर बेदिया ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ सरहुल पूजा मनाने को लेकर चर्चा की। कहा गया कि पूजा की सफलता को लेकर आगामी 28 फरवरी शुक्रवार को बैठक कर कमेटी का विस्तार किया जायेगा। मौके पर राजन करमाली, रामदास बेदिया, विक्रम करमाली, शशि करमाली, हरिलाल बेदिया, विक्की करमाली, सुनील बेदिया, देवशरण मुंडा, छोटा राजन, रंजीता करमाली आदि मौजूद थें।

पुंडी परियोजना चालू करने सहित अन्य मांगों को पूरा करने का मिला आश्वासन

# 12 सूत्री मांग को लेकर जनता मजदूर संघ ने पुंडी परियोजना प्रबंधन के साथ की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** सीसीएल दरभंगा हाउस रांची द्वारा जनता मजदूर संघ के साथ वार्षिक मीटिंग को लेकर सभी परियोजना को पत्र प्रेषित किया गया है। इसी के आलोक में सोमवार को संघ ने अपने 12 सूत्री मांग को लेकर सीसीएल पुंडी परियोजना में प्रबंधन के साथ बैठक आयोजित किया। बैठक में संघ के द्वारा सीसीएल कुजू क्षेत्र में विकास को लेकर 12 सूत्री मांगों पर चर्चा किया गया। साथ उक्त मांगों को पीओ को सौपा। सौपे गए मांग पत्र में पुंडी परियोजना को जल्द चालू करने, सवेंदनशील शील व अति सवेंदनशील पदों पर 3 साल से अधिक समय तक कार्य कर रहे कर्मचारियों का विजीलेंस गाइडलाइंस के तहत स्थानांतरित करने, परियोजना के अंतर्गत लिपिक कार्य कर रहे कर्मियों को आगामी मेन पावर बजट 2025-26 में लिपिक पदों पर चयन कर पदोन्नति एवं मुख्यालय से पोस्ट मंगाने, पुंडी परियोजना ईएंडएम विभाग में कैटेगरी ए का पोस्ट करने, पुंडी परियोजना में वाटर फिल्टर कई माह से खराब है मरम्मती कराने, अवैध मुहानों व सुरंग बनाकर किये जा रहे अवैध उत्खनन पर रोक लगाने, परियोजना में मजदूरों का हाजिरी अलग-अलग जगह लगाया जाता है, उसे सेंट्रलाइज हाजिरी बनवाया जाए। सर्वे ऑफ बस चलाया जा रहा है उसे न्यू बस देने सहित मांग शामिल है।



बैठक में शामिल प्रबंधन व संघ के पदाधिकारी

सभी मांगो पर प्रबंधन ने सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में पीओ अभिमन्यु सिंह, कार्मिक प्रबंधक रॉबर्ट शांडिल्य, विद्युत एवं यांत्रिक मुरल के अलावे संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष एसके ओझा, क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष उमेश प्रसाद साहू, शाखा सचिव ब्रह्मदेव राम, कुजू कोलियरी सचिव रोशन लाल महतो, अख्तर हुसैन, ऐलारुस उरांव, ललित करमाली, रंजीत नोनिया, गंगाराम महतो आदि शामिल थे।

## धूमधाम से मनाई गई माता शबरी जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के बैनर तले पकरी बरवाडीह भोक्ता स्थान राम-जानकी मंदिर में माता शबरी जयंती को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भुइयां समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम ने की, जबकि संचालन महावीर राम ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख फुलवा देवी मुख्य अतिथि थीं, जबकि जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, पूर्व मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ महतो, पॉलिटिकल साइंस स्कैनर लेखक विपिन कुमार, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। प्रमुख फुलवा देवी ने कहा, माता शबरी प्रेम, भक्ति और तपस्या की प्रतीक थीं। उन्होंने समाज को समरसता और निष्ठा का संदेश दिया। वहीं, सुनीता देवी ने भुइयां समाज को शिक्षा की ओर ध्यान देने की अपील करते हुए कहा, माता शबरी की संतान कहलाने के बावजूद समाज अब भी पिछड़ा है, जिसे शिक्षा के माध्यम से दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों ने शानदार डांस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इसके अलावा कपिल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा माता शबरी के भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर सचिव शंकर भुइयां, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष शारदा ऋषि, खेमलाल भुइयां, गिरजा भुइयां, रामचंद्र भुइयां, गणेश भुइयां, वार्ड सदस्य फूलचंद भुइयां, सविता देवी, संतोष भुइयां सहित भुइयां समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया और माता शबरी की शिक्षाओं को आत्मसात करने की अपील की गई।



मौके पर उपस्थित लोग

## मां शबरी जयंती पर झुमरा शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई

**दारु।** मां शबरी जयंती समारोह के अवसर पर झुमरा शिव मंदिर से 501 कलश के साथ कलशयात्रा निकाली गई, जिसमें प्रखंड के कई गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तजनों ने पारंपरिक वेशभूषा और भक्तिमय उल्लास के साथ यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा झुमरा शिव मंदिर से आरंभ होकर शिवानी नदी तक गई, जहां भक्तों ने विधिवत रूप से कलश में पवित्र जल भरा। इस दौरान शबरी माता एव जय श्री राम के नारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान रहा। यात्रा पूर्ण के बाद कलश यात्री शिव मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां कलशों को ससम्मान स्थापित किया गया। जयंती समारोह के तहत मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा-अर्चना की गई।

## ग्राम सभा एवं बाल सभा का आयोजन



बाल सभा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के ईरगा पंचायत भवन और दारू पंचायत भवन में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सबकी योजना, सबका विकास कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा एवं बाल सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के निदेर्शानुसार हुई इस बैठक में महिलाओं और बच्चों को आगामी विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। ईरगा पंचायत की सभा की अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी और दारू पंचायत की सभा की अध्यक्षता मुखिया सुनील कुमार ने की। इसमें ललिता देवी, सुनीता देवी, सोनी देवी, मालती देवी, रेखा देवी, दिवली कुमारी, विनीता देवी, रेनू बाला देवी, किरण देवी, खरिया कुमारी, शैला देवी समेत सैकड़ों महिलाएं शामिल हुईं। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष में लागू होने वाली योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

ईरगा पंचायत के चंपाबागी राजकीय मध्य विद्यालय में बाल विकास मंच का गठन किया गया। इसमें बिट्टू कुमार को अध्यक्ष और विधिका कुमारी को सचिव चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विद्यावती कुमारी, सीआरपी मीनाक्षी अंबास्ता, शिक्षक जय नारायण और मंजू देवी भी उपस्थित रहीं। यह आयोजन ग्राम विकास और बाल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिसमें महिलाओं और बच्चों को सीधे विकास प्रक्रिया से जोड़ने का प्रयास किया गया।

## नौकरी के नाम पर 3 करोड़ की ठगी !

### 100 से ज्यादा युवाओं से लिया पैसा, अब होगी जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बेरोजगार युवाओं को नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इंद्रपुरी निवासी भुक्तभोगी सुभाष कुमार ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर इस ठगी की शिकायत की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सुभाष सिंह ने इसकी जांच शुरू करने की बात कही है।

**ऐसे दिया गया ठगी का झांसा :** शिकायत के अनुसार, कटिहार निवासी रवींद्र कुमार यादव, जो वर्तमान में इंद्रपुरी में रहता है, ने जमशेदपुर और बोकारो जैसी जगहों पर नौकरी दिलाने का वादा किया। आरोपी ने कई बेरोजगार युवाओं को अपने जाल में फंसाया और 3 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी कर ली।

### कटिहार में भी दर्ज हुई प्राथमिकी

इस मामले में कटिहार थाना में भी शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि ठगी के पैसों से आरोपी ने कटिहार के कटरा बाजार में पांच मंजिला कॉम्पलेक्स और दिल्ली के सरिता विहार में एक अपार्टमेंट खरीदा है। फिलहाल, पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और ठगी के शिकार युवाओं को न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### होटल में बुलाकर वसूले लाखों रुपये

युवाओं को पहले फोन पर बात कर कटिहार बुलाया गया, जहां आरोपी ने उन्हें झारखंड और बिहार की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। खुद को बड़े संपर्कों वाला व्यक्ति बताकर उसने दावा किया कि उसकी पत्नी ममता कुमारी मनिहारी की अध्यक्ष हैं और उसकी ऊंची पहुंच है। इसी बहाने आरोपी ने बेरोजगार युवाओं से लाखों रुपये की मांग की। इसके बाद, युवकों को हजारीबाग के एक होटल में बुलाकर उनसे चेक के माध्यम से पैसे लिए गए। जब काफी समय बीतने के बावजूद नौकरी नहीं मिली, तो भुक्तभोगी कटिहार में उसके घर पहुंचे, जहां आरोपी और उसके सहयोगियों ने उनकी पिटाई कर उन्हें भगा दिया।

## सड़क दुर्घटना के विरोध में दो दिनों तक सड़क जाम

### मुआवजे की मांग पर अड़े रहे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत के विरोध में बड़कागांव-हजारीबाग रोड स्थित टीपी-5 के पास दो दिनों तक सड़क जाम रहा। यह जाम 23 फरवरी दोपहर 2 बजे से शुरू होकर 24 फरवरी शाम 5 बजे तक जारी रहा, जिससे आमजन और कोयला ढुलाई प्रभावित रही।

**पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने उठाई पीड़ित परिवार की आवाज :** 23 फरवरी को दुर्घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद मौके पर पहुंचीं और मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने कहा, बड़कागांव की जनता कब तक इस तरह की घटनाओं को झेलेगी? कंपनी को इस समस्या का हल निकालना होगा, वरना बड़ा आंदोलन होगा।

**परिजनों की मांग पर अड़ा रहा आंदोलन :** मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने शव को हजारीबाग टीपी-5 घाटी के पास रखकर सड़क जाम कर दिया और 60 लाख मुआवजा, मृतक की दोनों पत्नियों को नौकरी तथा उसके 5 साल के बच्चे को आजीवन शिक्षा देने की मांग की।

बड़कागांव प्रशासन और एनटीपीसी के अधिकारी 23 फरवरी से ही जाम हटाने के लिए ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे, लेकिन परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। इस बीच एनटीपीसी पंकरी कोल परियोजना के त्रिवेणी सैनिक कोयला ढुलाई कार्य पूरी तरह ठप रहा और आसपास के गांवों के यातायात पर भी असर पड़ा। समाचार लिखे जाने तक पूर्व विधायक अंबा प्रसाद प्रशासनिक अधिकारियों से ग्रामीणों के पक्ष में वार्ता कर रही थीं।

### कैसे हुआ हादसा?

23 फरवरी की सुबह करीब 9 :30 बजे, जुगरा पकवानाला पुल के पास एक हाईवा (भारी वाहन) के चकमा देने से दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गईं। हादसे में उपरेली डाड़ी निवासी बीगन महतो (42 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज हजारीबाग में चल रहा है।



अम्बा प्रसाद व अन्य

एक नजर में

## खान सुरक्षा अधिनियम का हो रहा उल्लंघन : डॉ. आशीष कुमार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद भारत सरकार को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में डॉ. आशीष कुमार ने कहा है कि बरका-सयाल प्रक्षेत्र अंतर्गत सयाल डी कोलियरी में चल रहे आउटसोर्सिंग आरए माइनिंग कंपनी द्वारा कोल इंडिया खान सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन किया जा रहा है। खुली खदान के अंदर सुरक्षा अधिनियम को ताक पर रखकर और मजदूरों का जोखिम में डालकर काम कराया जा रहा है। हाईवॉल के अंदर में काम कैसे कराया जा रहा है यह समझ से परे है। उन्होंने कहा है कि प्रबंधन की मनमानी के कारण यहां कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। पत्र में कहा गया है कि मजदूरों को कोल इंडिया हाई पावर कमेटी का न्यूनतम वेतन भी नहीं किया जाता है। इतना ही नहीं स्थानीय को 75 प्रतिशत रोजगार भी नहीं दिया गया है। झारखंड सरकार के अनुसार ना ही मजदूरों को साल में बोनस दिया जाता है न ही मेडिकल की सुविधा दी जाती। सड़कों पर पानी का छिड़काव नहीं होने और सैंकड़ों हरे-भरे पौधों को काट दिये जाने के कारण यहां काफी प्रदूषण फैल रहा है। जिससे लोग संक्रामक बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। श्री कुमार का कहना है कि माइनिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्री राव कहते हैं कि हमारा जैसा मन होगा वैसे खुली खदान चलाएंगे। हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता। पत्र के माध्यम से डॉ. आशीष कुमार ने खान सुरक्षा महानिदेशालय से मांग की गई है की मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच कर खुली खदान को बंद कराया जाए।

## तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में सोमवार को तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन रुचि सिंह और प्रियंका पटेल द्वारा किया गया था। रुचि सिंह और प्रियंका पटेल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के तरीकों से अवगत कराना था। रुचि सिंह और प्रियंका पटेल दोनो तनाव प्रबंधन और मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं। कार्यशाला में छात्रों और शिक्षकों को तनाव प्रबंधन के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें योग, ध्यान, और सांस लेने के तरीकों के बारे में बताया गया। इसके अलावा उन्हें तनाव प्रबंधन के लिए आवश्यक जीवनशैली में परिवर्तन करने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में छात्रों और शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और तनाव प्रबंधन के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक विजयंत कुमार ने कहा कि तनाव प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें अपने छात्रों और शिक्षकों को इसके बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तनाव प्रबंधन एक कला है, जिसे सीखने से हम अपने जीवन को अधिक सुखी और संतुलित बना सकते हैं।

## माता शबरी भक्ति की एक अनोखी मिसाल पेश की है: धर्मराज राम

**कुजू।** चटनियां बस्ती में माता शबरी जी का जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीजल भुईयां व संचालन संतोष भुईयां ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कांग्रेस के प्रदेश सचिव धर्मराज राम शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम माता शबरी जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना समिती के सदस्य व महिलाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा की माता शबरी भक्ति की एक अनोखी मिसाल पेश की है, माता शबरी जी का पूर्व नाम श्रमना था वो एक गंधर्व कन्या थी और एक राजा की बेटी थी। उसके घर में पूजा के अवसर पर पशुओं की बलि दी जाती थी। चूंकि शबरी बचपन से ही भक्ति भाव के प्रति आस्था रखती थी। इसलिए वो इसकी पुरजोर विरोध करती थी।जिसकी वजह से उन्होंने घर त्याग कर दिया और वो वन में जाकर मातंग ऋषि के यहां ईश्वर स्तुति और ऋषियों की सेवा करने लगी।

## सेमीफाइल में पहुंची भुरकुंडवा, चंबल घाटी, कुजू और खलारी की टीम

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर क्षेत्र के आईएजी मैदान में चल रहे लपंगा फुटबॉल टुनार्मेंट के चौथे दिन सोमवार को पहला मैच मामा एलेवन खलारी बनाम पवन एलवेन रामगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें पेनाल्टी शूट में 4-3 से खलारी की टीम विजयी रही। वहीं दूसरा मैच चुटू एफसी रांची बनाम टोकीसुद एफसी के बीच खेला गया। जिसमें टोकीसुद की टीम 1-0 से विजय रही। वहीं क्वार्टर फाइनल मैच खलारी बनाम टोकीसुद के बीच खेला गया। जिसमें खलारी की टीम 2-0 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। इधर भुरकुंडवा, कुजू और चंबल घाटी की टीम टुनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन कर पहले ही सेमी फाइनल में पहुंच चुके हैं। आयोजन समिति ने बताया कि टुनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया था। 25 फरवरी को टुनार्मेंट का फाइनल मैच खेला जायेगा। फाइनल मैच के विजेता टीम को 50 हजार नकद और विनर ट्रॉफी और उप विजेता टीम को 30 हजार नकद और रनर ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं टुनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तृतीय और चतुर्थ स्थान पाने वाले टीम को 10-10 हजार रुपए नकद इनाम से सम्मानित किया जायेगा।

आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर

## उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया वही संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों के तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।



बैठक में मौजूद

स्पीड न्यूज

### पुलिस ने दो फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**गिद्धौर।** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। पहला आरोपी विजय भारती, गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरटा टोला पांडेयटांड निवासी गोवर्धन भुइंया का पुत्र है। विजय पर 2017 में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था और तब से वह फरार था। दूसरा आरोपी रौशन सिंह भोक्ता, बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के गोई गोही गांव निवासी स्वर्गीय तिलक सिंह भोक्ता का पुत्र है। रौशन के खिलाफ 2018 में गिद्धौर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वह भी लंबे समय से फरार था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने जानकारी दी।

### बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ राहुल देव ने मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने उपस्थित रोजगार सेवकों को वर्ष 2023-24 के तहत चल रहे कूप निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने प्रधानमंत्री आवास प्लस योजना के सर्वे कार्य में तेजी लाने के भी सख्त निर्देश दिए। बीडीओ ने कहा कि सभी कर्मी अपने-अपने कार्यों को समय पर पूरा करें, ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक जल्द पहुंचे।

### अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बांय मोड़ के पास से पुलिस ने अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। इसे जब्त कर थाना लाया गया।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा के आवेदन के आधार पर सोमवार को कार्रवाई की गई। गुप्त सूचना मिली थी कि इचाक के महाने नदी से अवैध रूप से बालू की ढुलाई की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी कर रविवार देर शाम ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

### प्रतिमा लगाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने को लेकर उपायुक्त को आवेदन

**कोडरमा।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के प्रदेश संगठन मंत्री सुरेन्द्र प्रसाद स्वर्णकार ने प्रतिमा लगाने के लिए जमीन उपलब्ध करवाने को लेकर उपायुक्त को आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि स्वर्णकार समाज के ईस्ट देवता, अराध्य गुरु एवं तुलसी दास के गुरू संत नरहरी महराज का प्रतिमा लगाने के लिए जमीन की आवश्यकता है, जो चिन्हित जगह महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, रेलवे स्टेशन, काली मंदिर, झुमरीतिलैया, गांधी चौक, कोडरमा या सामाहरणालय कार्यालय के सामने इन जगहों में से किसी एक जगह पर जमीन उपलब्ध करवाया जाए, जिससे हमारा समाज अपने ईस्ट देवता का प्रतिमा अपने खर्चे पर स्थापित कर सके।

दैनिक अखबार के पत्रकार मनोज पांडेय का निधन

डोमचांच (कोडरमा)। दैनिक अखबार के पत्रकार मनोज पांडेय का सोमवार को सदर में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गहरा दु:ख व्यक्त किया। दु:ख व्यक्त करने वालों में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, जिप सदस्य शांति प्रिया, निवर्तमान नगर अध्यक्ष राजकुमार मेहता, निर्वतमान नगर उपाध्यक्ष पप्पु मेहता, भाजपा नेता महेन्द्र प्रसाद वर्मा, बीस सुत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार, संगीता सिंहा, सुनील सिंहा, बसंत मेहता, सुजीत मेहता, परवेज खान, शंभूशरण शर्मा, भालचंद्र पांडेय, विपिन सिंह, संदीप कुमार, मो.शाहिद, मिथिलेश मेहता, राज कुमार यादव, सुनील रजक, मोनू सिंह, पंकज कन्धवे आदि ने दु:ख व्यक्त किया है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान सम्मान समारोह का आयोजन

# अन्नदाता, युवा, महिला तथा गरीबों के सतत विकास के लिए प्रधानमंत्री लगातार काम कर रहे हैं : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के छठे वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को किसान सम्मान समारोह सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, प्रमुख अंजू देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत आईसीएआर के ऋदम सॉन्ग से किया गया। इस दौरान मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि अन्नदाता, युवा, महिला तथा गरीबों के सतत विकास के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कड़ी में किसानों के लिए केंद्र सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलाकर उनके विकास का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज किसान सम्मान निधि का 19वां किस्त बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री सीधे किसानों के खातों में भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ किसानों के राशि केवाईसी नहीं होने के कारण नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्होंने एसी पूनम कुजूर को शीघ्र ठीक करने का निर्देश दिया, ताकि उनके खाते में भी राशि पहुंच सके। उन्होंने यह भी कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है और लखपति दीदी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य है। लगभग 3 लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाना। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र में आज विकास की गंगा बह रही है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देन है। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र के हेड डॉ एके राय ने अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया और उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र के गतिविधियों को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के सतत प्रयास के लिए प्रयत्नशील है। यहां समय समय पर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाता है, ताकि वे अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हुए हमारे जिले ही नहीं पूरे देश में अपना नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि पूरे जिले के लगभग 70 गांवों को जोड़ते हुए इस वर्ष 665 प्रशिक्षण कार्यक्रम किए गए हैं, ताकि किसान अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकें। इसके पश्चात किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिभाषण बिहार के भागलपुर से सीधा प्रसारण के जरिए सुना। इस दौरान केवीके परिसर में केंद्रीय मंत्री द्वारा फलदार पौधा का रोपन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि विशेषज्ञ डॉ. चंचीला कुमारी ने किया। मौके पर हजारीबाग के जिला सहकारिता पदाधिकारी सह कोऑपरेटिव सोसाइटी के अध्यक्ष आरके प्रसाद, नाबार्ड के डीडीएम एमएम हुसैन, डीईओ रविशंकर बर्णवाल, डीआईओ सुभाष यादव, मनीष कुमार, विनय कुमार राठी, नूपुर चौधरी, विजय खुटिया, मुकेश कुमार सहित जिले के दर्जनों किसान व भाजपा नेता मौजूद थे।

**सांसद ने फसलों में पोषक तत्व प्रबन्धन पर किताब का किया विमोचन :** कृषि विज्ञान केंद्र जयनगर में आयोजित किसान सम्मान समारोह के दौरान केंद्रीय मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी ने फसलों में पोषक तत्व प्रबन्धन पर किताब का विमोचन किया। साथ ही हजारीबाग के 42 तथा रामगढ़ के 24 पैक्स अध्यक्षों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया गया, ताकि वे खाद और बीज का लाइसेंस ले सकें। इस दौरान 5 प्रगतिशील किसानों के बीच दवा छिड़काव करने की स्प्रे मशीन वितरित की गई।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बच्छेडीह पंचायत के भिमेडीह गांव में जमीन विवाद को लेकर मारपीट हुई, इसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गये। इसे लेकर विनोद साव ने थाना में आवेदन देकर छह लोगों को आरोपी बनाया है, जिसमें जागेश्वर साव, रितलाल साव, ममता देवी, रवि साव, कुंती देवी और चंद्रिका देवी के नाम शामिल हैं। सभी आरोपी थाना क्षेत्र के भिमेडीह गांव के रहने वाले हैं। घटना को लेकर विनोद साव ने बताया कि मजदूरी के लिए कोलकाता जा रहे थे, स्टेशन जाने के लिए नवलशाही चौक पर वाहन का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान आरोपियों ने हरवे-हथियार से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं उनके माता-पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मारपीट के दौरान विनोद साव के सोने की चौन और उसकी मां हमिया देवी की चांदी की चेन छीन ली। मिली जानकारी के अनुसार जमीन विवाद को लेकर पहले भी झगड़ा हुआ था, पंचायत में मामला रखा गया लेकिन दूसरा पक्ष समझौते को तैयार नहीं हुआ। वहीं उन्होंने बताया है कि आरोपियों की ओर से लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

## कोयला लदा दो दिनों में 10 ट्रक जप्त, 15 से उपर फरार

### पकड़े गये ट्रकों से लाखों में मैनेज करने का खेल जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र में सोमवार को अवैध कोयला लदा 6 ट्रक जप्त होने की सूचना प्रकाश में आया है। इस संबंध में ट्रक ड्राइवर व खलासी के अनुसार बताया जाता है कि इनकम टैक्स ऑफिस के पदाधिकारी और कर्मचारियों द्वारा अवैध कोयला लदा बिना चालान के डुप्लीकेट चालान को देखते हुए ट्रक को पकड़ लिए, कुछ ट्रक ड्राइवर व खलासी ने बताया कि रविवार को चार ट्रक कोयला लदा ओवरलोड पकड़ा गया। वहीं सोमवार को 6 ट्रक अवैध ओवरलोड कोयला लदा ट्रक को पकड़ा गया। दो दिनों में 10 ट्रक पकड़ा गया और लगभग दर्जनों ट्रक रात्रि का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। वहीं बताया जाता है कि डुप्लीकेट चालान पर ट्रकों के द्वारा अवैध रूप से ओवरलोड कोयला लेकर बिहार राज्य के विभिन्न स्थानों में ले जाया जाता है और डुप्लीकेट चालान रहने के कारण मालिक को अधिक पैसे बचते हैं। मगर अचानक गाड़ी रोक कर चालान की चेक की गई तो चालान डुप्लीकेट पाया गया और ट्रक को रोक ली गई। इधर ट्रक रुकने से इसकी खबर जिले के वरिय पदाधिकारी को भी मिली है। वहीं ट्रक ड्राइवर के अनुसार बताया जाता है कि रविवार को पकड़े गए चार ट्रक के मालिक को 10 लाख से ऊपर का चालान कटाना पड़ा, मगर अभी तक गाड़ी नहीं छुटी है। वहीं दूसरी ओर सतगावां थाना से करीब 7 किलोमीटर दूर स्थित भखरा गांव के समीप 6 ट्रक को पकड़ा गया और सड़क किनारे लगाई गई और विभाग द्वारा कहीं सुरक्षित स्थान में ले जाकर मैनेज का खेल किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक सतगावां थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि जिले के टीम के द्वारा उक्त ट्रक को पकड़ा गया है, इसकी मुझे विशेष जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने पर ही मैं कुछ बता सकता हूं।

**पकड़े गए ट्रकों में :** बीआर06जीडी-5679, जेएच09 ए-5427, बीआर01जीडी-2048, बीआर06 जीडी-9538, बीआर06 जीडी-1841, बीआर 27 जी-4643, बीआर 28 जीबी-2308, बीआर06 जीजी-3339 आदि नंबर शामिल हैं। वहीं ग्रामीणों के अनुसार बताया जाता हैं कि पिछले कई महीनों से लगातार ओफर लोड ट्रक का संचालन किया जा रहा है।

### कोडरमा रेलवे स्टेशन पर ऑपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब बरामद

**कोडरमा।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट ने ऑपरेशन सतर्क के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की। वहीं निरीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रधान आरक्षी श्रवण कुमार, आरक्षी अशोक कुमार गुप्ता और आरक्षी अंकेश कुमार की टीम ने कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 04/05 पर गश्त के दौरान संदिग्ध बैगों से 72 बोतल अवैध शराब बरामद दिया गया। सुबह करीब 8:20 बजे गश्त के दौरान टीम ने प्लेटफॉर्म के दिल्ली एंड साइड पर अंतिम यात्री शेड के पास दो काले रंग के पिट्ठू बैग संदेहास्पद स्थिति में देखा गया। वहीं आसपास के यात्रियों से पूछताछ की गई, तो किसी ने भी उन बैगों पर अपना दावा नहीं किया। संदेह के आधार पर जब बैगों की जांच की गई, तो उनमें से 40 और 32 बोतलें मैहर रोल झारखण्ड कॉर्पोरेशन की लिकर मिलीं, जिनकी प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की थी और प्रति बोतल कीमत 80 रुपये थी। वहीं आरपीएफ टीम ने मौके पर से 72 बोतलों को जब्त किया, जिसकी कुल मात्रा 21,600 मिलीलीटर और अनुमानित कीमत 5,760 रुपये आंकी गई।

### चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री माता महायज्ञ का समापन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जामु पंचायत स्थित नवनिर्मित गायत्री माता मंदिर में 20 फरवरी से चल रहे चार दिवसीय 108 कुंडीय गायत्री माता महायज्ञ का समापन सोमवार को गायत्री माता की आरती के साथ पूर्णाहुति हो गया। वहीं सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने यज्ञ मंडप पहुंचकर यज्ञ स्थल व गायत्री माता की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका। वहीं उन्होंने कहा कि यज्ञ से जहां एक ओर वातावरण शुद्ध होता है, वहीं सामाजिकता व आपसी सौहार्द भी बढ़ता है।

वहीं उन्होंने कहा कि यज्ञ करने के पूर्व यज्ञस्थल को शुद्ध किया जता है, उसी तरह मन के मंदिर को भी शुद्ध करें और अपने मन के विकारों को भी आहुति दें। वहीं बरकट्ठा विधायक अमीत यादव ने कहा कि गायत्री परिवार के द्वार किया गया यज्ञ बहुत अच्छे ढंग से किया जाता है।

## फाइलेरिया पर जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन संत विनोबा भावे सदन ने कार्यभार संभाला। शिविर के प्रथम सत्र में लक्ष्य गीत के साथ महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ.संजीता कुमारी ने सभी स्वयंसेवकों को ध्यान व योग करवा कर शुरुआत की, तत्पश्चात् स्वयंसेवकों ने गोद लिए गांव इंदरवाटाड़ में फाइलेरिया पर जागरूकता रैली निकाली एवं ग्रामीणों को फाइलेरिया से बचाव के महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उसके पश्चात् ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचाव के लिए जागरूक किया। वहीं दूसरे सत्र में स्वयं सेविका नैन्सी व खुशबू ने जल संरक्षण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुति के माध्यम से जल बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक भी किया एवं स्वयं सेविका दीप्ति, सुलेखा, जुली, तमन्ना, नंदनी, लक्ष्मी ने ग्रामीण बच्चों को चित्रकला भी सिखायी। मौके पर रोहित कुमार रौशन, प्रिया रॉय, संजय, संदीप, सुनील, आदित्य कुमार, बलराम, डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष सिंह, सूचित कुमार, महाविद्यालय की उपनिर्देशिका संजीता कुमारी मौजूद थी। संपूर्ण कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी सौरभ शर्मा के देख देख में संपन्न हुआ।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार व डीएवी पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में

# वर्चुअल उद्घाटन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में विधिक साक्षरता क्लब का हाइकोर्ट के न्यायाधीश सह कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद ने वर्चुअल उद्घाटन किया। वहीं न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि विधिक साक्षरता क्लब के माध्यम से विभिन्न विद्यालयों में बच्चों में कानून के प्रति सजगता पैदा होगी, वे अनजाने में होने वाले अपराधों से बचेंगे। वहीं सब डिविजनल न्यायिक मजिस्ट्रेट कोडरमा कंचन टोप्पो ने कहा कि कानूनी साक्षरता से समाज में हिंसा और आपराधिक मामलों पर अंकुश लगेगा। इसका उद्देश्य कानून से जुड़ी सामान्य बातों के बारे में जानकारी रखना, महिलाओं को सशक्त बनाना, सड़क सुरक्षा के प्रति सतर्कता, शिक्षण कौशल को विकसित करना है। वहीं प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड राज्य के बेहतर डीएवी विद्यालयों में एक साथ विधिक साक्षरता क्लब का उद्घाटन हुआ है, इससे डीएवी विद्यालयों के बच्चे अवश्य जागरूक होंगे। इस अवसर पर सब डिविजनल न्यायिक मजिस्ट्रेट कंचन टोप्पो, प्राधिकार के रंजीत कुमार सिंह, कोडरमा चीफ एलएडीसी नवल किशोर, एडवोकेट सुमन कुमारी, पैनल एडवोकेट सुमन जायसवाल, जय गोपाल शर्मा, टीनू कुमारी, पीएलवी पांडेय शेखर प्रसाद, सुभाष मिस्त्री, मंटू राम, मनोज कुमार, सोनाली सिन्हा, संतोष सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक कुमार सतीश सिंह, दिनेश कुमार दुबे, अंगद कुमार मिश्रा, बलराम मिश्रा, आनंदी प्रसाद, सुजीत कुमार राणा, पवन कुमार, अभिषेक कुमार च चांदनी दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

एक नजर में

### बीडीओ ने किया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण, सख्त दिशा-निर्देश जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) चंद्र देव प्रसाद ने सोमवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा की व्यवस्था का जायजा लिया और परीक्षा केंद्र में सुरक्षा एवं अनुशासन की स्थिति पर नजर रखी। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने कक्षाओं में जाकर यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थी किसी भी प्रकार से नकल न करें।

उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बीडीओ ने परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा देने की सलाह दी। प्रधानाचार्य मनोज रजक ने बताया कि परीक्षा केंद्र में पूरी सतर्कता के साथ नकलमुक्त एवं अनुशासित परीक्षा करवाई जा रही है।

### नदियों व जंगलों को नष्ट कर मिट्टी ढुलाई में लगी हाइवा जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** वन विभाग ने सोमवार को टंडवा वन प्रक्षेत्र के कबरा और फुलवरिया के जंगलों एवं नदियों को नष्ट कर मिट्टी ढुलाई में लगी हाइवा को जब्त कर कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि रेलवे के मिट्टी भराई कार्य में लगी रॉयल कंपनी द्वारा जंगलों में सड़क बनाकर और नदियों को नुकसान पहुंचाकर मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। सूचना मिलने पर वन विभाग ने जांच शुरू कर दी है। इससे पहले भी राजा कंपनी पर वन भूमि और सरकारी भूमि से अवैध मिट्टी उत्खनन के मामले में 50 लाख रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया गया था और वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद रेलवे ने राजा कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया और रॉयल कंपनी को मिट्टी भराई का कार्य सौंपा। लेकिन अब रॉयल कंपनी भी विवादों में घिर गई है और वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रही है।झामुमो नेता संतोष नायक ने इस मामले में इरकॉन एजेंसी, रेलवे विभाग, चतरा जिला प्रशासन और डीएफओ से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### रोजगार सृजन मेला के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



खबर मन्त्र संवादाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर से सोमवार को प्रमुख अनीता यादव, बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, मुखिया निर्मला देवी समेत अन्य अधिकारियों ने रोजगार सृजन मेला के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर रोजगार सृजन मेला का आयोजन 27 फरवरी को विकास भवन, चतरा में किया जाएगा। इस मेले के प्रचार-प्रसार के लिए रथ को रवाना किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार के अवसरों की जानकारी मिल सके।

इस अवसर पर जेएसएलपीएस की पीआरपी सुनीता देवी, बीपीओ रामकुमार सिंह, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिन दत शर्मा, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, निर्मल दांगी समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### एक तरफ अतिक्रमण मुक्त, दूसरी ओर कब्जा जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित सिमरिया चौक को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है। चौक के सौंदर्यीकरण और दोबारा अतिक्रमण न होने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, अंचल अधिकारी गौरव कुमार और प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद के प्रयासों से बाउंड्रीवाल बनाने की योजना बनाई गई थी। योजना के अनुसार, हजारीबाग रोड और बगरा रोड में यात्री शेड से लेकर सुलभ शौचालय तक बाउंड्रीवाल निर्माण होना था, लेकिन फिलहाल यात्री शेड के अंत तक ही बाउंड्रीवाल बनाई गई है। प्रशासन द्वारा दुकानों को हटाकर चौक को अतिक्रमण मुक्त किया गया था, लेकिन अब अधूरी बाउंड्रीवाल बनाए जाने से दुकानदारों में नाराजगी है। उनका कहना है कि अगर प्रशासन ने गरीबों की दुकानों को हटाया, तो पूरी बाउंड्रीवाल बनाई जानी चाहिए, ताकि कोई फिर से कब्जा न कर सके।स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि अधूरी बाउंड्रीवाल से कुछ लोग खाली जगहों पर कब्जा जमाने की फिराक में हैं। दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि पहले से तय योजना के अनुसार सुलभ शौचालय तक बाउंड्रीवाल पूरी की जाए, अन्यथा वे पुनः अपनी दुकानें लगाने को मजबूर होंगे। दुकानदारों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे और फिर से अतिक्रमित स्थानों पर अपनी दुकानें लगाकर आजीविका चलाने को मजबूर होंगे।

## स्पीड न्यूज

### अंजुमन इस्लामिया ने सांसद सुखदेव भगत का किया स्वागत



गुमला। अंजुमन इस्लामिया गुमला के द्वारा थाना रोड स्थित कम्युनिटी हॉल में सांसद सुखदेव भगत का स्वागत किया गया। साथ ही चुनाव से पूर्व सांसद द्वारा किया गए उनके वादों को अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मोहम्मद मुशाहिद आजमी ने याद दिलाया। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सह हमदर्द पंचायत के उपाध्यक्ष मोहम्मद खालिद ने सांसद से इस्लामपुर में अंजुमन इस्लामिया गुमला के अस्पताल में पैथोलॉजी और एक्स-रे मशीन की मांग किया। जिसे सांसद ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, कांग्रेस नेता मोमुख्तार आलम, अकील रहमान, मो साहब वसीम, आशिक अंसारी, अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी मो अनवर, शहजाद अनवर, मो मेराज, असलम मामा, मो जुबैर खान, मो अबरार अंसारी, अफसर आलम आदि उपस्थित थे।

### अंजुमन इस्लामिया व टीम उम्मीद ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



गुमला। सामाजिक संस्था अंजुमन इस्लामिया गुमला और टीम उम्मीद के तत्वाधान में इस्लामपुर स्थित अंजुमन अस्पताल में अंजुमन के सदर अंजुमन मुशाहिद आजमी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अंजुमन के सक्रिय सदस्य व टीम उम्मीद के 22 सदस्यों ने रक्तदान किया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इस नेक काम को बढ़ाने के लिए हम सबको आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जिन-जिन लोगों ने अपना खून संकलन करने में योगदान दिया है उन सभी को अंजुमन इस्लामिया और टीम उम्मीद के सदस्य दिल से धन्यवाद देते हैं। मौके पर उपाध्यक्ष अंजुमन इस्लामिया हाजी सुल्तान अंसारी, मो अफसर आलम, सह सचिव सरवर आलम, अंजुमन प्रवक्ता आशिक अंसारी, सहजाद अनवर, मो मेराज, मो वसीम, मो जैद, शकील खान, नदीम खान, आकिब आलम मो आसिफ, नसीम खान, समीम खान, शादाब रब्बानी, मो फैजान, मो नफीस, आलीशान होदा, अधिवक्ता असलम मो मुख्तार सऊद आलम मो इलियास जाहिद, मो पन्नू, मुमताज खलीफा, नसीम खलीफा, मनौवर हुसैन, अरशद कुरैशी, मो राजन, अरशद कुरैशी, शमीम आदि अंजुमन इस्लामिया और टीम उम्मीद के सदस्य मौजूद थे।

### तेलंगाना में फंसे मजदूर अनुज के परिवार से मिलने पहुंचे तेली समाज के पदाधिकारी



घाघरा। तेलंगाना के टनल में फंसे मजदूर अनुज साहू के परिवार के लोगों से गुमला जिला तेली समाज के पदाधिकारियों ने खम्भिया कुंबाटोली गांव पहुंचकर मुलाकात किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि परिवार के लोग ज्यादा चिंतित नहीं रहे। जल्द ही अनुज का रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। इस दरमियान तेली समाज के संरक्षक मुनेश्वर साहू और पूर्व जिला अध्यक्ष भूपन साहू के अलावा कई सदस्यों ने अनुज के माता गायत्री देवी और पिता राम प्रसाद साहू को ढांढस बंधाया। वहीं मुनेश्वर साहू ने कहा कि झारखंड सरकार सकारात्मक पहल करते हुए झारखंड के जितने भी मजदूर टनल के अंदर फंसे हैं। उसे निकालने के लिए तेलंगाना सरकार से सामंजस्य बना कर एक बेहतर प्रयास करें,ताकि सभी मजदूरों को सुरक्षित निकालकर परिजनों को सौंपा जा सके। परिवार वालों का रो-रो कर बहुत ही बुरा हाल है। साहू ने कहा की परिवार के लोगों को हर संभव हम लोग मदद करने के लिए तैयार हैं। मौके पर राम साहू, मुन्ना साहू, भुनेश्वर साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान व नवाचार पर क्विज एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



घाघरा। शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के बच्चे बच्चियों के बीच क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन घाघरा ब्लॉक परिसर में किया गया। बीपीओ पुष्पा टोप्पो और अन्य शिक्षकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कराया जाना बच्चों में एक नए संचार का शुरूआत होगी। मौके पर शिक्षक सदय प्रताप जायसवाल, मनोज तिवारी, ज्योति नाथ, दीपक सहित शिक्षक-शिक्षिका, बच्चा उपस्थित थे।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में चैनपुर की शानदार जीत



चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में युवा संघ द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें चैनपुर और कतरी के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला हुआ। इस मैच में चैनपुर ने 98 रन बनाकर जीत हासिल की। टूर्नामेंट का संचालन नेफाज खान, खुर्शीद खान, मुश्ताक खान, अजमल खान, उस्मान खान, महमूद खान और अमित बड़ा द्वारा किया गया। टूर्नामेंट में कुल 85 टीमों ने भाग लिया जो स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं के बीच प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। चैनपुर की टीम को 25,000 रुपए की पुरस्कार राशि और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। वहीं कतरी की टीम को दूसरे स्थान के लिए 15,000 रुपए और ट्रॉफी दी गई। चैनपुर के क्रिकेट खिलाड़ी अजमल खान ने बताया कि चैनपुर प्रखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है। हम सभी खिलाड़ियों को नशा-पान से दूर रहकर खेल पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**डीसी ने भरनो प्रखंड में भरनो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं से की मुलाकात**

# जिले में उज्जना बिज्जना अभियान की शुरूआत

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में निर्देश देते डीसी कर्ण सत्यार्थी व उपस्थित महिलाएं।

गुमला। महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से उज्जना बिज्जना अभियान की शुरुआत की गई है। जिसके तहत जिले में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में सोमवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी ने भरनो प्रखंड कार्यालय में भरनो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी से जुड़ी महिलाओं से मुलाकात की। यह कंपनी वर्ष 2019 से 22 महिलाओं द्वारा संचालित की जा रही है। जिसमें मक्का से निर्मित ठेकुआ, लड्डू एवं नीमकी का उत्पादन किया जाता है। डीसी ने उज्जना बिज्जना अभियान के तहत महिलाओं के उद्योग की विस्तार योजनाओं पर चर्चा करते हुए रागी प्रोसेसिंग सेंटर के मॉडल पर भरनो में मक्का प्रोसेसिंग सेंटर एवं मक्का निर्मित पदार्थों के लिए एक कैफे स्थापित करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की सराहना की और उन्हें ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग एवं उत्पादों के आकार संबंधी सुझाव दिए। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर इस व्यवसाय की शुरुआत की थी और अब अपने उत्पादों को बड़े बाजार में पहुंचाना चाहती हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि डीपीएम जेएसएलपीएस एवं जिला उद्यमी समन्वयक महिलाओं को ब्रांड नाम तय करने में सहयोग करें तथा व्यवसाय के विस्तार की एक विस्तृत योजना तैयार करें। इस अवसर पर डीपीएम शैलेन्द्र जारीका, समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, बीडीओ भरनो, सूरज कुमार, एलीना दास, नेहा पाठक व कर्मी उपस्थित थे।

**भाजपा लोहरदगा जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यता आवेदन का किया गया सत्यापन**

# जिला अध्यक्ष चुनाव में भागीदारी के लिए सक्रिय सदस्य होना आवश्यक

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक चुनाव 2025 को लेकर चल रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान समापन एवम बूथ कमिटी गठन के बाद सक्रीय सदस्यता आवेदन का सत्यापन सोमवार को जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्य सत्यापन प्रभारी सह प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित नगर समेत सभी प्रखंडों के अध्यक्ष द्वारा पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन जमा किये गए। विदित हो कि जिला अध्यक्ष के चुनाव में सक्रीय सदस्य बनने वाले कार्यकर्ता ही भागीदारी कर सकते हैं। मौके पर प्रदीप सिन्हा ने कहा कि भाजपा ही देश की एक ऐसी राजनीति पार्टी है जो पार्टी संविधान के अनुसार चलती है। यहां पार्टी पर किसी व्यक्ति विशेष की इच्छा का कोई महत्व नही है। वहीं जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार के उदासीन रवैये से राज्य की जनता त्रस्त है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो, संजय अग्रवाल, पशुपति नाथ पारस, मीडिया प्रभारी विजय सोनी, विश्वजीत भारती, अशोक साहू, राजेन्द्र महतो, राजकुमार मुंडा, रघुनाथ महली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अपराध व उग्रवाद को रोकने के उद्देश्य से पहाड़ी क्षेत्र में लोहरदगा पुलिस ने चलाया अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



सेन्हा-लोहरदगा। थाना क्षेत्र में अपराध व उग्रवाद को रोकने के उद्देश्य से थाना प्रभारी के नेतृत्व में एसएसबी टीम के साथ अभियान चलाया गया। एसपी हारिश बिंन जमां के निर्देश पर थाना प्रभारी वारिश हुसैन द्वारा एसएसबी टीम और बाइक दस्ता के साथ आलौदी, मुरकी तोड़ार, बुटी, भड़गांव सहित अन्य पंचायत के विभिन्न गांव टोला में संयुक्त अभियान चलाया गया। वही थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर कहा कि जनता का पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बना रहे। जिसमे ग्रामीणों का सहयोग से अपराध व उग्रवाद पर अंकुश लगाया जा सकता है। जिसे गांव घर मे ग्रामीण अमन चैन से गुजर बसर कर सकेंगे। वही ग्रामीणों से अपील किया कि गांव में आपसी सौहार्द व भाईचारा के साथ रहें। साथी ग्रामीणों को समझते हुए कहा कि आप अपने बच्चे बच्चियों को स्कूल भेजें और अच्छी शिक्षा दे जिसे वह एक अच्छा नागरिक बन कर कर्तव्य का निर्वहन कर सके। साथ ही कहा कि किसी भी तरह का अपराधी य उग्रवादी को गांव घर मे कोई शरण नहीं दें। तो ग्रामीण को किसी तरह की कोई परेशानी नही होगी। ग्रामीण स्वयं को और गांव टोला को सुरक्षित रख सकते हैं। साथ ही लोगों को बताया कि किसी तरह का अपराध से सम्बंधित सूचना देने के लिये अपना मोबाइल से 100 नंबर पर डायल कर सकते हैं। सूचना देने वालों का नाम पता गोपनीय रखा जायेगा। मौके पर वारिश हुसैन, एसएसबी की टीम व मोटरसाइकिल दस्ता के साथ शामिल थे।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने उठाया कदम**

# गुमला के फंसे श्रमिकों के परिवार से एक-एक सदस्य को भेजा गया तेलंगाना

>> दो प्रशासनिक अधिकारी भी साथ भेजे गये

खबर मन्त्र संवाददाता



टनल में फंसे मजदूरों के परिजनों से वार्ता करते डीसी कर्ण सत्याथी।

गुमला। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल परियोजना का एक हिस्सा ढह जाने से झारखंड के गुमला जिले के चार श्रमिक समेत कुल आठ श्रमिक फंसे हुए हैं। फंसे हुए श्रमिकों में गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर गुमला जिला प्रशासन श्रमिकों के परिजनों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। प्रशासन की टीम परिजनों से लगातार संपर्क में है और उन्हें आवश्यक सहायता एवं सांत्वना दी जा रही है। सोमवार को सभी फंसे श्रमिकों के परिजन उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मिले। इस दौरान डीसी ने परिजनों को सांत्वना दी और सकारात्मक समाचार की कामना की। उन्होंने परिजनों को विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन पूरी तरह से उनके साथ है और श्रमिकों के सुरक्षित बचाव के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। परिजनों के आग्रह को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मजदूर के परिवार से एक-एक सदस्य को तेलंगाना भेजा गया। परिजनों को सुरक्षित रूप से घटनास्थल पर ले जाने के लिए डीएमएफटी फैलो अविनाश पाठक एवं गुमला एसआई निखिल आनंद उनके साथ रहेंगे। इस पूरे घटनाक्रम पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरी चिंता जताई है और उनके निर्देशानुसार गुमला जिला प्रशासन की टीम हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## लायंस क्लब का दो दिवसीय मोतियाबिंद शिविर संपन्न

गुमला। लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद शिविर संपन्न हो गया। शिविर में 17 लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ और 10 लोगों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया गया। साथ ही दवा चश्मा खाना नाश्ता भी निःशुल्क दिया गया। रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉक्टर नवल व टीम के द्वारा मरीजों को ऑपरेशन किया गया। 2 मार्च को लायंस भवन में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सफल बनाने में अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, शंकर लाल जाजोदिया, मुरली मनोहर प्रसाद, महेश प्रसाद गुप्ता,अनिल अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रीता कुमारी गुप्ता, अरुण केशरी, योगेन्द्र प्रसाद साहू, शशि किरण जयसवाल, नेत्र सहायक सदानंद महतो, आशीष कुमार, संदीप कुमार बैठा, मंगल उरांव, लैब टेक्नीशियन करण लाल महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर श्रवण प्रमाणिक उपस्थित थे।

## चैती दुर्गा पूजा समिति ने किया महारूद्राभिषेक का आयोजन



रूद्राभिषेक करते चैती दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी।



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पूजा अर्चना के बाद हुआ भव्य भंडारा, शामिल हुए लोग**

गुमला। श्री चैती दुर्गा पूजा समिति द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर स्थानीय देवी मंदिर परिसर में महा रुद्राभिषेक सह भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गुमला नगर के सभी सनातनी माता बहने एवं बच्चे शामिल हुए और भंडारे का आनंद लिया। महा रुद्राभिषेक पूजन कार्यक्रम आचार्य श्री पंडित हरिशंकर मिश्रा सहयोगी पंडित श्री श्याम मुरारी पाठक एवं शैलेश मिश्रा ने संपन्न करायी। आचार्य श्री पंडित हरि शंकर मिश्र द्वारा भगवान भोले का मंत्र उच्चारण कर वातावरण को भक्ति में बना दिया। इस कार्यक्रम में यजमान के रूप में अध्यक्ष सुरेश मंत्री व पत्नी मीना मंत्री, सहयोगी विजय सोनी व पत्नी उमा सोनी शामिल हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव सरजू प्रसाद साहू, सुरेश फोगला, नितेश लाल, संजय कुमार, विशाल, द्वारिका मिश्र सुमन, रामनिवास प्रसाद, राजीव, सुदेश सौरव, बबलू वर्मा, रंजन सोनी, पवन अग्रवाल, निर्मल गोयल, निर्मल अग्रवाल, श्री गुप्ता, महेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, जयंत मुखर्जी, शंभू नारायण चौरसिया, दुर्गा गुप्ता, ब्रिज फोगला, प्रेम सागर, दीपू, अजय, मोहित आदि सदस्य उपस्थित थे।

## सांसद सुखदेव भगत संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) की बैठक में भाग लेने दिल्ली हुए रवाना



लोहरदगा। केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने के प्रावधान वाले विधेयक (वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार करने हेतु संसद की संयुक्त समिति जेपीसी का गठन किया गया है। आज 25 फरवरी को जेपीसी की तीसरी बैठक का आयोजन नई दिल्ली में किया गया है। इस बैठक में भाग लेने हेतु लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत दिल्ली के लिए हुए रवाना। सांसद मंगलवार को बैठक में अपनी बातों को तार्किक ढंग से रखेंगे। इस बैठक में इस बार सुप्रीम कोर्ट के कई पूर्व न्यायाधीश भी शामिल होंगे।

## वाटर शेड यात्रा सह कृषि प्रदर्शनी मेला आज

कैरो। प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में आज होने वाली वाटर शेड यात्रा सह कृषि प्रदर्शनी मेला को सफल बनाने के लिए प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया गया। जिसमें आयोजन को लेकर अतिथियों के स्वागत, किसानों का पंजीयन, उत्पाद प्रदर्शनी व अन्य व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने को लेकर अलग अलग जिम्मेदारी देते हुए कार्यक्रम में किसी भी तरह की गड़बड़ी नही होने देने का निर्देश दिया। साथ ही मेला में आने वाले किसानों को भी उनके उत्पाद के साथ अलग अलग स्टोल में सजाकर रखने व बेहतर उत्पाद की प्रदर्शनी करने वाले किसानों को चयमित करने सहित कई दिशा निर्देश दिया। बैठक में सीओ कुमारी शिला उरांव, प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव, प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी ज्ञान साहू, बिनेश्वर भगत, सुमन तिग्गा, अनुराधा कुमारी, आनंद सिंह सहित प्रखंड व अंचल कर्मी, जेएसएलपीएस कर्मी उपस्थित थे।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण, मामला दर्ज

कैरो। थाना क्षेत्र में नाबालिक को शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर कैरो थाना में आवेदन दिया गया जिसके अनुसार नगजुवा निवासी जुम्मा खान का पुत्र मोकतार खान द्वारा करीब 3 वर्षो से नाबालिक को शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने का मामला है। दिए आवेदन के अनुसार नाबालिक के साथ आरोपी ने करीब 3 वर्षो से यौन सोसन करते रहा जिसके बाद नाबालिक का भाई का शादी आरोपी की घर मे तय होने पर कहा कि शादी के बाद विवाह करेंगे किन्तु बाद में मुकरते हुए कहा कि जो करना है करो हम शादी नहीं करेंगे। जिसके बाद नाबालिक द्वारा कैरो थाना में मामला दर्ज करवाया। कैरो थाना में मामला दर्ज करते हुए अग्रेतर कार्यवाही में जुट गई है।

## वृद्ध व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के बालाखटंगा परसाटोली गांव में वृद्ध चरकु उरांव ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि मृतक चरकु उरांव और उसकी पत्नी घर पर रहते है। रविवार कि रात दोनों पति-पत्नी खाना खाकर अलग-अलग रूम में सोने चले गए। वहीं सुबह जब चरकू द्वारा घर का दरवाजा नहीं खोला गया आसपास के लोगों को बुलाकर मृतक की पत्नी ने दरवाजा तोड़वाकर देखा तो घर के छप्पर के काठ में रस्सी के सहारे चरकू फांसी पर झूल रहा है और उसकी मृत्यु हो गई है। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## महाशिवरात्रि को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

खबर मंत्र संवाददाता



कैरो। थाना परिसर में सोमवार को शिवरात्रि पर्व को लेकर सीओ कुमारी शिला उरांव एवं थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें अलग अलग गांव से आए शांति समिति के लोगों द्वारा अपने अपने गांव मे स्थापित शिवालय में पूजा अर्चना, मेला व कृतन व कलश यात्रा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि गजनी पंचायत स्थित महादेव मांडा में कलश यात्रा, पूजा व अखण्ड हरि कृतन का आयोजन किया गया है। जिसमें अलग बगल के कृतन मंडली द्वारा 24 घण्टे का अखंड हरि कृतन का आयोजन किया जाता है साथ ही महिलाओं द्वारा कलश यात्रा भी आयोजित होती है। वहीं हनहट स्थीत धरहरा में सुबह से शाम तक पूजा अर्चना व मेला का आयोजन किया जाता है। साथ ही मनोकामना सिद्ध बाबा भोलेनाथ मंदिर, सढ़ाबे शिव मंदिर, नरौली शिव मंदिर, कैरो शिव मंदिर सहित अन्य शिवालय में भी पूजा अर्चना व कहीं कहीं कृतन का आयोजन होगा। सीओ ने कहा कि शिवरात्रि का त्योहार भगवान शिव की बारात के रूप में किया जाता है और इसमें भगवान शिव व मां पार्वती की पूजा अर्चना की जाती है जो बड़ा ही रमणीक होता है ऐसे में सभी शिव भक्तों में उत्साह होता है। बैठक में थाना प्रभारी कुलदीप टोप्पो ने कहा कि त्योहार को लेकर थाना प्रसासन अलर्ट मोड़ पर है किसी भी तरह की अफवाह में पड़ने की जरूरत नही है। मौके पर एसआई मनोज गुप्ता, संजय सिंह, नाजिर आलम, विसेस्वर प्रसाद दिन, बजरंग उरांव, सुखमणि देवी, प्रवीण साहू, अख्तर, मोहन साहू, कृष्णमनी व अन्य लोग मौजूद थे।

## गुमला : ऑनलाईन दाखिल-खारिज मामलों के निष्पादन हेतु शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन

गुमला। गुमला जिले में ऑनलाईन दाखिल-खारिज के लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराने हेतु शुद्धि पत्र वितरण दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी अंचलों में विशेष कैंप के माध्यम से शुद्धि पत्रों का वितरण किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में ऑनलाईन दाखिल-खारिज के कुल 808 मामले लंबित हैं। जिनमें से 72 मामले बिना आपत्ति के 30 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं, जबकि 9 मामले आपत्ति सहित 90 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं। इन लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन कर शुद्धि पत्रों का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में शुद्धि पत्र वितरण दिवस का सफल आयोजन किया गया। जिसमें कुल 106 शुद्धि पत्रों का वितरण किया गया। इस अभियान को गति देने के लिए 10 मार्च एवं 24 मार्च को भी इसी प्रकार का आयोजन किया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक रैयतों को लाभान्वित किया जा सके। डीसी कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक द्वारा जारी पत्र के अनुसार गुमला सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु समुचित कदम उठाएं एवं निर्धारित तिथियों पर अधिकतम रैयतों को शुद्धि पत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**लोहरदगा डीसी और एसपी ने कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल का किया निरीक्षण, कहा**

# प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी वर्ग निभायें अहम भूमिका

खबर मन्त्र संवाददाता

**मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम आज, तैयारियां पूरी**



निरीक्षण करते डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमां।

किस्को/लोहरदगा। शहीद शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में धुर्वा मोड़ में आयोजित मुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम स्थल की तमाम प्रकार की तैयारियों का उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत,अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, बीडीओ अरूण उरांव, सीओ अजय कुमार, थाना प्रभारी सुमन मिंज समेत जिले के कई अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण कर बारीकी से वस्तु स्थिति का मुआयना किया और तैयारियों को समय से पूरा कराए जाने का निर्देश दिए। मौके पर डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि लोहरदगा जिला में शुरू से स्थापित गंगा जमुनी तहजीब को बरकरार रखते हुए सभी वर्ग के लोग मिलकर कव्वाली सह मेला प्रोग्राम को सफल बनाने में अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे। जिससे लोहरदगा जिले के नाम भाईचारा में पूरे देश में एक नयी आयाम स्थापित कर सके। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने कहा कि प्रोग्राम को सफल बनाने में जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अपनी ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली है। किसी तरह की गड़बड़ी करने वालों को हरगिज बख्शा नहीं जाएगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी हारिस बिन जमां ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने में नारी नवाडीह के अलावा पूरे लोहरदगा जिला वासियों की भूमिका अहम हो।

यहां पर बता दें कि देश के अमर शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम को भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराए जाने हेतु कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी अब्दुल जब्बार के विशेष सहयोग से तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के द्वारा प्रोग्राम को भव्य बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में है। ट

# जेएससीए अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट में रामगढ़ ने दुमका को 212 रनों से हराया

**शतक वीर प्रभात महतो बने मैन ऑफ द मैच**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। रामगढ़ की टीम ने प्रभात महतो के बेहतरीन शतक व आशीष के पांच विकेट के बदौलत दुमका को 212 रनो के विशाल अंतर से पराजित किया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे जे एस सी ए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-23 राज्य स्तरीय मुकाबले में सोमवार को रामगढ़ की टीम ने दुमका के खिलाफ टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। अच्छी शुरूआत के साथ प्रभात कुमार महतो के 101 रनों की शतक व निशांत कुमार 48, राहुल राज 38, नवाजूर रहमान 28, आशीष 20 रनो के सहारे निर्धारित 50 ओवरो में आठ विकेट के नुकसान पर 340 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। दुमका के प्रीत सिंह को तीन व अंकित राउत को दो विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुमका की पूरी टीम 23.3 ओवरो में 128 रनों पर सिमट गयी। टीम की ओर से अंकित राउत ने 48, अंकुश राउत 23 व सचिन कुमार ने 19 रनों का योगदान दिया। रामगढ़ के आशीष ने पांच विकेट चटकाए। रोहित को दो व विकास, मोहम्मद शोहल को एक-एक विकेट मिला। रामगढ़ के प्रभात महतो मैन ऑफ द मैच बने। टीआरडीओ अनवर मुस्तफा, अंपायर कांजीलाल, ओपी राय, सचिव जीतेन्द्र सिंह ने प्लेयर ऑफ द मैच को पांच हजार कैश व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, सन्नी साहू, शशि प्रकाश, मधुसूदन उरांव, बिनीत नाग सहित अन्य उपस्थित थे।

## हाल सर्वे त्रुटि में सुधार व वन पट्टा का मामला निष्पादित होने के बाद हीं एनओसी को लेकर करेंगे बात: मंटू कुमार

# अंचलाधिकारी व टीवीयूएनएल के समक्ष रखी अपनी बात

■ टीवीयूएनएल रजवार कोल परियोजना से प्रभावित हो रहे रेन्ची ग्राम के ग्रामीणों ने की ग्राम सभा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टीवीयूएनएल रजवार कोल ब्लॉक से प्रभावित हो रहे रेन्ची गांव के ग्रामीणों ने सोमवार को रेन्ची ग्राम के जतरा टांड परिसर में ग्रामसभा का आयोजन किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बिगु उरांव ने की। उक्त ग्राम सभा अपर समाहर्ता लातेहार एवं अंचलाधिकारी चंदवा के पत्रांक के आलोक में आहूत की गई थी। बैठक में टीवीयूएनएल राजेश रंजन, चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, मुखिया रामेश्वर उरांव मौजूद थे। जिनके समक्ष विस्थापित होने वाले ग्रामीणों एवं रैयतों की समस्याओं को रखा गया। ग्राम प्रधान विगु उरांव युवा समाजसेवी मंटू कुमार, वन समिति के अध्यक्ष जगेश्वर उरांव, सचिव सुशील उरांव व सदस्य राजकुमार ठाकुर ने कहा कि पूरे जिले में हुए हाल सर्वे में व्यापक पैमाने पर जमीन संबंधी त्रुटियां है, हम सभी का जमीन इधर का उधर हो गया है। किसी का रकबा गड़बड़ी है तो


ग्राम सभा में उपस्थित लोग।

किसी का वर्ष 2015-16 तक जिस जमीन का रसीद कटा हुआ है वह अनाबाद बिहार सरकार में चला गया है। निजी व सामूहिक वन पट्टा का मामला भी लटका हुआ है। हम लोगो ने पूर्व में अंचल से लेकर जिला प्रशासन व राज्य स्तर तक इस समस्या को रखने का काम किया लेकिन कोई समाधान नही निकला है। इसलिए पहले हमारी जमीन में त्रुटि की समस्या एवं वन पट्टा के लंबित मामलों का निष्पादन किया जाए उसके बाद आगे की बात होगी। ग्राम सभा के दौरान रैयतों ने 9 सूत्री प्रस्ताव भी रखा, जिसमें लंबित पड़े सामूहिक और निजी वन पट्टा के मामले का शीघ्र निष्पादन करने, हाल सर्वे में हुई त्रुटियों में सुधार करने, पूर्वज जिस जिस गैर मजरुआ जमीन पर जोतकोड करते आ रहे हैं, उसका बंदोबस्ती करने, सीएस लगान रसीद को आरएस लगान रसीद में प्रवर्तित कर रसीद काटने, का कार्य शुरू करने, गैरमजरूआ भूमि पर अवैध रूप से रह रहे लोगों का बंदोबस्ती रसीद काटने, 27 फरवरी को जिले में होने वाले जनसुनवाई की तिथि को आगे बढ़ाने व जनसुनवाई को प्रभावित क्षेत्र में है करने समेत अन्य मांगे शामिल है। इधर ग्राम सभा के दौरान समस्या सुनने के बाद अंचल अधिकारी जयशंकर पाठक ने भरोसा दिया कि आप सभी प्रक्रिया के तहत आएं आपकी जो भी समस्या है उसका निपटारा किया जाएगा। ग्राम सभा के मौके पर रंजीत उरांव, धनी देवी, सुनीता देवी, भीला देवी, तारामणि देवी, संगीता देवी, गुप्ता साहू, विजेंद्र सिंह, भुनेश्वर भुइयां, वीरेंद्र उरांव, गन्दरू उरांव, प्रदीप साहू, नरेश उरांव, सीताराम उरांव, कृष्ण उरांव, अजीत उरांव, जयराम उरांव, वार्ड सदस्य अजय उरांव, दिलीप उरांव समेत काफी ग्रामीण मौजूद थे।

## नीट परीक्षा को संपन्न कराने को लेकर डीसी एसपी ने किया परीक्षा केंद्र निरीक्षण


निरीक्षण करते डीसी व एसपी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** आगामी 4 मई को नीट-यूजी परीक्षा (एनइइटी यूजी 2025) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर आज उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा केंद्रीय विद्यालय परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र केंद्रीय विद्यालय का निरीक्षण कर परीक्षा कार्य में लगाए गए सभी केंद्र अधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को परीक्षा के दौरान संयुक्त जिला आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर बॉयोमेट्रिक डाटा संग्रहण कर रहे कर्मचारियों को उपायुक्त ने निर्देशित किया कि बॉयोमेट्रिक डाटा का गहन रूप से पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करेंगे, जिससे कोई परीक्षार्थी बॉयोमेट्रिक उपस्थिति कराने से वंचित नहीं रह सके। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित परीक्षार्थियों की जानकारी के अलावा उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने 4 मई को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा को लेकर केंद्र पर निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने हेतु दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी चार मई को जिले के केंद्रीय विद्यालय में अपराह्न 2:05 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का त्रयोदश वार्षिकोत्सव एक मार्च से

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** शहर के मेन रोड स्थित प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का त्रयोदश वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रमो की शुरूआत 01 मार्च शनिवार को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सदस्य सागर कुमार ने बताया कि कलश यात्रा मंदिर परिसर से मेन रोड होते हुए बस स्टैंड तक जाएगी इसके बाद वापस मानस पथ होते हुए औरंगा नदी पहुँचेगी। जहाँ पंडित अनिल मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा जाएगा। यहां से कलशयात्रा थाना चौक होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुँचेगी। कलशों की स्थापना कर पंडित अनिल मिश्र के सानिध्य में दुर्गा सप्तसती पाठ होगी। 02 मार्च


मां काली मंदिर।

दिन रविवार को हवन व पूर्णाहुति के बाद नौ कन्याओं का पूजन होगी और 11 बजे माता का विशाल भंडारा वितरण का आयोजन किया जाएगा एवं संध्या 6.30 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न होगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका ने इन सभी कार्यक्रमों में सपरिवार भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## शिक्षा व ज्ञान से ही होगा सशक्त समाज का निर्माण: ममता

■ चंदवा के सिकनी में माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

**चंदवा।** अखिल भारतीय भुइयां कल्याण समिति के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड के सिकनी स्थित फुटबॉल मैदान में माता शबरी जयंती सह भुइयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ममता भुइयां, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिप सदस्य सरोज देवी, ट्रक ऑनर एसो. अध्यक्ष लाल रंजन नाथ शाहदेव, बीडीओ चंदन प्रसाद, मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सत्येंद्र यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। सर्वप्रथम समिति के द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए अतिथियों का पुष्प कुछ प्रदान कर स्वागत व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माता शबरी की विधिवत पूजन एवं आराधना के साथ की गई, इसके उपरांत अतिथियों ने माता शबरी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता भुइयां ने कहा कि भगवान राम की कहानी और रामायण का सार माता शबरी के बिना बिल्कुल अधूरा है, माता शबरी की भक्ति को पूर्ण करने के लिए भगवान राम ने उनके झूठे बेर खाए थे। माता शबरी की जीवनी और संघर्ष हम सभी में अट्ट श्रद्धा व भक्ति की प्रेरणा का संचार करती है। आगे कहा कि आज हमारा भुइयां समाज कुरीतियों व अशिक्षा के जाल में जकड़ा हुआ है। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा तब तबतक सशक्त नही होगा। इसलिए समाज का हर व्यक्ति अपने बच्चों को शिक्षित बनाने का प्रण लें। कार्यक्रम के माध्यम से ममता देवी ने राज्य में भुइयां समाज को आदिवासी का दर्जा देने की मांग उठाई। इसके अलावे जिप सदस्य सरोज देवी, अध्यक्ष पूनम देवी, समिति के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र भुइयां व अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपनी बातों को रखा व समाज मे व्याप्त कुरूतियों को दूर कर समाज को संगठित करने पर बल देने की बात कही।

इधर कार्यक्रम के उपरांत जतरा मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें पूरे प्रखंड से सैकड़ो की संख्या में लोग शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम की अगुवाई जिपस सरोज देवी जबकि संचालन जिपस पति शिव बालक राम ने किया। मौके पर बलदेव भुइयां, मनीता देवी, उपेंद्र भुइयां, संजय भुइयां, मोती भुइयां, मंटू राम, सकेन्द्र, अमित, ललित पाहन, मोहन पांडेय, पंचम भुइयां, बुद्धराज भुइंया, बाबूलाल भुइयां, लाल बिहारी भुइयां समेत कई लोग मौजूद थे।

## बेकाबू अज्ञात हाईवा ने कुचला, दर्दनाक मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम


सड़क जाम करते लोग।

**बालूमाथ/बारियातू।** थाना क्षेत्र के सीसीएल क्षेत्र अमरवाडीह (फुलबसिया) साइडिंग में बेकाबू अज्ञात हाईवा वाहन ने एक युवक को कुचल दिया। जिससे घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया। मृतक की पहचान अमरवाडीह निवासी ओकली गंझू उर्फ वकील गंझू 42 वर्ष पिता स्व. दशय गंझू के रूप में हुई है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुबह करीब 5 बजे जब ओकली गंझू शौच के लिए जा रहा था। तभी एक बेकाबू रफ्तार अज्ञात हाईवा ने उन्हें कुचल दिया और घटना स्थल से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने सुबह 9 बजे से अमरवाडीह उर्फ फुलबसिया साइडिंग मुख्य पथ को जाम कर दिया। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों की मांग थी की सीसीएल मृतक के परिवार को मुआवजा और परिजन को नौकरी दे। समाचार लिखे जाने तक सीसीएल के किसी भी अधिकारी ने जाम स्थल पर पहुंचकर आश्वासन नहीं दिया था। वहीं पुलिस प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए था। मृतक की पत्नी मानो देवी ने रोते बिलखते हुए कहा मेरे पति ही घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। मेरे चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। उनका अब भरण पोषण कौन करेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द उचित मुआवजा और सहायता की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त का हस्तांतरण का सीधा प्रसारण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लातेहार जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 231 किसानों ने भाग लिया इस कार्यक्रम में किसानों को प्रशिक्षण के दौरान जैविक खेती, पशुपालन, फल- फूल उत्पादन के बारे में भी जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान एवं वरीय वैज्ञानिक महेश चंद्र जेरई ने पांच किसानों को कृषि के क्षेत्र में उन्नत कार्य करने के लिए सम्मानित किया। इस दौरान किसानों के द्वारा लाए गए सब्जियों का भी प्रदर्शन किया गया जिसमें उन्नत किस्म के सब्जियों उत्पादन करने वाले किसानों को सम्मानित किया गयाब। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद मिश्रा, डॉ. एसपी कुमार, डॉ. आरती बिना इक्का एवं डॉ सुनीता कुमारी कमल ने किसानों को संबोधित किया मौके पर विनोद चौधरी, अनिल उरांव, मनोहर प्रसाद, संतोष प्रसाद, राम जन्म उरांव को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राजमणि देवी, मंगलदेव उरांव, वीरेंद्र भगत, विनोद यादव, वीरेंद्र यादव, संतोष कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, गव्य सहकारिता, मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता


बैठक में उपस्थित अधिकारी।

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग, सहकारिता, मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने उपरोक्त विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना जैसे बीज विनिमय एवं वितरण की योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, पशुधन, मत्स्य में डीएमएफटी के तहत चल रही योजना की स्तिथि, केज कल्चर की स्तिथि व प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध केसीसी का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा शत-प्रतिशत योग्य किसानों को मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना का लाभप्रदान करने का निर्देश दिया। पशुपालन एवं गव्य विकास विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच पशु वितरण सुनिश्चित करने तथा अन्य लंबित आवेदनों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित कर सभी योग्य किसान को लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने मत्स्य पदाधिकारी से केज कल्चर और डीएमएफटी के तहत चल रही योजनाओं के स्तिथि की जानकारी लेते हुए मधुआरों को रोजगार से जोड़ने के लिए केज कल्चर को बढ़ावा देने की बात कही। सहकारिता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में लैंप्सो की संख्या, गत माह तक निबंधित समितियों की संख्या, सौर ऊर्जा/विद्युत ऊर्जा चालित कोल्ड रूम की स्थिति समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक मे जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला मत्स्य पदाधिकारी स्वर्णलता मधु लकड़ा, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला गव्य विकास पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में तकनीकी सहायक व वीएलई की बैठक


बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में पंचायत तकनीकी सहायक वीएलई की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में ग्राम सभा, विशेष ग्राम सभा के तहत योजनाओं का दिनांक 28 फरवारी तक अनुमोदन करते हुए ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर प्रविष्टि करने संबंधित पुनः प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सम्बन्धित पंचायत सचिव एवं मुखिया से समन्वय कर व ससमय योजनाओ की प्रविष्टि करने हेतु निदेशित किया गया साथ ही किसी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु प्रखंड समन्वयक से सहायता प्राप्त करने हेतु निदेशित किया गया।

## मनिका प्रखंड में वार्ड सदस्य संघ के कमेटी गठन को लेकर किया गया बैठक

अध्यक्ष बने दिनेश सिंह समेत कई अन्य को सौंपी गई जिम्मेवारी


बैठक में उपस्थित लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित सिंजो पंचायत सचिवालय में वार्ड सदस्य संघ के कमेटी गठन को लेकर प्रखंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जहां पर पर्यवेक्षक के रूप में वार्ड सदस्य संघ के लातेहार प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह एवं हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष राजबली यादव मौजूद रहे। वहीं पर्यवेक्षकों के नेतृत्व में वार्ड सदस्य संघ के कमेटी गठन को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। जिसमें सभी के सहमति से प्रखंड अध्यक्ष के लिए पल्हेया पंचायत के वार्ड नंबर-9 के वार्ड सदस्य दिनेश सिंह का चयन किया गया। साथ ही उपाध्यक्ष सकुंती देवी, सचिव रामपाल उरांव, उप सचिव सकलदीप यादव, कोषाध्यक्ष रीला देवी, उपकोषाध्यक्ष शयमूल अंसारी, मीडिया प्रभारी तयअब अंसारी एवं सदस्य लीलावती देवी, बालदेव सिंह, कलावती देवी, अजीत कुमार गुप्ता और रविंद्र सिंह को बनाया गया। वहीं प्रखंड के सभी नव चयनित सदस्यों को अपने जिम्मेवारी का निर्वहन ईमानदारी एवं संघर्ष पूर्वक करने की बात कही गई। साथ ही प्रखंड कमेटी को सभी पंचायत में पंचायत स्तरीय कमेटी गठन करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर उगनी देवी, सुगनी देवी, अनीता देवी, जुलेखा बीबी, मोनिका देवी, भोलाराम, अनीता देवी, कृष्णा राम, मुनिता कुमारी, उपेंद्र उरांव, भुनेश्वर राम, कौशल्या देवी समेत कई वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## बाउंड्री वॉल से टकराई बाइक, युवक घायल



**चंदवा।** चंदवा में सड़क दुर्घटना में सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात्रि लगभग 8:30 बजे थाना क्षेत्र के सेरक-बारी-सासंग पथ अंतर्गत सेरक गांव के समीप एक तेज रफ्तार बाइक बाउंड्री वॉल से जा टकराई, जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गया, जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान चंदवा ब्लॉक कॉलोनी निवासी कुणाल पाठक व दूसरा घायल युवक की पहचान रौशन पाठक के रूप में हो रही है। विदित हो कि घायल युवक पुजारी श्रद्धानंद पाठक उर्फ रावण बाबा के पौत्र है खबर लिखे जाने तक घायल को अस्पताल लाया गया है।

## बरवाडीह में धूमधाम से मनाई गई माता सबरी की पूजा



**बरवाडीह।** सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड के छेचा, चपरी, अमाही और बहेराटाड़ समेत विभिन्न स्थानों में धूमधाम के साथ माता सबरी की पुजा आयोजित की गई। प्रखण्ड के चपरी में अखिल भारतीय भुइयां समाज के द्वारा माता सबरी की पुजा का आयोजन पुरे विधि विधान से किया गया। पुजा कार्यक्रम में स्थानीय जिप संतोषी शेखर के साथ विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रवींद्र राम समेत कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को सम्मानित करने के साथ आयोजन समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। वही दूसरी ओर अमाही, चपरी समेत अन्य स्थानों में पुजा अर्चना के साथ भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संतोषी शेखर ने कहा कि भगवान राम की कहानी और रामायण का सार माता शबरी के बिना बिल्कुल अधूरा है। माता शबरी की भक्ति को पूर्ण करने के लिए भगवान राम ने उनके जूठे बेर खाए थे जिसके जरिए भगवान राम ने भक्ति के संदेश के साथ साथ जात धर्म छुआछूत के भ्रम को दूर करने का काम किया था जिसे हम सबको भी अपनाना चाहिए। मौके पर अवधेश मेहरा, हुलास सिंह, कैलाश राम, संतोष राम, विजय राम, सिबल राम समेत काफी सख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि के मौके पर जागरण और झांकी का आयोजन

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर जागरण और भगवान शिव झांकी का आयोजन किया जायेगा। मंदिर प्रबंध समिति के संतोष अग्रवाल, विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रूप से महाशिवरात्रि का त्योहार शिव मंदिर परिसर में मनायी जायेगी। इस दौरान हजारीबाग का जागरण टीम द्वारा भव्य जागरण व अदभुत भगवान शिवजी की झांकी का मनोरम दृश्य प्रस्तुत किया जायेगा। पूरे मंदिर परिसर को विद्युत एवं फूलों से सजाई जायेगी। पूरे दिन ध्वनि विस्तार यंत्र द्वारा पूजा पाठ कराई जायेगी। महाशिवरात्रि के दिन सुबह मंदिर परिसर की साफ सफाई की जायेगी और 7 बजे सुबह से पूजा शुरू की जायेगी। संध्या 6 बजे श्रंगार, आरती व रुद्राभिषेक किया जायेगा। वहीं शाम 7 बजे महाप्रसाद वितरण की जाएगी एवं रात्रि 8 बजे जागरण का आयोजन किया जायेगा। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा इस दौरान सनातनियों को मंदिर परिसर पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण करने का अपील किया गया है।

## विद्यालय के छात्रावास में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, कोई हताहत नहीं

## खराब सुरक्षा व्यवस्थाओं की खुली पोल, अधिकारियों ने दिए जांच के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। लातेहार जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के छात्रावास में सोमवार को आग लग गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के अनुसार घटना के वक्त विद्यालय के बच्चे अपने क्लास में थे और छात्रावास में एक भी बच्चा मौजूद नहीं था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा दिन के 11 बजे के करीब शॉर्ट सर्किट से आग लगने की जानकारी दी गई है। लेकिन आग ने पलक झपकते इतना विकराल रूप ले लिया कि छात्रावास में रखे सभी समान जलकर खाक हो गए। विद्यालय की रसोईया ने छात्रावास से धुंआ उठता देख हंगामा किया। जिसके बाद विद्यालय के शिक्षकों और अन्य कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना ने खराब सुरक्षा उपायों की पोल खोल दी।

### लचर विद्युत व्यवस्थाओं को कराया जाएगा दुरुस्त : सीओ

घटना की सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी मनोज कुमार और और बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने छात्रावास पहुंच वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जहां अंचल अधिकारी ने कर्मियों को आग से हुए नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए। जिसके बाद दोनों अधिकारियों ने बरवाडीह के हेंदेहास स्थित अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय का भी जायजा लिया। जिसमें छात्रावास में की गई विद्युत वायरिंग की लचर स्थिति देखकर चिंता जाहिर की। दीवारों से झूलते विद्युत प्रवाहित वायर और बिखरे इलेक्ट्रिक तार संभावित खतरों की ओर इशारा कर रहें थे। अधिकारियों ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि भविष्य इस प्रकार की घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए उचित कदम उठाए जाएंगे और विद्यालय में लचर विद्युत व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया जाएगा।


अपने सामनों की जांच करते विद्यालय के बच्चे।

## बस के धक्के से ऑटो पलटी, दबकर युवक घायल



**चंदवा।** प्रखंड के कुजरी ग्राम निवासी सकिंदर जायसवाल पिता शंकर जायसवाल रविवार की देर शाम टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप ऑटो के धक्के से गंभीर रूप से घायल होने के बाद अचेत हो गए। अचेता अवस्था में उन्हें चंदवा सीएच सी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम मोना बस रांची से चतरा की ओर जा रही थी, पैदल सकिंदर जायसवाल अपने घर से चंदवा आ रहे थे, इसी दौरान एक ऑटो भी पहुंच गई, बस के पिछले हिस्से से ऑटो में टक्कर मारने के बाद ऑटो पलट गई, जिसमें पैदल चल रहे सकिंदर ऑटो में दब जाने के कारण घायल हो कर बेहोश हो गए। घटना के बाद बस चतरा चली गई। इधर चंदवा सीएचसी में इलाज के बाद उन्हें रांची रिम्स भेज दिया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक वह अचेतावस्था में पड़े थे। चंदवा पुलिस ने ऑटो को जप्त किया है, और बस को भी कब्जे में लेने की कवायत जारी थी।

# बोकारो: वनभोज स्थल पर किम्स यूनियन का वार्षिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** स्थानीय सिटी पार्क स्थित वनभोज स्थल पर आयोजित श्रमिक संगठन किम्स के वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम में किम्स यूनियन के महामंत्री संग्राम सिंह ने कहा कि किम्स सदा मजदूर हित में मजदूर के साथ रहती है। मजदूरों के सुख-दुख में किम्स यूनियन एक परिवार की तरह सदैव खड़ा रहता है।

सम्मेलन की अध्यक्षता किम्स के अध्यक्ष भीम सिंह ने किया। आज के द्विवार्षिक सम्मेलन सह वनभोज कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज बीके तिवारी ईडी -मानव संसाधन ईडी वित्त एवं लेखा एवं ईडी सामग्री प्रबंधन बीजीएच के विभिन्न विभागों के चिकित्सक बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इसके अलावा जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बीके चौधरी एटक के महामंत्री पीके पाण्डेय एचएमएस के रमाकांत वर्मा युवा मजदूर संघ के महामंत्री अनिरुद्ध राय ठेका श्रमिक के प्रतिनिधि और बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत बीएसएल के कर्मचारी सदस्य भी सम्मेलन में उपस्थित रहे।

मौके पर बीपी सिंह, अनिल सिंह, केके उपाध्याय, सुनील चौधरी, आरएंन मिश्रा, रंजेश सिंह, इंद्रजीत सिंह, सौरभ पटेल, पवन पाण्डेय, सुजीत राय, उमाशंकर, सीपी अग्रवाल, वाईके सिंह, राजा जनक राजीव सिंह, सुजीत राय, प्रवीण कुमार, कार्तिक राय, सिकंदर बादशाह, मधेस सिंह, शहंशाह परवेज, ललित जी, मनोज पाठक, मनोज दुबे, ओम प्रकाश सिंह, महाराज सिंह, आशुतोष झा, आशुतोष सिंह, जय सिंह कृष्णा, महतो उत्तम झा इत्यादि उपस्थित थे।

# दुमका : स्थापना दिवस समारोह मनाने को लेकर छाचेसं ने की बैठक

>> 27 फरवरी को 27वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनायेगी संगठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** छात्र चेतना संगठन जिला इकाई की बैठक स्थानीय संगठन कार्यालय में सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर महासचिव राकेश मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से 27 फरवरी स्थापना दिवस समारोह को भव्य बनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में क्षेत्रीय प्रभारी राजीव मिश्रा ने कहा कि संगठन 27 वर्षों से निरंतर राष्ट्र के युवाओं के उत्थान के लिए कार्य करते आ रही है और भविष्य में भी करते रहेगी। जाति, धर्म और लिंग भेद से ऊपर उठकर आज के वर्तमान युग में अगर कोई कार्य कर रहा है, तो वह सिर्फ छात्र चेतना संगठन है। सभी अपने राजनीतिक रोटी सेकने के लिए समाज के साथ खिलवाड़ करते है। लेकिन संगठन समाज के उत्थान के लिए निरंतर सोचती है।

मिश्रा ने बताया कि 27 फरवरी स्थापना दिवस के मौके पर झारखंड बिहार के तमाम जिलों से प्रमुख कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। स्थानीय यज्ञ मैदान में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा होगा। जहां विकसित युवा, विकसित भारत पर चर्चा होगी। स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं शहर में महान पुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए पूरे शहर में संगठन ध्वजा, तोरण द्वारा, बैनर, होर्डिंग्स लगाया जा रहा है। नगर के कार्यकर्ता बाईक रैली का आयोजन करेंगे।

स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए गुलशन गुप्ता, जयकांत यादव, श्याम राय, विवेक गुप्ता, मो आलम, करण कुमार, मार्टिन मरांडी, रसीकलाल मरांडी, देना सोरेन, आदर्श लाहा, पीयूष राज, शशि, आर्यन, रुपेश, मनोज मंडल व कार्यकर्ता जुटे।

## एक नजर में

### गोड्डा : मधुरा में महाशिवरात्रि पर दो दिवसीय विराट कुश्ती महोत्सव का आयोजन

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड के मधुरा ग्राम स्थित आजाद हिंद फौज मैदान में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर 27 एवं 28 फरवरी को दो दिवसीय विराट कुश्ती महोत्सव एवं संध्या में भक्ति कथा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन हर वर्ष क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र रहता है।मेला अध्यक्ष एवं मधुरा पंचायत के मुखिया सुधीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह करेंगे। पहले दिन श्रद्धालुओं के लिए संध्या में शिव पुराण कथा का आयोजन होगा, जहां स्थानीय एवं बाहरी कथावाचक भक्तिपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत करेंगे। दूसरे दिन होने वाले कुश्ती दंगल में देशभर के नामी पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों से प्रसिद्ध पहलवान इस महादंगल में भाग लेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। मेले में स्थानीय व्यापारियों द्वारा खाने-पीने और मनोरंजन की विशेष व्यवस्था भी की गई है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। मौके पर लाल बहादुर सिंह, मणिकांत सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ रिंकू, सनम सिंह, वीर कुंवर सिंह, रिकेश सिंह, पुरुषोत्तम साह, योगेंद्र पोद्दार, छोटेलाल सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बेरमो थाना परिसर में अखंड कीर्तन का आयोजन

**बेरमो।** बेरमो थाना परिसर के शिव मंदिर मे थानाध्यक्ष रोहित कुमार सिंह के नेतृत्व में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ। जिसमें फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सभी समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि मंगलवार को भंडारा के साथ अखंड हर कीर्तन का समापन होगा।

### बेरमो : श्री शिव शक्ति महायज्ञ संपन्न होने पर माता जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बेरमो/फुसरो।** ढोरी बस्ती सौतारडीह के श्री गणेश मंदिर में सात दिवसीय श्री श्री शिव शक्ति महायज्ञ के संपन्न होने पर रविवार की देर रात माता जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर से माता की ज्योत का गगनभेदी जयकारा लगाते हुए मां शेरावाली को समर्पित कर जागरण कार्यक्रम का आगाज किया।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : दीपक ने पास की यूजीसी नेट की परीक्षा



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र स्थित ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी स्व ललन पाठक एवं बसंती देवी के सुपुत्र दीपक कुमार पाठक ने यूजीसी नेट परीक्षा दूसरी बार उत्तीर्ण कर बेरमो कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम आने के बाद परिजनों के साथ ही साथ क्षेत्रीय लोगो मे काफी खुशी है। दीपक पाठक ने दिसंबर 2024 की यूजीसी नेट उत्तीर्ण की है। इन्होंने फरवरी 2022 मे भी यूजीसी नेट उत्तीर्ण किया था। दीपक ने एम कॉम कि पढ़ाई विनोबा भावे विवि हजारीबाग से की है। दीपक के यूजीसी नेट परीक्षा पास करने के बाद लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह की पत्नी की श्राद्ध में कई हुए शामिल



बेरमो/सीसीएल के पूर्व सीएमडी गोपाल सिंह के रांची सिथत वृंदावन, चिरौंदी, मोरहाबादी आवास में पत्नी प्रमिला सिंह की पत्नी की श्राद्ध कार्यक्रम में सीसीएल अधिकारी, जनप्रतिनिधि और मजदूर नेता हजारों की संख्या में शामिल होकर दिवगंत प्रमिला सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए और उन्हें नमन किया। बताते चले कि प्रमिला देवी की 12 फरवरी को दिल्ली में मृत्यु हो गई थी। सभी आगंतुकों का स्वागत पूर्व कोल इंडिया के अध्यक्ष गोपाल सिंह और उनके पुत्र मृगाक शेखर से करने किया। इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी निलेनदु कुमार सिंह, पूर्व जीएम आर बी सिंह, मजदूर नेता कुमार महेश सिंह, लखन लाल महतो, अभय कुमार सिंह, भाजपा नेता विनय सिंह, सुमित सिंह, राकेश सिंह सहित हजारो की संख्या मे लोग शामिल हुए।

### हत्या मामले में एक को आजीवन कारावास

दुमका। हत्या के एक आरोपी को न्यायालय ने दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सोमवार को सुनाई है। दोषी अभियुक्त जरमुंडी थाना क्षेत्र के बैगनथारा गांव निवासी कमलेश मांझी है। हलांकि अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया गया। दोषी अभियुक्त को आजीवन कारावास के साथ 10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।

### अधिवक्ता एकता के आगे सरकार को झुकना पड़ा: रंजीत गिरि



बोकारो। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि पूरे देश भर के अधिवक्ता संगठनों द्वारा किए गए संगठित आंदोलन और मजबूत विरोध के फलस्वरूप सरकार को अधिवक्ता संशोधन विधेयक वापस लेना पड़ा। यह अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता और न्याय प्रणाली की निष्पक्षता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण जीत है। मौके पर अधिवक्ता अतुल रंजन मिश्रा संजय प्रसाद दीपिका सिंह अंकित ओझा प्रेरणा पांडेय अंजनी चौधरी चंदन राज सुमन वर्मा संजीत सिंह फटीक चंद्र सिंह सुनील चांडक मो हसनैन वंशिका सहाय रीना दीप्ति विजय ओम प्रकाश अखिलेश विजयेता डेनियल राणा प्रताप इंद्रनील रामावती महीतोष अरूप पंकज संदीप रवि कुमार ने जश्न मनाया।

## दुमका : बासुकीनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारी को लेकर डीडीसी ने की बैठक, कहा

# बारात गुजरने वाली सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखें और साफ-सफाई की व्यवस्था हो बेहतर

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते डीडीसी अभिजीत सिन्हा व अन्य।

**दुमका।** महाशिवरात्रि को लेकर बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने की। बैठक में डीडीसी सिन्हा ने कहा कि 26 फरवरी को निकाले जाने वाले शिव बारात को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाये। बारात निकलने वाले पथ को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त रखा जाये। उन्होंने सभी संबंधित विभाग को अपने कार्य को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं को पूजा करने में कठिनाई नहीं हो, वे सुगमतापूर्वक पूजा-अर्चना कर सकें, इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम जरूरी दवाई के साथ उपस्थित रहेंगे। जिससे किसी भी विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके। सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान चिन्हित कर बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन वाहन एक्टिव मोड में रहे। सीसीटीवी के माध्यम से महत्वपूर्ण पॉइंट पर नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि साज-सज्जा से संबंधित सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाये। विधुत सज्जा का कार्य बेहतर ढंग से किया जाये। उन्होंने कहा कि पार्किंग के संबंध में आवश्यक साइनेज लगाए जाये। लोगों को वाहन खड़ी करने में कठिनाई नहीं हो और यातायात भी प्रभावित नहीं हो। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी एवं पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

## मंदिर के गुंबद से उतारा गया पंचशूल



पंचशूल के साथ पंडा-पुरोहित।

दुमका। सुप्रसिद्ध तीर्थस्थल बासुकीनाथ धाम में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि (सोमवार) को चार दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज पंचशूल उतारे जाने की परंपरा से हुआ। मंदिर न्यास समिति की ओर से आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में पूरे विधि-विधान से शिव-पार्वती मंदिर के गुंबद से पंचशूल पवित्र घड़ा त्रिशूल ध्वज एवं पगड़ी नीचे उतारा गया। बासुकीनाथ मंदिर के विदकारी सोखी कुंवर अपने परिजनों संग मंदिर के पवित्र गुंबद पर चढ़कर पौराणिक परंपरा का निर्वाह करते हुए पंचशूल उतारने की धार्मिक रस्म को पूरा किया। इसके साथ तमाम मंदिरों के शिखरों पर विराजमान त्रिशूलों को भी उतरा गया। इस शुभ घड़ी का दीदार करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में हर महादेव का जय घोष करते नजर आए। मौके पर पंडा, पुरोहित, मंदिर कर्मी सहित पूजा करने आए शिव भक्त मौजूद थे।

# दामोदर बचाओ आंदोलन के सदस्य डीएफओ से मिले



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** जल एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम को लेकर दामोदर बचाओ आंदोलन का एक प्रतिनिधिमंडल वन प्रमंडल पदाधिकारी रजनीश कुमार से मुलाकात किया और प्रदूषित हो रही ईजरी और दामोदर नद की सहायक नदी गरगा के विषय पर वार्ता की।

उन्होंने डीएफओ को बताया कि चास नगर निगम के आवासीय कॉलोनी के गंदे पानी को बिना ट्रीटमेंट किए ही नदी में प्रवाह किया जा रहा है जिससे नदियां प्रदूषित हो रही है। साथ ही साथ नदियों को अतिक्रमण करके आवास भी बनाये जा रहे हैं।

डीएफओ ने कहा कि हम रिपोर्ट मंगवा कर अतिक्रमण मुक्त करने का प्रयास करेंगे एवं वृक्षारोपण हेतु शीघ्र ही बैठक बुलाता हूं। प्रतिनिधिमंडल में दामोदर बचाओ आंदोलन के जिला संयोजक सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा ललित सिन्हा, शिवकुमार श्रीवास्तव, विक्रम कुमार महतो, गोपाल साह, करमचंद गोप, आशीष महतो आदि शामिल थे।

# एनसीओईए मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए रहती है संघर्षरत : भगीरथ शर्मा

## एनसीओईए (सीटू) ढ़ोरी क्षेत्र की बैठक आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो/बेरमो)।** एनसीओईए (सीटू) ढोरी क्षेत्र का मिलन समारोह सह जीबी बैठक कल्याणी स्थित रेस्ट हाऊस में आयोजित हुयी। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रिय अध्यक्ष का० चंद्रशेखर महतो तथा संचालन क्षेत्रिय सचिव कॉ० गोवर्धन रविदास ने किया। सभा में मुख्य वक्ता के रुप में सीटू जिला कार्यकारी अध्यक्ष कॉ० भागीरथ शर्मा, यूनियन के केन्द्रीय सचिव सह ढोरी क्षेत्र प्रभारी कॉ० विजय कुमार भोई, केंद्रीय उपाध्यक्ष कॉ० श्यामबिहार सिंह दिनकर एवं बीएंडके क्षेत्र अध्यक्ष कॉ० मनोज पासवान उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि एनसीओईए, सीटू का सीसीएल और सीएमपीडीआई मे बहुत बड़ा जनाधार है। हमारा यूनियन प्रबंधन एवं सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का जमकर विरोध करती है तथा मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करती है। केन्द्र सरकार चार लेबर कोड को लागू कर मजदूरों को गुलाम बना देना चाहती है। कुछ यूनियन नेता जो ठेकेदारी में लिप्त हो कर करोड़ों अरबों की कमाई कर रहे हैं। वे पिछले दरवाजे से निजीकरण का समर्थन कर रहे हैं। सीटू ऐसे लोगो और सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध करती है। नेताओं ने कहा कि सीटू मजबूत होगा तो मजदूर मजबूत होंगे। सभी परियोजनाओं में ब्रांच कमिटी का गठन किया जाए और मजदूरों की समस्याओं को चिन्हित कर प्रबंधन को मांगपत्र दिया जाए। प्रबंधन यदि मांगो पर सकारात्मक पहल नहीं करती है तो ढोरी एरिया में जोरदार प्रदर्शन आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में एएडीओसीएम के विश्वनाथ घासी, शैलेश कुमार, जितेंद्र घासी, दरोगी, राजकुमार, सूरज, विकाश, नकुल रविदास, प्रदीप महतो, सिकंदर भुइयां, रामनाथ मुर्मू, कैलाश महतो, मनोज महतो, इंद्रदेव महतो सहित कई मजदूरों ने यूनियन की सदस्यता ग्रहण किया। कार्यक्रम मे चन्द्रशेखर महतो, गोवर्धन रविदास, करमचंद बाउरी, मनसुख कालिंदी, जयदेव गोप, फूलचंद रविदास, मनोज शर्मा, बंशी रजवार, सिकन्दर भुइयां, लोकेश जी, मनोज कुमार, रामनाथ मुर्मू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बोकारो : बिस्को क्रिकेट प्रतियोगिता में बैंक ऑफ इंडिया को चैंपियन का खिताब



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बिस्को द्वारा आयोजित सेंट जेवियर्स स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय बिस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में बीओआई की टीम ने एलआईसी को 6 विकेट से हराकर बिस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट एवं बेस्ट बैट्समैन का खिताब प्रवीण सिंह बीओआई को मिला। बीओआई के बेस्ट बॉलर मिथुन एवं मुन्ना कुमार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर पीएनबी के अखिलेश कुमार को चुना गया। बेस्ट मैच कमेंट्री के लिए एसबीआई के राजीव कुमार भारद्वाज, पीएनबी के सुबोध रजक एवं जीआईसी के मनोज कुमार को पुरस्कृत किया गया। बीओआई के आंचलिक प्रबंधक अश्विनी कुमार मित्तल पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष एसएन दास उपाध्यक्ष मनोज कुमार उपस्थित रहे। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष दास ने कहा कि बिस्को निरंतर ही खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अपने सभी सदस्यों के बीच एक दूसरे को जोड़ने का काम करती रहती है। बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने सभी टीमों की खेल भावना की सराहना की। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में उप महासचिव रामाशीष सिंह विभास कुमार झा क्रीड़ा सचिव अवधेश कुमार कोषाध्यक्ष दीप नारायण सहायक महासचिव अवधेश प्रसाद राजेश कुमार ओझा विनोद कुमार सिन्हा सुबोध कुमार रजक सितारे अहमद रवि रंजन अरुण कुमार के साथ अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। टूर्नामेंट में अंपायरिंग की भूमिका में रूपेश कुमार एवं उनके सहयोगी का अहम योगदान रहा।

# बेरमो : जनता मजदूर संघ और एएडीओसीएम प्रबंधन की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र अंतर्गत एएडीओसीएम (अमलो) परियोजना कार्यालय में सोमवार को जनता मजदूर संघ ने मजदूरो की समस्या को लेकर प्रबंधन के साथ बैठक हुई। बैठक मे कर्मचारियों का नाम सेवा पुस्तिका में सुधारना, पदोन्नतियों को प्राथमिकता के आधार पर करने की आदि मांगो पर सहमति बनी है। पीओ राजीव कुमार सिंह ने सभी मांगों को प्राथमिकता के आधार पर समाधान की बात कही। पीओ श्री सिंह ने यूनियन प्रतिनिधियो से कोयला उत्पादन में सहयोग करने की अपील किया। इस अवसर पर एरिया अध्यक्ष धीरज पाण्डेय व सचिव विकास कुमार सिंह सहित नवीन श्रीवास्तव, आशीष झा, मुकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### हमारी सरकार जनता...

राज्य में झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूटए एयर एंबुलेंस सर्विस, देवघर में विमान सेवा विस्तार के अलावा गिरिडीह में रनवे विस्तार किया जा रहा है।

**खनिज संसाधन सही इस्तेमाल :** राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में 22 वृहत खनिज ब्लॉक को नीलामी के लिए तैयार किया गया है। शेष 18 ब्लॉक में से 02 ब्लॉक के टेक्निकल इवेल्युएशन का काम प्रगति पर है। साथ ही 16 ब्लॉक के नीलामी की कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि पीडीएस के तहत 25275 में से 23944 दुकानों में डिजिटल भार मापक यंत्र लगाए जा चुके हैं।

शिक्षा पर जोर : राज्यपापाल ने कहा कि सरकार ने मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत इस वर्ष 23 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। उनकी सरकार नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर बोकारो, प. सिंहभूम और दुमका में आवासीय विद्यालय खोलने जा रही है। हेल्थ सिस्टम को लेकर सरकार गंभीर है। सभी सदर अस्पतालों में डायलिसिस हो रही है। बीपीएल की डायलिसिस मुफ्त में होती है। मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत लाल, पीला और हरा कार्डधारियों को हर साल 15 लाख रुपये तक की चिकित्सा सेवा दी जा रही है।

### पूर्वी क्षेत्र ही...

ऐसे लोगों को बिहार और पूरे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। पशु चारा खानेवालों से क्या उम्मीद : पीएम मोदी लोगों को संबोधित करते हुए लालू यादव पर सियासी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं। वे किसानों की भलाई नहीं सोच सकते। उन्होंने पिछली सरकारों के लंबे कुशासन की आलोचना की, जिससे बिहार को बर्बाद और बदनाम होना पड़ा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बिहार प्राचीन समृद्ध पाटलिपुत्र जैसा गौरव फिर से हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने बिहार को बदनाम और बर्बाद कर दिया था।

किसान कल्याण को एनडीए प्रतिबद्ध : पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार किसानों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं, जिनमें गरीब, हमारे अन्नदाता किसान, हमारे नौजवान और नारी शक्ति हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर यहां नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार हो, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है। पहले जब बाढ़ आती थी, सूखा पड़ता और ओला पड़ता था, तो ये लोग किसानों को अपने हाल पर छोड़ देते थे।

**300 दिन मखाना खाता हूं : मोदी :** पीएम मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार बिहार के किसानों को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इस दौरान उन्होंने मखाना का जिक्र करते हुए कहा कि 'मैं 365 दिन में 300 दिन मखाना जरुर खाता हूं। ये सुपर फूड है, जिसे अब दुनिया के बाजारों तक पहुंचाना है। इसलिए इस वर्ष के बजट में मखाना किसानों के लिए मखाना बोर्ड बनाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा, बिहार टॉप 5 मछली उत्पादक राज्य में शामिल हो चुका है। भागलपुर की पहचान डॉल्फिन से होती रही है। यह नमामि गंगे अभियान की सफलता है।

### बाबा के पंचशूल..

ऐसे में जिला प्रशासन इसके सफल आयोजन को लेकर तैयारी में जुटा हुआ है। उपायुक्त विशाल सागर ने कहा कि पूर्व की तरह ही शिव बारात का रूट निर्धारित किया गया है। देवघर के केकेएन स्टेडियम से बाबा मंदिर तक शिव बारात निकाली जायेगी। इसके लिए रूट चार्ट भी जारी कर दिया गया है। शिव बारात के रूट में केकेएन स्टेडियम से फव्वारा चौक, राम जानकी मंदिर, बजला चौक, बजरंगी चौक, रॉय एंड कंपनी चौक, टावर चौक, आजाद चौक, बड़ा बाजार चौक, भैरव बाजार चौक, बुद्धूराम शाह चौक, एसबी राय रोड, अवंतिका, कन्या पाठशाला, फव्वाड़ा चौक, विद्यापति चौक, डोमासी, नरसिंह सिनेमा, शिक्षा सभा चौक से चांदनी चौक और फिर आखिरी पड़ाव बाबा मंदिर होगा। देर रात शहर में लाइटिंग और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी दिशा निर्देश दिये गये हैं। 26 फरवरी से पहले देवघर को पूरी तरह से सजाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि शिव बारात के दिन पूरे देवघरवासी इस मेले में हिस्सा ले सकें। सुरक्षा को लेकर जिले के एसपी ने कहा कि शिव बारात के दिन सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम कया जायेगा। बाहर के जिलों से भी अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की मांग की गयी है।

### टनल में फंसे ...

वे गुमला के पालकोट, कुम्बाटोली, घाघरा और गुमला प्रखंड के करुंदी के रहने वाले हैं। ये चारों मजदूर लंबे समय से तेलंगाना में मजदूरी करते थे। घटना के बाद जहां राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष लगातार वहां चलाए जा रहे राहत बचाव पर नजर रख रही है। वहीं एनडीआरएफ की टीम भी बचाव अभियान में जुटी है।

एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र आज से शुरू हो गया है, अभी आने वाले समय में बहुत कुछ देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र कैसा होगा इसके लिए मीडिया को बने रहने की जरूरत है। केंद्र पर बकाया राशि से केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और अन्नपूर्णा देवी के इनकार किए जाने पर मुख्यमंत्री ने संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह उनका विभाग नहीं है।

स्पीड न्यूज

## जीप और बस की भिडंत में छह लोगों की मौत, दो लोग घायल



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले के सिहोरा में आज एक जीप और बस की भिडंत में छह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले सिहोरा के खितौला थाना क्षेत्र के पहरेवा इलाके में सुबह लगभग चार बजे उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से जबलपुर की तरफ जा रही एक जीप अनियंत्रित होकर रोड डिवाडर को तोड़ते हुए एक बस से टकरा गई। बस जबलपुर से कटनी तरफ जा रही थी।

## नेतन्याहू ने न्यायाधीशों से कहा, इजराइल ऐतिहासिक मोड़ पर

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने आपराधिक मुकदमे से जुड़े न्यायाधीशों से आज कहा कि इजराइल एक ऐतिहासिक मोड़ के बीच में है। यह मोड़ देश के अस्तित्व के लिए निर्णायक है। इसलिए हफ्ते में मुकदमे की सुनवाई तीन बार न कर दो बार की जाए। उनकी तरफ से रक्षामंत्री हर सुनवाई पर अदालत में मौजूद होंगे। द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, नेतन्याहू ने कहा कि हम उन मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं जो हमारे अस्तित्व की बुनियाद हैं। परिस्थितियों में बदलाव हुआ है। इससे देश के अस्तित्व और भविष्य पर प्रभाव पड़ सकता है। शिरी, केफिर और एरियल का अंतिम संस्कार बुधवार को द टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, हमास के हाथों मारे गए बंधकों शिरी, केफिर और एरियल का अंतिम संस्कार बुधवार को होगा।

## ट्रंप ने यूएसएआईडी के 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेजा

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एक झटके में रातों-रात यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) के लगभग 1600 कर्मचारियों को छुट्टी पर भेज दिया है। यह फैसला रात 11:59 बजे से प्रभावी हो गया है। यूएसएआईडी की नोटिस के अनुसार यह फैसला मिशन के महत्वपूर्ण कार्यों, मुख्य नेतृत्व और विशेष रूप से नामित कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार नामित कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी कर्मचारियों पर लागू होगा। नोटिस में कहा गया है कि लगभग 1600 कर्मचारियों को वैश्विक स्तर पर प्रशासनिक अवकाश पर रखा जाएगा। इनके लाभों और अधिकारों के बारे में अतिरिक्त निर्देश और विशिष्ट सूचना मिलते ही साझा की जाएगी।

## सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज होगी फिल्म 'दिल तो पागल है'

यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी 'दिल तो पागल है' हिंदी सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में से एक मानी जाती है। यह फिल्म 30 अक्टूबर 1997 को रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला था। इस फिल्म में शाहरुख खान, माधुरी दीक्षित और करिश्मा कपूर की तिकड़ी नजर आई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। अब करीब 28 साल बाद यह आइकॉनिक फिल्म एक बार फिर सिनेमाघरों में रि-रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने रि-रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। फिल्म 'दिल तो पागल है' को 28 फरवरी 2025 को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज करने की घोषणा हो चुकी है। यश राज फिल्म्स ने इसकी पुष्टि करते हुए लिखा, इस हफ्ते सिनेमाघरों में फिर से रोमांस और प्यार का दौर लौट रहा है। 28 फरवरी से 'दिल तो पागल है' फिर से देखें। यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म 'दिल तो पागल है' में अक्षय कुमार ने एक कैमियो रोल निभाया था।

# महाकुम्भ में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत मिलन

## अक्षय कुमार, कैटरीना कैफ ने लगाई आस्था की डुबकी, अद्भुत व्यवस्था के लिए सीएम योगी को कहा धन्यवाद







**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन महाकुम्भ 2025 में बॉलीवुड और अध्यात्म का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज कलाकार अक्षय कुमार ने सोमवार को जहां एक ओर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त की तो वहीं एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने भी स्वामी चिदानंद सरस्वती के आश्रम में पहुंचकर सनातन संस्कृति के पावन पर्व की सुखद अनुभूति प्राप्त की। महाकुम्भ में बॉलीवुड सितारों की उपस्थिति यह दर्शार्ती है कि चाहे आप किसी भी पेशे में हों, आध्यात्मिक शांति और संतुलन अत्यंत आवश्यक है।

**अक्षय कुमार बोले-अद्भुत व्यवस्था, पुलिस और कर्मचारियों को धन्यवाद :** संगम में स्नान करने के बाद बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने कहा, 'मैंने खूब आनंद लिया। इस बार की व्यवस्था बहुत शानदार है। मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इतनी बेहतरीन व्यवस्था करवाई। 2019 के कुम्भ में लोगों को काफी दिक्कतें होती थीं, लेकिन इस बार सब कुछ बहुत सुव्यवस्थित है। अंबानी और अदानी समेत बड़े उद्योगपति, बड़े सितारे यहां आ रहे हैं, जिससे महाकुम्भ की भव्यता और बढ़ गई है। इस अवसर पर उन्होंने पुलिसकर्मियों और सफाई कर्मचारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत से ही यह आयोजन इतना सफल हो पाया है।

**कैटरीना कैफ का आध्यात्मिक अनुभव :** बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री कटरीना कैफ ने भी महाकुम्भ में आध्यात्मिक यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन शिविर में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंटवार्ता की। इस अवसर पर उन्हें भगवान शिव की मूर्ति और रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि जब बॉलीवुड जैसी लोकप्रिय इंडस्ट्री के सितारे महाकुम्भ में आते हैं, तो यह युवाओं को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करता है। यह संदेश देता है कि आध्यात्मिकता केवल साधु-संतों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न अंग हो सकती है। साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा, युवा पीढ़ी को यह समझना चाहिए कि अध्यात्म सिर्फ बुजुर्गों या साधु-संतों के लिए नहीं है। जब कटरीना कैफ जैसी अंतरराष्ट्रीय हस्तियां महाकभ में आती हैं, तो यह हमारे युवाओं को अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ने की प्रेरणा देता है।

**परिवार संग प्रयागराज पहुंचीं सोनाली बेंद्रे, पवित्र संगम में लगाई आस्था की डुबकी :** इस बीच, बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे भी अपने परिवार के साथ महाकुम्भ 2025 में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंचीं। उन्होंने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था और अध्यात्म का अनुभव किया। संगम में स्नान के बाद सोनाली बेंद्रे ने कहा कि महाकुम्भ में आकर उन्हें अपार शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने इस दिव्य आयोजन में शामिल होकर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता को और करीब से महसूस किया।

### पूरी दुनिया देख रही है महाकुंभ की भव्यता : राजेश सिन्हा



प्रयागराज में पिछले महीने से लगे महाकुंभ की भव्यता पूरी दुनिया देख रही है। झारखंड के संपादकों की टीम के साथ कुंभ पहुँचे भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेश सिन्हा ने बताया कि महाकुंभ के विशाल प्रशासनिक व्यवस्था और क्रियाकलापों से मीडिया को अवगत कराने के लिए देशभर से पत्रकारों को बुलाया जा रहा है ताकि देश और दुनिया इसकी भव्यता को देख सके।

## खुली जीप में भागलपुर जनसभा स्थल पहुंचे पीएम मोदी और सीएम नीतीश

# देश के किसानों को खुशियों की दी सौगात

## 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रु. से अधिक की वित्तीय सहायता दी

**एजेंसी**

**भागलपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को एक दिवसीय दौरे के क्रम में बिहार पहुंचे और सिल्क सिटी के रूप में चर्चित भागलपुर से देश के किसानों को खुशियों की सौगात दी। इस मौके पर मंच पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी उपस्थित रहे। भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में आयोजित पीएम किसान सम्मान समारोह में प्रधानमंत्री मोदी का प्रवेश अनोखे अंदाज में हुआ। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सजे-धजे खुले वाहन पर खड़े होकर लोगों के बीच से होते हुए मंच तक पहुंचे। इस दौरान दोनों ने समारोह में उपस्थित हजारों लोगों का अभिवादन भी स्वीकार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां से देश भर के किसानों को खुशियों की सौगात देते हुए पीएम किसान सम्मान योजना की 19वीं किश्त जारी की। इसके तहत 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता दी गई।



**और कई सौगात :** इसके अलावा, प्रधानमंत्री मोदी ने मोतिहारी में निर्मित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत विकसित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इंडिजिनस ब्रीड्स का भी उद्घाटन रिमोट के जरिए किया। बताया गया कि यह केंद्र किसानों को आधुनिक प्रजनन तकनीकों का प्रशिक्षण देगा और भारतीय नस्लों के पशुओं के प्रजनन को बढ़ावा देगा। उन्होंने बरौनी में एक दूध उत्पाद संयंत्र का भी उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य तीन लाख दूध उत्पादकों के लिए एक संगठित बाजार बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने भागलपुर में वारिसलीगंज-नवादा-तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण और इस्माइलपुर-रफीगंज रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन भी किया। इन परियोजनाओं का कुल मूल्य 526 करोड़ रुपये से अधिक है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय सिन्हा उपस्थित रहे।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को बिहार के भागलपुर में फूलों से सजे एक खुले वाहन पर सवार होकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ अपने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। मोदी अपने विशेष विमान से पूर्णिया पहुंचे और वहां से लगभग 90 किलोमीटर दूर भागलपुर के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना हुए । भागलपुर पहुंचने पर नीतीश कुमार एवं अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद भीड़ उनके लिए लगाए जा रहे नारे और अभिवादन का जवाब हाथ हिलाकर दिया।

**मंदराचल की धरती पर आना बड़ा सौभाग्य :** पीएम ने कहा महाकुंभ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था भी है, विरासत भी है और विकसित भारत का सामर्थ्य भी है। ये शहीद तिलका मांझी की धरती है और सिल्क सिटी भी है. मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, महिला और नौजवान! ठऊअ सरकार, चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है।

**नीतीश को बताया लाडला सीएम :** भागलपुर कार्यक्रम में जब पीएम मोदी ने संबोधन शुरू किया तो नीतीश कुमार और उनकी पार्टी का चेहरा खिल उठा. पीएम ने अपने संबोधन में नीतीश कुमार को 'हमारे लाडले मुख्यमंत्री' कहकर संबोधित किया, लेकिन वही नहीं कहा जिसका इंतजार नीतीश और उनकी पार्टी को था. मंच पर विराजमान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार के लोकप्रिय एवं बिहार के विकास के लिए समर्पित हमारे लाडले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी, केंद्रीय मंत्रिमंडल में मेरे सहयोगी, शिवराज सिंह चौहान, जीतनराम मांझी, गिरिराज सिंह, चिराग पासवान, राज्य के अन्य मंत्री और उपस्थित महानुभाव और मेरे प्यारे भाइयों और बहनों, मैं सबको आदरपूर्वक नमन करता हूं. महाकुंभ के समय इस धरती पर आना अपने आप में बड़ा सौभाग्य है।

### पीएम की सभा में महिलाओं की भीड़

पीएम ने असमंजस को तोड़ने का नहीं किया प्रयासः पीएम मोदी ने चुनाव और सीएम फेस को लेकर कुछ नहीं कहा, जिसके कारण एक बार फिर से राजनीतिक असमंजस की स्थिति बन सकती है। इस असमंजस की शुरूआत महाराष्ट्र में बीजेपी का चेहरा बदलने के बाद से हुई है। बार-बार इस बात की चर्चा हो रही है कि बीजेपी महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी खेला कर सकती है। इससे पहले अमित शाह ने भी बिहार में नीतीश के चेहरे पर चुनाव लड़ने के सवाल पर चुप्पी साध ली थी। उसके बाद से विपक्ष नीतीश को धोखा देने की बातें कह रहा है। अब पीएम ने चुनाव और एनडीए के सीएम फेस को लेकर स्थिति साफ नहीं की, इसको लेकर भी सियासत गरमा गई है।

### नीतीश कुमार ने जनता से मांगा समर्थन

नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में जनता से बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एक बार फिर से चुनाव का नाम लिए बगैर ही समर्थन मांगा और कहा कि इस बार भी पिछले बार की तरह कीजिएगा। तभी बिहार का और विकास होगा। हमलोग कितना विकास किए हैं। पूरे बिहार के लिए काम होगा, ये देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमलोग उनके (पीएम मोदी) नेतृत्व में ही काम कर रहे हैं। इसलिए अगली बार भी जो (विधानसभा चुनाव) होने वाला है, उसमें भी आपलोगों से यही उम्मीद करते हैं कि जैसे पहले किए थे फिर पूरे पैमाने पर सहयोग दीजिए। पीएम ने बिहार चुनाव का नहीं किया जिक्रः बता दें कि बीजेपी हमेशा से नीतीश कुमार को ही बिहार में एनडीए की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा बताती आई है। जेडीयू को उम्मीद थी कि पीएम मोदी भी मंच से इसकी घोषणा करेंगे, लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं। पीएम ने नीतीश कुमार की काम की जमकर सराहना की, लेकिन बिहार चुनाव में 2025 में एनडीए का चेहरा, घोषित नहीं किया, जिसका इंतजार पार्टी को बेसब्री से था।

## मोदीजी ने असम में लगा रखा है जुमलों का कारखाना: खरगे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि असम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के रूप में 'जुमले का कारखाना' लगा रखा है, जहां सिर्फ झूठ बोला जाता है और जुमले गढ़े जाते हैं। उन्होंने कहा कि श्री विश्व शर्मा सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है और उनके झूठ तथा भ्रष्टाचार से असम की जनता में गहरा गुस्सा है और हालात यह हो गए हैं कि अब श्री मोदी के जुमले भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं कर पा रहे हैं। अब साफ है कि पूर्वोत्तर में बदलाव तय हो गया है। श्री खरगे ने एक्स पर कहा, ह्लअसम में मोदी जी ने जुमलों का कारखाना लगाया है, जिसके कर्ता-धर्ता भाजपा के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। हाल ही में असम में कांग्रेस के नेताओं पर दोनों तरह से - राजनीतिक और शारीरिक रूप से हमले किये गए हैं। इन हमलों का जवाब जनता एक वर्ष बाद कांग्रेस की सरकार बनवा कर देगी। उन्होंने कहा, असम राज्य, भाजपा के भू-माफि या द्वारा भ्रष्टाचार, नफरत और कुशासन का परिणाम झेल रहा है। युवाओं की बेरोजगारी, चाय बगान के कर्मियों की लाचारी, गैरकानूनी विदेशियों के मुद्दों पर माननीय सुप्रीम कोर्ट की लताड़ और भाजपाई दोगलापन जगजाहिर है। विकास के हर पैमाने पर और आर्थिक दृष्टि से राज्य पिछड़ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, असम के 3.5 करोड़ लोग बेहद आक्रोशित हैं।

## रेलवे ने पांच अनारक्षित ट्रेनें चलाईं, टिकट बिक्री की निगरानी प्रति घंटा की गई

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** शनिवार शाम को रेलवे ने नई दिल्ली स्टेशन से प्रयाग के लिए 5 अनारक्षित ट्रेनें चलाईं, जिससे सप्ताहांत में बढ़ती भीड़ को संभालने में मदद मिली। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सीआरबी और उत्तर रेलवे ,उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधकों को भीड़ और टिकट बिक्री की निगरानी करने के निर्देश दिए। वास्तविक समय की निगरानी के आधार पर, उत्तर रेलवे ने विशेष ट्रेनें चलाईं। इसी तरह, उत्तर मध्य रेलवे और उत्तर पूर्व रेलवे ने प्रयागराज, झूसी और नैनी से भी विशेष ट्रेनें चलाईं। टिकट बिक्री और भीड़ की सतत निगरानी उच्च स्तर पर की जा रही है। शनिवार शाम के दौरान, प्रयागराज के लिए टिकटों की बिक्री सामान्य से अधिक रही। 18:00 से 19:00 बजे के बीच 2375 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 0470 ने 19:00 बजे प्रस्थान किया। 19:00 से 20:00 बजे के बीच 2950 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन



संख्या 04074 ने 20:00 बजे प्रस्थान किया। 20:00 से 21:00 बजे के बीच 3429 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04080 ने 20:58 बजे प्रस्थान किया। 21:00 से 22:00 बजे के बीच 2662 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04082 ने 21:58 बजे प्रस्थान किया। 22:00 से 23:00 बजे के बीच 1689 टिकट बिके, जिसके बाद ट्रेन संख्या 04084 ने 23:15 बजे प्रस्थान किया। प्रयाग में महाकुंभ 2025 के लिए बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की यात्रा को देखते हुए ट्रेन सेवाओं में वृद्धि की गई। भारतीय रेलवे महाकुंभ में आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध कराने का निरंतर प्रयास कर रहा है।

## भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र पांच वर्ष में 350 अरब डालर पहुंचने की उम्मीद : राजनाथ

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300 से 350 अरब डालर तक पहुंचने की उम्मीद है। श्री सिंह ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 16 वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए कहा, ह्लभारत का प्रौद्योगिकी सेक्टर बढ़ रहा है और अगले पांच वर्षों में इसके 300-350 अमेरिकी बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सवा लाख से अधिक स्टार्ट-अप और 110 यूनिकॉर्न के साथ, हमारा देश दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन रहा है। उन्होंने छात्रों को विकास और अवसर के इस दौर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे न केवल भारत की प्रौद्योगिकी प्रगति में योगदान दें, बल्कि अनुसंधान और



विकास के प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर नेतृत्व भी करें। श्री सिंह ने प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने में नवाचार और ज्ञान सृजन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उद्यमशीलता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व का भी उल्लेख किया। इससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ सकेगा। उन्होंने भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति को आकार देने में संस्थान के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की। उन्होंने नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने में आईआईटी मंडी की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में वैश्विक नेता के रूप में भारत की बढ़ती प्रमुखता पर जोर दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में श्री सिंह ने आईआईटी मंडी से रक्षा-संबंधी प्रौद्योगिकियों में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने डीआरडीओ के साथ मौजूदा सहयोग की सराहना की और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) संचालित युद्ध, स्वदेशी एआई चिप विकास, साइबर सुरक्षा और क्वांटम प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में और अधिक योगदान देने का आह्वान किया। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में भारत की प्रगति का भी जिक्र किया और कहा, ह्ल भारत ने गोला-बारूद उत्पादन में 88 प्रतिशत आत्मनिर्भरता हासिल कर ली है और 2023-24 में रक्षा निर्यात लगभग 23,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है।

